वर्ष : 16 अंक : 204 लखनऊ शनिवार, 27 जुलाई 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मौसम

सूर्योदय : 05:27
सूर्यास्त : 06:53
अधिकतम : 34:00°
न्यूनतम : 28:00°



मेरा बजट इतना नहीं है कि मैं लोगों से अपनी तारीफ करवाऊं : जान्हवी 10

बातचीत से ही खुलेंगी किसान आन्दोलन... 6 | ठेका से बेची जा रही थी मिलावटी शराब 7 | भारतीय जवानों का लोहा पूरी दुनिया... 12

## नेमप्लेट पर रोक के आदेश की अवधि बढ़ी

### स्वेच्छा से नाम लिखने की अनुमति, यूपी सरकार ने दाखिल किया जवाब

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्गो पर खाद्य पदार्थों के विक्रेता, होटल मालिकों को अपने और अपने यहां काम करने वाले अन्य कर्मचारियों के नाम सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश पुलिस समेत अन्य के आदेश पर रोक शुक्रवार को पांच अगस्त तक बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने 'नाम' प्रदर्शित करने के आदेशों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रोक बढ़ाने संबंधी आदेश पारित करते हुए कहा कि यदि कोई स्वैच्छिक रूप नाम प्रदर्शित करना चाहे, तो ऐसा कर सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि पिछला आदेश (22 जुलाई) किसी को भी मालिकों और कर्मचारियों के नाम स्वेच्छा से प्रदर्शित करने से नहीं रोकता है। पीठ ने कहा, 'अगर कोई स्वेच्छा से ऐसा करना चाहता है तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन कोई जोर नहीं देना चाहिए।'

शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के



एसएसपी द्वारा 17 जुलाई को जारी निर्देश का बचाव करने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के जवाबी हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। सिंघवी ने दलील देते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वीकार किया है कि भेदभाव हुआ है, लेकिन यह स्थायी प्रकृति का नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 60 वर्षों में ऐसा कोई आदेश नहीं दिया गया था।

शीर्ष अदालत के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि केंद्रीय कानून खाद्य एवं सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमों के अनुसार ढाबों सहित प्रत्येक खाद्य विक्रेता को मालिकों के नाम प्रदर्शित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रोक संबंधी अंतरिम आदेश इस केंद्रीय कानून के अनुरूप नहीं है। उनकी इस दलील पर अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि यदि ऐसा है तो इसे पूरे राज्य में क्यों नहीं लागू किया गया। शीर्ष अदालत ने सोमवार 22 जुलाई को नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक लगाते हुए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को अगली सुनवाई 26 जुलाई से पहले अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। पीठ ने अपने आदेश में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को कांवड़ यात्रियों के मार्ग में पड़ने वाले होटल, दुकानों, भोजनालयों और ढाबों के मालिकों और वहां कार्यरत कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देशों को लागू करने पर रोक लगा दी थी।

# छद्म युद्ध में भी मिलेगा मुंहतोड़ जवाब

## आतंकवाद के आका पाकिस्तान को बताना चाहता हूं कि हम पूरी तरह हैं तैयार

### द्रास पहुंच कर पीएम मोदी ने कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**कारगिल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि पाकिस्तान ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है तथा वह आतंकवाद एवं छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

पीएम मोदी ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर द्रास में युद्ध स्मारक पर सेवारत और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, 'पाकिस्तान हमेशा अतीत में विफल रहा हैं, लेकिन उसने अपने अतीत से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।' इससे पहले प्रधानमंत्री ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और 1999 में युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

वर्ष 1999 के करगिल युद्ध के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने न केवल कारगिल युद्ध जीता बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना अविश्वसनीय चेहरा दिखाया। लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।' मोदी ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस और उसके विपक्षी सहयोगियों पर भी कटाक्ष किया और उन पर इसका



राजनीतिरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर दिया कि सेना में अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना और युद्ध के लिए उन्हें फिट रखना है। कांग्रेस पर परोक्ष हमला करते हुए उन्होंने कहा, 'कुछ लोग सोचते थे कि सेना का मतलब राजनेताओं को सलामी देना और परेड करना है, लेकिन हमारे लिए सेना का मतलब 140 करोड़ देशवासियों की आस्था है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना है, सेना को लगातार युद्ध के लिए फिट रखना है। दुर्भाग्य से, कुछ लोगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ऐसे संवेदनशील मुद्दे को राजनीति का विषय बना दिया है। ये वही लोग हैं जिन्होंने हजारों करोड़ के घोटाले करके हमारी सेना को कमजोर किया है।'

प्रधानमंत्री ने किसी विपक्षी दल का नाम लिए बिना कहा कि ये वही लोग हैं जो चाहते थे कि भारतीय वायुसेना को कभी आधुनिक लड़ाकू विमान न मिले। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने तेजस लड़ाकू विमान को खत्म करने की तैयारी कर ली थी। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना देश को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन लागत बचाने के लिए अग्निपथ योजना लेकर आयी है। उन्होंने कहा, 'आज भर्ती होने वाले सैनिकों पर पेंशन का बोझ 30 साल बाद आयेगा, इसलिए इस योजना के पीछे यह कारण नहीं हो सकता। हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिये गये इस फैसले का सम्मान किया है क्योंकि हमारे लिए देश की सुरक्षा राजनीति से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इन लोगों ने वन रैंक वन पेंशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए और इस मामले में झूठ बोला। हमारी सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन लागू की और पूर्व सैनिकों को 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिये। ये वही लोग हैं जिन्होंने आजादी के सात दशक बाद भी शहीदों के लिए युद्ध स्मारक नहीं बनवाया।

सीमा पर तैनात हमारे सैनिकों को पर्याप्त बुलेटप्रूफ जैकेट नहीं दिए और कारगिल विजय दिवस की अनदेखी करते रहे।' प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'कुछ ही दिनों में 05 अगस्त को अनुच्छेद 370 को समाप्त हुए पांच साल हो जायेंगे। जम्मू कश्मीर एक नये भविष्य की बात कर रहा है। बड़े सपनों की बात कर रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है।'

## यूपी समेत पांच राज्यों में अग्निवीरों को कोटा

### उत्तराखंड, मप्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों ने भी किया ऐलान

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अग्निवीर योजना पर जारी विवाद के बीच कारगिल विजय दिवस पर उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों की बीजेपी सरकारों ने अग्निवीरों को तोहफा दिया है। यूपी, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में अग्निवीर की नौकरी करके आए युवाओं को पुलिस भर्तियों में दस फीसदी का आरक्षण दिए जाने की घोषणा की गई है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत पांचों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसकी जानकारी दी। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब अग्निवीर अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे, तो उत्तर प्रदेश सरकार इन युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर पुलिस सेवा, पीएसी में समायोजन की सुविधा प्रदान करेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस में उनके लिए एक निश्चित आरक्षण सुविधा प्रदान की जाएगी। अग्निवीर योजना को केंद्र सरकार ने कुछ साल पहले शुरू किया था, जिसके तहत युवा भारतीय सेना में चार सालों के लिए चुने जाते हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष लगातार अग्निवीर योजना को रद करने की मांग पर अड़ा हुआ है। यूपी के अलावा, मध्य प्रदेश में भी अग्निवीरों के लिए आरक्षण की घोषणा की गई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को कोटा प्रदान करेगी। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने संवाददाताओं से कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुसार मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को आरक्षण देने का फैसला किया है। अग्निवीर योजना वास्तव में न केवल सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और सक्षम जवानों की भर्ती करने का प्रयास है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर युवा बनाने का भी प्रयास है।' उन्होंने कहा, 'हम इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं के साथ चलेंगे।' छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार पुलिस कांस्टेबल और वन रक्षकों सहित अन्य पदों की भर्ती में राज्य के अग्निवीरों को आरक्षण प्रदान करेगी।

#### गुमराह करने की कोशिश कर रहा विपक्ष: योगी

अग्निवीर योजना पर चल रहे विवाद के बीच सीएम योगी ने कहा, 'अग्निवीर योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे सशस्त्र बल इन सुधारों के साथ आगे बढ़ सकें। युवाओं में उत्साह है। अग्निपथ योजना के तहत दस लाख अग्निवीर सेवा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।' यूपी सीएम ने देश की कीमत पर सुधार और प्रगति में बाधा डालने के लिए कुछ राजनीतिक दलों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल, जिनके लिए राजनीति देश से अधिक महत्वपूर्ण है, देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। उनका काम सुधार, प्रगति और समृद्धि से जुड़ी हर चीज में बाधा डालना है। वे ऐसा लगातार करते हैं। विपक्ष ने इस मामले पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की। मेरा मानना है कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए और इन सशस्त्र बलों के सुधारों को जारी रखना चाहिए।'

## राहुल ने कोर्ट में कहा- मैं निर्दोष हूं, यह साजिश है

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुल्तानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह मानहानि केस में कोर्ट में राहुल गांधी ने आज बयान दर्ज कराए। जज से कहा- मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं। राहुल गांधी शुक्रवार सुबह 11 बजकर 3 मिनट पर कोर्ट में गए और 11:19 बजे कोर्ट से बाहर आ गए। राहुल करीब 16 मिनट तक कोर्ट रूम में रहे। इसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

राहुल गांधी के वकील काशी शुक्ला ने कहा- संसद सत्र चल रहा है, इसके बावजूद राहुल गांधी सुल्तानपुर कोर्ट आए। यहां पर राहुल गांधी ने अपना बयान दर्ज कराया। मुकदमे में अगली सुनवाई 12 अगस्त की है। जज के सामने राहुल गांधी ने खुद को निर्दोष बताया। राहुल गांधी के पहुंचने से पहले सुल्तानपुर कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। राहुल की पेशी से पहले सुल्तानपुर कोर्ट के वकील नाराज हो गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव ने हड़ताल का ऐलान कर दिया। उन्होंने एक पत्र जारी किया। इसमें लिखा कि राहुल की पेशी के चलते जगह-जगह सुरक्षा बैरिकेडिंग की गई है। इसलिए वकील कोर्ट नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसलिए कार्य बहिष्कार किया जाता है। राहुल के पहुंचने से पहले कोर्ट में जबरदस्त भीड़ हो गई। राहुल को बीच में करके सुरक्षाकर्मी अंदर ले गए। राहुल के अंदर जाते ही सुरक्षा के चलते कोर्ट रूम का गेट बंद कर दिया गया।

राहुल के खिलाफ भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में मानहानि का केस दर्ज कराया था। दिसंबर 2023 में इस मामले में राहुल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था, जिस पर राहुल ने 20 फरवरी को कोर्ट में सरेंडर करके जमानत कराई थी।

#### जब राहुल करने लगे चप्पल की सिलाई

**सुल्तानपुर/लखनऊ।** राहुल गांधी गृहमंत्री अमित शाह मानहानि केस में शुक्रवार को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचे। लौटते वक्त राहुल ने अचानक अपना काफिला एक मोची की दुकान पर रुकवा लिया। गाड़ी से उतरकर राहुल मोची राम चैत की दुकान पर पहुंचे। चप्पल की सिलाई की। उनसे पूछा कि जूते कैसे बनाते हो। करीब 5 मिनट तक राम चैत से बातचीत के बाद राहुल वहां से निकल गए। राम चैत ने राहुल से कहा–मैं गरीब हूं। थोड़ी मदद कीजिए। राहुल ने नीट छात्र से भी मुलाकात की। कहा कि पेपर लीक होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।



## नीट के टॉपर्स 61 से घटकर अब सिर्फ 17

### फिजिक्स के एक सवाल की वजह से 4.2 लाख स्टूटेंट्स की रैंक बदली

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शुक्रवार, 26 जुलाई को नीट-यूजी -2024 का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया। इससे 4.2 लाख स्टूडेंट्स की रैंक बदल गई। वहीं टॉपर्स की संख्या 61 से घटकर 17 हो गई।

ऐसा फिजिक्स के एक सवाल की वजह से हुआ। एग्जाम में इस सवाल के 2 विकल्प सही थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एक समिति बनाकर इसका एक विकल्प चुनने को कहा था। साथ ही एनटीए को रिवाइज्ड रिजल्ट जारी करने को कहा था। 4 जून को जारी रिजल्ट में टॉपर्स की संख्या 67 थी। लेकिन ग्रेस मार्क्स विवाद के बाद हुए एग्जाम में 6 टॉपर्स कम हो गए थे। यह परीक्षा 5 मई को देश भर के 571 शहरों में 4,750 सेंटर्स पर हुई थी। 24 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स शामिल हुए थे।

नीट मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम में फिजिक्स के 2




सही ऑप्शन वाले क्वेश्चन नंबर 19 की जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि 2 सही ऑप्शन देने से 44 स्टूडेंट्स को बोनस मार्क्स मिले और 4.2 लाख कैंडिडेट्स को नुकसान हुआ है। इस पर आईआईटी दिल्ली के एक्सपर्ट्स की राय लें। कोर्ट ने आदेश दिया था कि आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर 2 जवाबों वाले सवाल की जांच के लिए एक 3 मेंबर्स की एक्सपर्ट कमेटी बनाएं। एक्सपर्ट टीम उनमें से एक सही ऑप्शन चुनकर मंगलवार, 23 जुलाई को 12 बजे तक रजिस्ट्रार को अपनी राय भेजें। सुप्रीम कोर्ट ने 23 जुलाई को नीट की परीक्षा दोबारा कराने से इनकार कर दिया था। सीजेआई ने कहा था कि पूरी परीक्षा में गड़बड़ी होने के पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। नीच एग्जाम में गड़बड़ी, पेपर लीक से जुड़ी 40 याचिकाओं पर पांच सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था, 'अगर जांच के दौरान कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में उसे एडमिशन नहीं मिलेगा।'

नीट के जरिए ही देश के तमाम मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमस, बीएचएमस, बीयूएमस और अन्य विभिन्न अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला होता है। इसके अलावा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस के लिए भी अभ्यर्थी नीट यूजी परीक्षा के मार्क्स के जरिए आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे। नीट का आयोजन देश भर में 5 मई 2024 को पेन पेपर मोड में किया गया था।

## संवैधानिक प्रमुख हूं, जिम्मेदारी से कैसे पीछे हट जाऊं? : पुरोहित

विश्ववार्ता ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने राज्य के सीमावर्ती जिलों के अपने दौरों पर मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा जताई गई आपत्ति पर पलटवार किया है। गवर्नर पुरोहित ने कहा कि वह पंजाब जैसे सीमावर्ती राज्य के राज्यपाल हैं और संवैधानिक प्रमुख होने के नाते अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हट सकते। सीमा पार से आ रही ड्रग्स को बेहद गंभीर मामला बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने हर दौरे की रिपोर्ट वह राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को भेजते हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कल राज्यपाल के दौरों पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद राज्यपाल ने शुक्रवार शाम 4 बजे मीडिया कर्मियों को बुलाया, तब यही चर्चा थी कि वह मान पर कोई बड़ा हमला करेंगे लेकिन मुख्यमंत्री पर सीधे हमले से बचते हुए उन्होंने कई मामलों में मुख्यमंत्री की सराहना भी की। राज्यपाल



पुरोहित ने कहा कि मेरे दौरों पर मुख्यमंत्री को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मैं कोई चुनाव प्रचार नहीं कर रहा और न ही मुझे चुनाव लड़ना है। मैं राज्य सरकार के काम को भी बाधित नहीं करता। मेरे साथ केवल मुख्य सचिव और डीजीपी चंडीगढ़ से जाते हैं और जिस जिले में वह जाते हैं, वहां के डीसी और एसएसपी समेत 5-7 अफसर ही होते हैं। राज्यपाल ने बताया कि सीमा पर ड्रोन के जरिए आ रही ड्रग्स की समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने एंटी ड्रोन दिए हैं, जिससे अच्छे नतीजे सामने आए हैं। हालांकि अब तक केवल 25 प्रतिशत सीमावर्ती क्षेत्र को ही यह एंटी ड्रोन कवर कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में पैसेंजर ट्रेन हादसे की शिकार

**कांकेर/बालोद।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बालोद के दल्ली राजहरा से भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्ग, रायपुर तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर गिरे बरगद के पेड़ से टकरा गई। हादसे में ट्रेन के पायलट को हल्की चोटें आई हैं। घटना भानुप्रतापपुर के मुल्ले कैंप के पास की है। ट्रेन के घायल लोको पायलट का नाम पवन कुमार टंडन बताया जा रहा है। पायलट को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि पैसेंजर की अधिकतर बोगियां खाली थी, जिससे ट्रेन में कुछ ही यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक ट्रेन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जोर की थी कि इंजन के दोनों पहिए ट्रैक से नीचे उतर गए, जिसके चलते ट्रेन ट्रैक पर ही फंसी रही। बताया जा रहा है कि करीब 4 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद इंजन को पटरी पर चढ़ाया गया।

### विधेयक मंजूरी में देरी पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर संबंधित राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को शुक्रवार को नोटिस जारी कर उन्हें तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आज दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित किया। केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

उपलब्धि — यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की दिल्ली में 46वीं बैठक के दौरान दी गयी स्वीकृति

## असम में अहोम राजवंश का समाधि स्थल 'मोइदम' बना विश्व धरोहर

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** असम के चराइदेव जिले में स्थित प्राचीन अहोम राजवंश के टीले वाले समाधि-स्थल 'मोइदम' को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।

यह घोषणा यहां चल रही यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की 46वीं बैठक के दौरान शुक्रवार को की गई। असम की 'मोइदम' भारत की 43वीं संपत्ति है, जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहरों की सूची में स्थान मिला है। असम की दो और सम्पत्तियों काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और मानस वन्यजीव अभयारण्य को इससे पहले 1985 में प्राकृतिक श्रेणी की विश्व धरोहरों में शामिल किया गया था। असम का 'मोइदम विशाल वास्तुकला का एक अद्भुत उदाहरण है। यह वास्तुशिल्प की दृष्टि से मिस्र में फिरौन के पिरामिडों और चीन में प्राचीन शाही कब्रों की ही तरह विलक्षण धरोहर है। ऐसी धरोहरों को यूनेस्को की सूची में शामिल करने का उद्देश्य प्राकृतिक और मिश्रित संपत्तियों को उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य के आधार पर संरक्षित करना और इसे बढ़ावा देना है। इस सूची में 195 देशों की सम्पत्तियां शामिल हैं।

भारत 2021-25 के लिए विश्व धरोहर समिति का सदस्य चुना गया है। वर्ष 1972 में यूनेस्को के विश्व धरोहर सम्मेलन में शुरू होने के बाद पहली बार यह सम्मेलन भारत में आयोजित किया गया है। विश्व धरोहर समिति के 46वां सत्र का 21 जुलाई को नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन किया था। सम्मेलन 31 जुलाई तक चलेगा। इस बैठक में 150 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो यूनेस्को विश्व धरोहर सम्मेलन के हस्ताक्षरकर्ता हैं और



जिन्होंने धरोहरों के संरक्षण के संकल्पों के प्रति उत्तरदायित्व स्वीकार किया है।

'मोइदम' को यूनेस्को के विश्व धरोहर में शामिल करने की घोषणा के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इससे दुनिया भर में इस प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 700 साल पुरानी चराइदेव में अहोम राजवंश के मृत लोगों को समाधि देने की इस अनूठी प्रणाली असम और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत नमूना है। शेखावत ने कहा कि 'मोइदम' को वैश्विक मान्यता दिलाने का नेतृत्व प्रधानमंत्री ने किया। उन्होंने इस इस सम्पत्ति को 2023 में यूनेस्को की समिति में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में दर्ज कराया था । उन्होंने कहा कि यह नामांकन मोइदम्स के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करता है। यह विश्व धरोहर सूची में शामिल होने वाला भारत का सांस्कृतिक विरासत स्थल और पूर्वोत्तर भारत का तीसरा समग्र स्थल बन गया है। मंत्री ने कहा कि इस तरह भारत ने पिछले एक दशक में अपनी 13 सांस्कृतिक धरोहरों को विश्व धरोहरों की यूनेस्को की सूची में शामिल करवाने में सफल हुआ है और इस सूची में सबसे अधिक विश्व धरोहर रखने वाले देशों में छठे स्थान पहुंच गया है।

उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मान्यता नए भारत के विश्व मंच पर भारत की विरासत को उजागर करने के अथक प्रयास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह मान्यता इन ऐतिहासिक खजानों के संरक्षण में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और असम सरकार के प्रयासों को रेखांकित करती है। शेखावत ने कहा कि ऐसे स्मारकों के संरक्षण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन स्थलों का दौरा करके और उनका समर्थन करके हम उनके संरक्षण और भारत के समृद्ध और विविध इतिहास की व्यापक कहानी में योगदान देते हैं। गौरतलब है कि पूर्वोत्तर भारत में ताई-अहोम द्वारा निर्मित शाही टीला दफन स्थल मोइदम पूर्वी असम में पटकाई पर्वतमाला की तलहटी में स्थित है। इन दफन टीलों को ताई-अहोम द्वारा पवित्र माना जाता है और ये उनकी अनूठी अंत्येष्टि प्रथाओं को दर्शाते हैं।

### पेरिस ओलम्पिक में लगे फिलस्तीन समर्थक नारे

**नयी दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में शुक्रवार से ओलंपिक खेलों का रंगारंग आगाज होने जा रहा है। भारतीय समयानुसार रात 11.30 बजे उद्घाटन समारोह राजधानी पेरिस की सीन नदी के किनारे भव्य परेड के साथ होगा।

इसके लिए 80 से ज्यादा बड़ी-बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई गईं हैं। समारोह में जैसे ही इजरायल की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम भाग लेने पहुंची, वहां मौजूद दर्शकों ने इजरायल का राष्ट्रगीत गाकर उसका स्वागत किया लेकिन थोड़ी ही देर में मुस्लिम बहुल देश फिलिस्तीन के पक्ष में नारे लगने लगे और वहां फिलिस्तीन को आजाद करो के नारे गूंजने लगे। एक दिन पहले भी, जब फिलिस्तीन का ओलंपिक दल पेरिस पहुंचा तो लोगों ने तालियों और तोहफों के साथ उनका स्वागत किया था। खिलाड़ियों पर फूल भी बरसाए गए थे।

# सांसदों, विधायकों और एमएलसी से मिले सीएम योगी

## बीते 20 दिन में प्रदेश के 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों संग मुख्यमंत्री ने की विस्तार से समीक्षा बैठक

- लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद सीएम ने बीजेपी व एनडीए के जनप्रतिनिधियों संग की बैठक
- शुक्रवार को सबसे आखिर में लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात
- मंडलों में जाकर व अपने सरकारी आवास पर सीएम ने की जनप्रतिनिधियों संग गहन मंत्रणा



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों संग लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर विस्तार से समीक्षा बैठक पूरी कर ली है। तकरीबन 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदगण, विधायकगण और एमएलसी सीएम के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं और जन अपेक्षाओं को लेकर उपस्थित हुए।

वहीं मुख्यमंत्री ने भी सभी जनप्रतिनिधियों को धैयपूर्वक सुनते हुए तथा उनकी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय विकास की नई रणनीति तैयार की जाए। 7 जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से शुरू हुई मंडलवार समीक्षा बैठक शुक्रवार को लखनऊ मंडल के साथ समाप्त हो गई है। मंडलवार बैठक में पहुंचने वाले जनप्रतिनिधिगणों ने खुलकर अपनी बात कही है। वहीं मुख्यमंत्री ने भी विस्तार से भी की बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया। सीएम योगी ने संवाद, सक्रियता और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक फोकस करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि सभी जनप्रतिनिधिगण अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को जनता तक जरूर पहुंचाएं।

इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क लगातार बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे अफवाहों और सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने के प्रयास का मुखर होकर विरोध करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए विपक्ष के हर झूठ को बेनकाब करें और जनता के बीच सच लेकर जाएं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में युवाओं और महिला संगठनों से संपर्क और संवाद स्थापित करें। युवाओं को बताएं कि बिना किसी रिश्वत और जाति, मत, मजहब के भेद के निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरियां प्रदान की जा रही है। ऐसे युवाओं से संपर्क स्थापित करें जिन्हें बिना भेदभाव और रिश्वत के नौकरियां मिली हैं। इसके साथ ही अपने अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों से भी लगातार संपर्क बनाए रखें।

मुख्यमंत्री ने इसके अलावा सभी जनप्रतिनिधियों को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जुटने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है इस लोकसभा चुनाव में आपके क्षेत्र में हुए मतदान का बारीकी से एनालिसिस करें और इसी के आधार पर अपनी कार्ययोजना तैयार करें। सीएम योगी ने सभी जनप्रतिनिधियों को यह भी कहा कि शासन के लोककल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने में कोई भी अधिकारी हीलाहवाली करे तो उसकी लिखित शिकायत करें, कार्रवाई निश्चित की जाएगी।

# राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2024 की रात्रि 12 बजे तक

**लखनऊ।** सत्र 2024-25 के लिए राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। यह आवेदन आईटीआई में नियमित चलने वाले कोर्स तथा टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित 149 राजकीय संस्थानों में 11 दीर्घकालीन व्यवसायों के प्रशिक्षण सत्र के लिए किया जा सकता है, जो अगस्त 2024 से प्रारंभ होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट http://www.scvtup.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें आईटीआई के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये युवाओं के पास विभिन्न कोर्सेस में हुनरमंद होने का अवसर है।

### ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार की त्रुटियों के संशोधन हेतु अभ्यर्थियों को 2 दिन (48 घंटे) का समय दिया जाएगा। प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु अभ्यर्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता अनुसार किसी भी भाग को प्रिंट कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2024 की रात्रि 12 बजे तक है। पंजीकरण शुल्कः सामान्य और पिछड़ा वर्गः 250 रुपए। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातिः 150 रुपए।

# सपा मुख्यालय में की गयी संविधान मान स्तम्भ की स्थापना

» आरक्षण अधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम, अखिलेश बोले- लोगों को जोड़ने का किया जाएगा काम



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज आरक्षण अधिकार दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम में संविधान मान स्तम्भ की स्थापना की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी जिला एवं महानगर कार्यालयों में भी आज संविधान मान स्तम्भ की स्थापना के कार्यक्रम होंगे।

संविधान मान स्तम्भ का अनावरण करने के पश्चात अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान मान स्तम्भ में स्थापित भारत का संविधान पीडीए प्रकाश स्तम्भ के रूप में हमारे लिए सदैव सामाजिक न्याय का मार्ग प्रकाशित और प्रशस्त करता रहेगा। श्री यादव ने इस अवसर पर कहा कि समाजवाद का नाम इकलौती समाजवादी पार्टी में जुड़ा है। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने आज के दिन कारगिल के शहीदों का भी स्मरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। अखिलेश यादव ने कहा कि आरक्षण अधिकार दिवस को समाजवादी पार्टी ने संविधान मान स्तम्भ के स्थापना दिवस के रूप में मनाने का विनम्र निर्णय लिया है क्योंकि 26 जुलाई सन् 1902 को महात्मा ज्योतिराव फुले द्वारा संकल्पित आरक्षण को कोल्हापुर के श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति साहूजी महाराज जी ने अपने राज्य में लागू करके आरक्षण का शुभारम्भ किया था। उनका उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था।

श्री यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की भावना को आरक्षण के रूप में इसी दिन अमल में लाया गया था जो आगे चलकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सद्प्रयासों से हमारे संविधान में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का मूल आधार बना और देश के लोकतंत्र की स्थापना का मूल सिद्धांत बना। उनका उद्देश्य हजारों सालों से प्रतिनिधित्व वंचित लोगों को राजनीतिक जमात बनाने हेतु उनमें से ही प्रशासक वर्ग निर्माण करना था। आज भाजपा सरकार निजीकरण करके, नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है। यह सरकार युवाओं को नौकरियां भी सिर्फ इसलिए नहीं दे रही है जिससे कहीं आरक्षण न देना पड़ जाए और दलित, पिछड़े, वंचितों को उनका हक न मिल पाए। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का मानना है कि जाति के आधार पर जनगणना हो ताकि समानुपातिक आधार पर सबको सम्मान और हक हासिल हो सके। डॉ. राममनोहर लोहिया ने सबके विकास के लिए पिछड़ों को विशेष अवसर दिए जाने की मांग उठाई थी।

संविधान और आरक्षण खत्म करने का खतरा अभी टला नहीं है। जनता के संकल्पित प्रयास से संविधान विरोधियों को मात देने का सिलसिला रुकने वाला नहीं। हम सब लामबंद होकर नफरत का खेल खेलने वालों को सफल नहीं होने देंगे। अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का वैचारिक संघर्ष जारी रहेगा। समाजवादी लोग पीडीए की लड़ाई अनवरत जारी रखेंगे। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष, प्रो. बी. पाण्डेय राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, सी.एल. वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, चन्द्रपाल यादव पूर्व सांसद, कैसरजहां पूर्व सांसद, रविदास मेहरोत्रा विधायक, आशु मलिक विधायक, मनोज पासवान विधायक, जासमीर अंसारी एमएलसी, अनिल प्रधान, असलम चौधरी पूर्व विधायक सहित आईपी सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप, उदयवीर सिंह, रामवृक्ष सिंह यादव, डॉ. राम करन निर्मल, इं. विनीत कुशवाहा, अनीस राजा, अरविन्द गिरि, अभिषेक यादव, मोहम्मद फहद, डॉ. इमरान, विकास यादव, अनुराग मिश्र आदि प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

# पीएनजीआरबी अध्यक्ष ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

**लखनऊ।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन, आईएएस के नेतृत्व में पीएनजीआरबी प्रतिनिधिमंडल ने 26 जुलाई 24 को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह, आईएएस से मुलाकात की। माननीय प्रधानमंत्री के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण के सपने को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महत्वपूर्ण भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

पीएनजीआरबी अधिकारियों ने मुख्य सचिव को सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क सहित तेल एवं गैस के बुनियादी ढांचे की प्रगति के बारे में जानकारी दी और साथ ही राज्य में इस स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के लिए राज्य से अपेक्षित सहायता के बारे में भी बताया। अध्यक्ष ने घरेलू परिवारों और उद्योगों दोनों के लिए स्वच्छ ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

# बीसी सखी के जरिये ग्रामीणों के द्वार पर पहुंचाई जा रहीं बैंकिंग सेवाएं

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



- महिला सशक्तीकरण पर सरकार का विशेष फोकस : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किये बिना किसी भी देश, प्रदेश का समग्र विकास सम्भव नहीं है और असली भारत तो गांवों में बसता है। इसलिए ग्रामीण जन जीवन की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना बहुत जरूरी होता है। इस दिशा में उत्तर प्रदेश पूरी तरह गतिमान है और ग्राम्य विकास की अनेकानेक योजनाओं के माध्यम से गांवों के चहुंमुखी और बहुमुखी विकास के प्रभावी कदम उठाए गए हैं जिसमें महिलाओं के स्वावलंबन और महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

बीसी सखी से प्रदेश की महिलायें आत्मनिर्भर हो रही हैं। बीसी सखी कार्यक्रम,देश में पहली बार बैंकों के अलावा किसी सरकारी विभाग (ग्राम्य विकास विभाग) द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चलाया जा रहा है। ग्रामीण परिदृश्य में वित्तीय समावेशन, गरीबों, कमजोर व बुजुर्गों-समाज के अन्तिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाई गयी है। ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को घर घर पहुंचाने के लिए बीसी सखी बनाई गईं। बीसी सखी के माध्यम से सब्सिडी , पेंशन, मजदूरी का भुगतान, बैंक खातों में जमा, निकासी, नए खाता खोलने आदि जैसी सुविधाएं गांवों तक पहुंचाई जा रही हैं। बीसी सखी द्वारा जन-धन सेवाएं देने के साथ साथ बैंक खाते से घर-घर जाकर जमा व निकासी करवाना व स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की सेवाएं प्रदान करना है।महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाने तथा महिलाओं को रोजगार देने के लिए देश व प्रदेश में अनेकानेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में महिला सशक्तीकरण हेतु गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाने के लिये बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) बनाने का काम किया गया है जिसके बहुत ही सार्थक, सकारात्मक, उत्कृष्ट व उल्लेखनीय परिणाम निखर कर आ रहे हैं। समूहों की महिलाओं के विशेष रुचि से इस योजना को नये पंख लगे। योजना अपने उद्देश्यों की पूर्ति में उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। सरकार की इस नीति से बैंकिंग सेवाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने बैंक खातों से धनराशि निकालने और उसमें पैसा जमा करने में बड़ी आसानी हुई हैं। उनका बैंक शाखाओं तक जाने का समय व खर्चा बच रहा है और घर के करीब ही बैंक के रूप में बीसी सखी मिल जा रही है। बीसी सखी से ग्रामीणों को उनके घरों पर ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का विकल्प मिला है। इस योजना से ग्राम पंचायतों में महिलाओं को रोजगार मिला है।

बीसी सखी बनाने के लिए पूर्व सैनिकों, पूर्व शिक्षकों, पूर्व बैंक कर्मियों और महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। अभ्यर्थी को कम्प्यूटर चलाना भी आना चाहिए, उस पर कोई वाद या पुलिस केस नहीं होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी के चयन से पहले एक छोटी सी परीक्षा भी ली जाती है। इसमें उत्तीर्ण होने वाली अभ्यर्थी बीसी सखी बन सकती है। बीसी सखी योजना से जुड़ने वाली महिलाओं को सम्मानजनक काम मिलने के साथ लोगों की सेवा करने का भी बड़ा अवसर मिल रहा है। लोगों को तत्काल बैंकिंग सेवा मिलने से उन्हें खुद को भी खुशी होती है।

# पंचायत अध्यक्षों की समस्याओं का कराया जायेगा निराकरण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में विगत दिवस एक कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समस्त जिला पंचायत अध्यक्षों से सीधा संवाद करते हुए उनकी व्यावहारिक समस्याओं को जानना था, साथ ही उनके सुझावों को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल करते हुए योजनाओं को गति देना है। पंचायती राज मंत्री ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।

बैठक में अध्यक्षों द्वारा जिला पंचायतों में स्थित विभिन्न प्रकार की संपत्तियों के प्रबन्धन पर विशेष जोर दिया। इस हेतु कारगर नीति बनाये जाने का सुझाव रखा गया। इसका उद्देश्य संपत्तियों का कारगर प्रबन्ध किया जाना है। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्षों ने कर्मचारियों की कमी दूर किये जाने हेतु नियुक्ति किये जाने का सुझाव दिया। पंचायती राज मंत्री ने अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत मांगों पर यथाशीघ्र उचित कार्यवायी किये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रमुख सचिव पंचायती राज नरेन्द्र भूषण, सचिव श्रीमती बी. चंद्रकला, निदेशक अटल कुमार राय, अपर निदेशक राज कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे बनेगा यूपी का पहला सोलर एक्सप्रेसवे

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



» सोलर एक्सप्रेसवे को लेकर नौ अगस्त को लखनऊ में होगा सेमिनार

» सेमिनार में सभी स्टेक होल्डर और सौर ऊर्जा विशेषज्ञ होंगे शामिल

**लखनऊ।** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे को उत्तर प्रदेश का पहला सोलर एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी तेज हो गई है जिसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को 6 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय में विभागीय अधिकारियों संग बैठक की जिसमें सोलर एक्सप्रेसवे निर्माण को लेकर नौ अगस्त को लखनऊ में सभी स्टेक होल्डर एवं सौर ऊर्जा विशेषज्ञ के साथ वृहद सेमिनार करने एवं दस अगस्त को प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य के साथ ही प्रगति की समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण का निर्णय लिया गया। प्रमुख सचिव अनिल सागर, सचिव अभिषेक प्रकाश, एसीईओ यूपीडा हरि प्रताप शाही आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही बिजली भी पैदा करेगा। एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए 25 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। साथ ही 1700 हेक्टेयर भूमि पर प्रदेश का सबसे लंबा सोलर पार्क भी विकसित किया जाएगा। जिससे 450 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन होगा। इटावा से चित्रकूट तक 296 किलोमीटर लंबे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के मुख्य कैरिजवे और सर्विस रोड के बीच स्थित 1700 हेक्टेयर भूमि पर 15-20 मीटर चौड़ाई में सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए कंपनियों को 25 वर्ष के लिए पट्टे पर भूमि आवंटित की जाएगी। उत्तर प्रदेश के पहले सोलर एक्सप्रेसवे को धरातल पर लाने की तैयारी को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कैम्प कार्यालय में अधिकारियों संग बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक नौ अगस्त को एक वृहद सेमिनार आयोजित किया जाए जिसमें सोलर एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर सभी स्टेक होल्डर और सौर ऊर्जा विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा हो जिसमें चर्चा होगी कि संचित उर्जा से वहां के लोगों को कैसे लाभ पहुंचाया जा सके। सोलर एक्सप्रेसवे के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। महाकुम्भ से पहले गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूरा करने एवं कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए दिनांक 10 अगस्त को प्रयागराज में समीक्षा बैठक करने का निर्णय लिया गया जिसमें गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य से जुड़े सभी अधिकारी शामिल होंगी।

# निकाय से लेकर राज्यस्तर तक होगी मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की निगरानी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» मॉनीटरिंग के साथ ही टेक्निकल एप्रेजल कमेटी करेगी प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन

**लखनऊ।** शहरी स्थानीय निकायों में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही उनकी इनकम में बढ़ोत्तरी के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना को लेकर योगी सरकार बहुत आशान्वित है। सरकार इसके माध्यम से वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के अपने संकल्प में नगरीय निकायों को भी सहभागी बनाना चाहती है। ऐसे में निकायों में जो भी प्रोजेक्ट शुरू होंगे या फिर जिनका प्रस्ताव आएगा, उसका मूल्यांकन और मॉनीटरिंग निकाय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक की जाएगी। इस प्रक्रिया से पारदर्शिता के साथ ही प्रोजेक्ट को समय पर पूरा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में नगरों के सर्वांगीण विकास और नगरीय स्थानीय निकायों के रेवेन्यू कलेक्शन में वृद्धि को लेकर नगर विकास विभाग ने राज्य की समस्त नगरीय स्थानीय निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं और अन्य मिशनों को 'मिशन टू मूवमेंट'के रूप में विस्तारित कर मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की शुरुआत की है।

शीर्ष स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग नगर विकास मंत्री के द्वारा की जाएगी। वो न सिर्फ योजना का सुपरविजन करेंगे, बल्कि योजना के ओवरआल इंप्लीमेंटेशन पर सलाह भी देंगे। वहीं स्टेट लेवल गवर्निंग बॉडी की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग के द्वारा की जाएगी। इसमें डायरेक्टर लोकल बॉडी मेंबर सेक्रेट्री होंगे, जबकि हाउसिंग, हेल्थ, एनर्जी, बेसिक एजुकेशन, फाइनेंस, वुमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट, पीडब्ल्यूडी के सेक्रेट्री और सीएडडीएस के डायरेक्टर इस समिति के मेंबर होंगे। कुछ रिलेवेंट प्रोजेक्ट्स में एनआईसी के डायरेक्टर भी मेंबर होंगे। वहीं, चेयरपर्सन के निर्देश पर स्पेशल इनवाइटी को भी शामिल किया जाएगा। स्टेट प्रोग्राम मॉनीटरिंग यूनिट भी इसके तहत आएगी। टेक्निकल एप्रेजल कमेटी डायरेक्टर लोकल बॉडी अध्यक्ष होंगे, जबकि चीफ इंजीनियर, एडी अकाउंट्स, डायरेक्टर सीएंडडीएस और पीएमयू रिप्रजेंटेटिव्स इसके मेंबर होंगे। स्टेट प्रोग्राम मॉनीटरिंग यूनिट भी इसका हिस्सा होगी। नगर निगम के लिए बनी कमेटी में मेयर अध्यक्ष होंगे, जबकि म्युनिसिपल कमिश्नर कमेटी के मेंबर सेक्रेट्री व कनवीनर होंगे। डीएम, डेवलपमेंट अथॉरिटी के वीसी तथा डिवीजनल कमिश्नर द्वारा नामित पीडब्ल्यूडी के एसई इसके मेंबर होंगे। 15वें फाइनेंस कमीशन के तहत सिविक बॉडी लेवल पर गठित कमेटी द्वारा प्रोजेक्ट्स को अप्रूव किया जाएगा। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के लिए कमेटी में डीएम चेयरपर्सन होंगे, जबकि संबंधित निकाय के एग्जिक्यूटिव इंजीनियर, एग्जिक्यूटिव ऑफिसर, अकाउंट ऑफिसर और डीएम द्वारा नामित व्यक्ति इसके मेंबर होंगे।

योजना के माध्यम से प्रदेश में शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में एकरूपता बनाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था प्राप्त करने में नगरीय स्थानीय निकायों का योगदान बढ़ाने की दिशा में कार्य होगा। इसके साथ ही, नगरीय स्थानीय निकायों के राजस्व स्रोतों में वृद्धि, शहरी क्षेत्रों में लाइवेबिलिटी इंडेक्स में बढ़ोतरी, मास्टर प्लान के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर का एकीकरण जैसे आउटकम की संभावना है।

# मात्र 7 मिनट में मरीजों तक पहुंच रही एंबुलेंस

## रिस्पांस टाइम में पूरे देश में उत्तर प्रदेश की एंबुलेंस सेवा पहले पायदान पर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» रोजाना औसतन 16 हजार से अधिक गंभीर मरीजों को मिल रहा सेवा का लाभ

**लखनऊ।** हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि यदि आपातकाल में मरीज को सही समय में हेल्थ केयर की सुविधा मिल जाए तो ऐसे लाखों मरीजों की जान बचायी जा सकती है। प्रदेश की योगी सरकार ने इस समस्या पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी एंबुलेंस सेवा 108 (इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज) के रिस्पांस टाइम को रिकार्ड स्तर पर सुधारा है। वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश में एंबुलेंस सेवा 108 का रिस्पांस टाइम 16:52 मिनट था। वहीं वर्तमान में बड़े सुधार के साथ अब यह मात्र 7:30 मिनट रह गया है। इस रिस्पांस टाइम के मामले में उत्तर प्रदेश पिछले कई वर्षों से देश भर में टॉप पर है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की कमान संभालते ही लचर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए बड़े कदम उठाने शुरू किये। इसी के तहत एंबुलेंस सेवा 108 के रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए विभिन्न पहलुओं को काम शुरू किया गया ताकि गंभीर मरीजों को समय से अस्पताल पहुंचाया जा सके और उसकी जान बचायी जा सके। उनकी दूरदर्शी सोच और लगातार मॉनीटरिंग का ही असर है कि वर्तमान में एंबुलेंस सेवा 108 का रिस्पांस टाइम मात्र 7:30 मिनट है जबकि वर्ष 2016-17 में रिस्पांस टाइम 16:52 मिनट था। ऐसा नहीं है कि यह रिस्पांस टाइम एकाएक कम हो गया बल्कि सीएम योगी के विगत सात वर्षों में लगातार किये गये प्रयासों और पहलों से इसे क्रियान्वित किया गया। सीएम योगी ने इसके लिए 2019 में खटारा हो चुकी 662 एंबुलेंस को हटाकर नई स्वास्थ्य तकनीक से लैस एंबुलेंस की खरीद की। इसके अलावा सेवा को बेहतर करने के लिए 712 अतिरिक्त एंबुलेंस को जोड़ा गया। वर्तमान में प्रदेश में कुल 2200 एंबुलेंस सेवा 108 संचालित हैं। इसके जरिये प्रदेश में औसतन रोजाना 16,703 मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जीएम पराग पांडेय ने कहा, सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि साल दर साल एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम कम होता गया। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस सेवा 108 का रिस्पांस टाइम वर्ष 2017-18 में 13:23 मि. और वर्ष 2018-19 में 14:46 मि. दर्ज किया गया। वहीं वर्ष 2019-20 में 17:28 मि. और 2020-21 में 18:07 मिनट रिस्पांस टाइम दर्ज किया। यह रिस्पांस टाइम वैश्विक कोरोना बीमारी की वजह से बढ़ाया गया था। इसके बाद वर्ष 2022-23 में 8:46 मिनट और वर्ष 2023-24 में 7:24 मिनट दर्ज किया गया है। वहीं वर्तमान में रिस्पांस टाइम 7:30 मिनट है। सबसे बड़ी बात यह है कि पूरे देश में एंबुलेंस सेवा का सबसे कम रिस्पांस टाइम उत्तर प्रदेश का ही है, जबकि उत्तर प्रदेश देश भर में सबसे अधिक 25.74 करोड़ जनसंख्या वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम 7:30 मिनट के साथ देशभर में पहले स्थान पर है। वहीं दूसरे स्थान पर 7:57 मिनट के साथ राजस्थान, तीसरे स्थान पर 10:45 मिनट के साथ केरल है। वहीं सबसे खराब रिस्पांस टाइम 16:02 मिनट झारखंड का है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश का रिस्पांस टाइम 15:01 मिनट और दिल्ली का 13:31 मिनट है।

**प्रसार** | ओडीओपी घोषित करने के बाद बढ़ता ही गया काला नमक का क्रेज, तीन साल में तीन गुना से अधिक बढ़ गया एक्सपोर्ट

# अब इंग्लैंड और अमेरिका भी चखेगा काला नमक चावल का स्वाद

फोटो-1

विश्ववार्ता ब्यूरो

» सात दशक बाद इंग्लैंड और पहली बार अमेरिका जाएगा काला नमक

लखनऊ, 26 जुलाई। अब इंग्लैंड और अमेरिका भी चखेगा कालानमक चावल का स्वाद। करीब सात दशक बाद इंग्लैंड और पहली बार अमेरिका जाएगा कालानमक चावल। इसके पहले नेपाल, सिंगापुर, जर्मनी, दुबई आदि देशों को भी कालानमक चावल का निर्यात किया जा चुका है।

इंग्लैंड तो कालानमक के स्वाद और सुगंध का मुरीद रह चुका है। बात करीब सात दशक पुरानी है। तब गुलाम भारत में देश भर में अंग्रेजों के बड़े बड़े फॉर्म हाउस हुआ करते थे। ये इतने बड़े होते थे कि इनके नाम से उस क्षेत्र की पहचान जुड़ जाती थी। मसलन बर्डघाट, कैंपियरगंज आदि। सिद्धार्थनगर भी इसका अपवाद नहीं था। उस समय सिद्धार्थ नगर में अंग्रेजों के फार्म हाउसेज में कालानमक धान की बड़े पैमाने पर खेती होती थी।

अंग्रेज कालानमक के स्वाद और सुगंध से वाकिफ थे। इन खूबियों के कारण इंग्लैंड में कालानमक के दाम भी अच्छे मिल जाते थे। तब जहाज के जहाज चावल इंग्लैंड को जाते थे। करीब सात दशक पहले जमींदारी उन्मूलन के बाद यह सिलसिला क्रमशः कम होता गया। और आजादी मिलने के बाद खत्म हो गया। इस साल पहली बार इंग्लैंड को 5 कुंतल चावल निर्यात किया जाएगा। इसी क्रम में पहली बार अमेरिका को भी 5 कुंतल चावल का निर्यात होगा।



उल्लेखनीय है कि जबसे योगी सरकार ने कालानमक धान को सिद्धार्थ नगर का एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित किया है तबसे देश और दुनियां में स्वाद, सुगंध में बेमिसाल और पौष्टिकता में परंपरागत चावलों से बेहतर कालानमक धान के चावल का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। जीआई मिलने से इसका दायरा भी बढ़ा है। योगी सरकार ने इसे सिद्धार्थनगर का एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी घोषित करने के साथ इसकी खूबियों की जबरदस्त ब्रांडिग भी की। इसीके इसके रकबे उपज और मांग में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

राज्यसभा में 17 दिसंबर 2021 को दिए गए आंकड़ों के अनुसार 2019/2020 में इसका निर्यात 2 फीसद था। अगले साल यह बढ़कर 4 फीसद हो गया। 2021/2022 में यह 7 फीसद रहा। कालानमक धान को केंद्र में रखकर पिछले दो दशक से काम कर रही गोरखपुर की संस्था पीआरडीएफ (पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन) के चेयरमैन पदमश्री डा आरसी चौधरी के अनुसार पिछले दो वर्षो के दौरान उनकी संस्था ने सिंगापुर को 55 टन और नेपाल को 10 टन कालानमक चावल का निर्यात किया।

इन दोनों देशों से अब भी लगातार मांग आ रही है। इसके अलावा कुछ मात्रा में दुबई और जर्मनी को भी इसका निर्यात हुआ है। पीआरडीएफ के अलावा भी कई संस्थाएं कालानमक चावल के निर्यात में लगी हैं। डॉक्टर चौधरी के अनुसार निर्यात का प्लेटफार्म बन चुका है। आने वाले समय में यह और बढ़ेगा।

दुनिया का एक मात्र प्राकृतिक चावल जिसमें वीटा कैरोटिन के रूप में विटामिन ए उपलब्ध है। अन्य चावलो की तुलना में इसमें प्रोटीन और जिंक की मात्रा अधिक होती है। जिंक दिमाग के लिए और प्रोटीन हर उम्र में शरीर के विकास के लिए जरूरी होता है। इसका ग्लाईसेमिक इंडेक्स कम (49 से 52%) होता है। इस तरह यह शुगर के रोगियों के लिए भी बाकी चावलो की अपेक्षा बेहतर है।

## एक नजर

### गड्ढे में मिला बुजुर्ग का शव

**जलालपुर,अम्बेडकरनगर।** पेड़ के नीचे गड्ढे में एक बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान का प्रयास करते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञातब्य है कि एक बुजुर्ग का शव जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरवाह गांव स्थित बंधवा तालाब के पास गुरुवार देर शाम करीब पांच बजे देखा गया,उसके मुंह से झाग निकल रहा था। बगल में तीन पाऊच शराब की, एक बोतल पानी और कीटनाशक रखा हुआ मिला।कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया था कि बुजुर्ग के शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चलेगा। इधर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसकी पहचान सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कटघर मूसा निवासी संतोष कुमार गौड़, उम्र लगभग (60) के रूप में हुई। मृतक बुजुर्ग के दो लड़के हैं और बाहर रहते हैं। मृतक के भतीजे दीप चंद्र गौड़ पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने जलालपुर कोतवाली में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

### अवैध खनन पर कसा शिकंजा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शासन व्यवस्था को नयी तकनीक से जोड़कर किये जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम दिखने लगा है। प्रदेश में अवैध खनन और इसके परिवहन के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान में भी नई तकनीक का बड़े स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। इसके नतीजे भी असरकारी दिखाई दे रहे हैं। खनन विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ सिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं पर एक अप्रैल से 30 जून तक लगभग 1,79,50,746 का जुर्माना किया है। जिसमे अब तक लगभग 9,50,000 रुपये की वसूली की गई है। सरयू नदी के तराई क्षेत्र मे बालू माफिया रात होते ही अवैध खनन मे लग जाते हैं। इसके अलावा कई क्षेत्रों मे मिट्टी खनन भी तेज है। जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह खनन माफियाओं के लिए काल बन गए है। पूरी रात खनन विभाग की टीम खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक 9950746 रुपये का खनन माफियाओं पर जुर्माना किया गया। जिसमे लगभग 15 लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूल कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 200 वाहनों से 80 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया हैं खनन माफ़िया बालू का भण्डारण भी करते हैं। इसके विरूद्ध भी खनन विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। छापे के दौरान अवैध खनन से भण्डारित की गई 6000 घन मीटर बालू सीज की गई है।

### पशुचर की जमीन की पैमाइश को लेकर मची हलचल

**सोहावल,अयोध्या।** रानी बाजार के राजस्व गांव अमौना मजरे कादीपुर में पशुचर की भूमि की पैमाइश को लेकर पंचायत में हलचल मची है। ग्राम प्रधान हर दिन मुख्यालय का चक्कर काट रहा है। बनाई गई राजस्व टीम पैमाईश से भाग रही है। इसके कुछ भाग पर गांव के कुछ दबंगों का अवैध कब्जा बताया जाता है। जिसे खाली करवा कर पंचायत में गौशाला बनवाने की योजना तैयार की गई है। पशुचर की भूमि पर गौशाला बनवाने का प्रस्ताव लेकर ग्राम प्रधान राजकुमार ने पैमाईश के लिए गत माह में प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। आरोप है। पशुचर भूमि के गाटा संख्या 349, 319 के कुछ भाग पर गांव के एक दबंग का कब्जा है। जिससे पंगा लेने में तहसील के राजस्व टीम को नागवार गुजर रहा है। पैमाइश के लिये उप-जिलाधिकारी ने क्षेत्र के नायब तहसीलदार के साथ 4 लेखपालों की टीम बनाई और पुलिस बल के साथ पैमाईश की तिथि 7 जुलाई तय की थी लेकिन आज तक पैमाईश नही हो पाई। गत सोमवार को तहसील दिवस पर अपनी शिकायत लेकर प्रधान फिर खड़ा हुआ तो जिला अधिकारी ने तहसीलदार को भी तलब किया और अविलंब पैमाईश करा रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा ने बताया कि रविवार को पैमाइश की तैयारी की जा रही है। जैसा समय होगा वैसा किया जायेगा। कोई सरकारी बाधा न हुई तो मैमाइश हो जायेगी।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 31 को

**अयोध्या।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 31 जुलाई को प्रातः 10:00 से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सरकारी व गैर सरकारी विभाग व अधिष्ठान (नगर निगम अयोध्या, लोक निर्माण विभाग, नलकूप विभाग के.एम. शुगर मिल अयोध्या, यश पेपर मिल आदि कम्पनियाँ) प्रतिभाग कर रही है। कम्पनियो को आईटी आई पास प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है उक्त कंपनी साक्षात्कार द्वारा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिये अभ्यर्थियों का चयन करेंगी । इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई को समयनुसार अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित हो सकते है। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु जनपद की विभिन्न कम्पनियाँ विभिन्न व्यवसायों को शिशिक्षु प्रशिक्षण कराने हेतु प्रतिभाग कर रही है। उक्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एम.ए. शुक्ला ने दी।

### एसपी ने पुलिस लाइन परेड में ली सलामी

**अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आयोजित शुक्रवार की परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और डायल 112 के वाहनों की जांच की। परेड और वाहनों के निरीक्षण के पश्चात, एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन का मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और जवानों ने एसपी की उपस्थिति में अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया। एसपी डॉ. कौस्तुभ के दिशा-निर्देशों के तहत पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

### खाद्य पदार्थों की जांच, मानक से बाहर पाए गए कुछ नमूने

**अम्बेडकरनगर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद अम्बेडकरनगर ने फूड सेफ्टी ऑन व्हील (एफएसडब्ल्यू) के माध्यम से सद्दरपुर, रोडवेज टाण्डा, सम्हरिया चौराहा, और एनटीपीसी टाण्डा में खाद्य पदार्थों की जांच और जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, कुल 61 खाद्य नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 55 नमूने विशुद्ध पाए गए। हालांकि, 6 नमूने मानक के विपरीत पाए गए, जिसमें 1 चिली सॉस, 3 चटनी, और 2 छेना मिठाई शामिल हैं। मानक के विपरीत पाए गए नमूनों के खाद्य कारोबारकर्ताओं को रंग और स्टार्च के प्रयोग के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अलावा, आम जनमानस को भी खाद्य पदार्थों के सुरक्षित उपभोग के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना और जनता को सुरक्षित खाद्य पदार्थों के सेवन के लिए प्रेरित करना है।

### आदेश के बाद भी नहीं खाली हुआ मकान

**अम्बेडकरनगर।** जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत का कार्यालय नगर में किराए के मकान में चल रहा है। मकान खाली कराने के लिए सबा बानो ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था। अपर जिलाधिकारी ने वाद का निस्तारण करते हुए विवादित मकान को चार माह के अंदर खाली कर मकान मालिकिन सबा बानो को कब्जा व दखल दिलाने के संबंध में गत वर्ष 22 जुलाई को आदेश निर्गत किया था। मकान मालिकिन ने कहा कि आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है और मकान खाली नहीं हुआ है। उन्होंने आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है।

पीएम श्री योजना से संवारे जा रहे दो परिषदीय विद्यालय

### रामनगर व जहांगीरगंज ब्लॉक के एक-एक विद्यालय का हुआ चयन

**आलापुर,अम्बेडकरनगर।** पीएम श्री योजना के फेज दो में क्षेत्र के दो परिषदीय विद्यालयों को मडिल और आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने का काम चल रहा है। हालांकि इसके लिए शासन से अब तक दो किस्तों में 75 फीसद धनराशि ही मिल सकी है। ऐसे में कुछ काम तो हुए हैं, लेकिन पूरा बजट न मिलने से कायाकल्प का काम नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र में कुल 310 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। जिसमें 247 प्राथमिक, 63 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय हैं। जिसमें वर्ष 2022-23 में जहांगीरगंज में कन्या कंपोजिट विद्यालय अहरौली रानीमऊ तथा रामनगर में कंपोजिट विद्यालय लखनीपट्टी का चयन हुआ था। दूसरे फेज में 23-24 में दो विद्यालयों का चयन हुआ है। जहांगीरगंज में कंपोजिट विद्यालय बीरखेत तथा रामनगर में कंपोजिट विद्यालय माडरमऊ का चयन किया गया है। इन विद्यालयों में पीएम श्री योजना के तहत स्मार्ट कक्ष, खेल और आधुनिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एकीकृत, वास्तविक जीवन की स्थितियों पर आधारित पढ़ाई होगी। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय, कौशल प्रयोगशाला, खेल मैदान, कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला आदि सभी सुविधाएं इन विद्यालयों में होंगी। खंड शिक्षा अधिकारी जहांगीरगंज संतोष कुमार पांडेय तथा रामनगर शैलजा मिश्रा ने बताया कि शासन से दो किस्तों में 75 प्रतिशत धनराशि जारी हुई है, जिससे काम कराया जा रहा है। शेष धनराशि मिलने पर अधूरे कार्य कराए जाएंगे।

# रामनगरी में फिर निकला जमीन का जिन्न, लोढ़ा ग्रुप व किसानों में ठनी

## माझा बरेहटा के किसानों का आरोप, जबरन जमीन कब्जाना चाह रहा लोढ़ा ग्रुप

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी में सस्ती जमीन लूट का एक और जिन्न निकल आया है। किसानों ने लोढ़ा ग्रुप पर जबरन जमीन कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि अपनी खरीदी जमीन पर काबिज लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर आसपास की जमीनों पर भी काम नहीं करने दे रहे।



पत्रकारों से मुखातिब पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय

इस मामले में किसानों को समाजवादी पार्टी का साथ मिला है। शुक्रवार को पूर्व राज्यमंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने किसानों के साथ प्रेसवार्ता की। हक के लिए सड़क पर संघर्ष की चेतावनी दी है। मामला माझा बरेहटा का है। जहां एक बार फिर जमीन का जिन्न जाग चुका है। यहां जमीन के कब्जे के प्रयास को लेकर रामनगरी फिर चर्चा में है। यहां माझा बरेहटा में जमीन को लेकर लोढ़ा ग्रुप और स्थानीय किसान आमने-सामने हैं। किसानों ने समाजवादी पार्टी सरकार में राज्यमंत्री रहे पूर्व विधायक तेजनारायण पवन पांडे के साथ प्रेसवार्ता की। माझा बरेहटा के किसानों का मामला लेकर पवन पांडे ने लोढ़ा ग्रुप पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि जमीन लेने के बाद भी अब स्थानीय किसानों को लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर परेशान कर रहे हैं। जिससे बची हुई जमीन को भी कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। पवन पांडेय ने कहा कि अब किसानों की तरफ से समाजवादी पार्टी ने आंदोलन की कमान संभाल ली है। पत्रकार वार्ता में पवन पांडे ने चेतावनी दी है कि किसी भी हालत में किसानों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे।

किसानों के हक के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। प्रेसवार्ता में पांडेय ने प्रश्न किया कि अब प्रदेश सरकार बताए कि किसानों के लिए क्या कर रही है। किसानों की जमीन का मामला प्रदेश सरकार की परीक्षा है। अगर सरकार ईमानदार है तो किसानों की जमीन बचाए नहीं तो सरकार ही भ्रष्ट समझी जाएगी। भाजपा अभी लोकसभा चुनाव में सिर्फ अयोध्या से सांसदी हारी है।यही हाल रहा तो पूरे प्रदेश में भाजपा हार का मुंह देखेगी।

पूर्व मंत्री पवन पांडेय के साथ प्रेसवार्ता कर रहे माझा बरेहटा के किसानों ने भी कहा कि लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर धमकी दे रहे है। लोढ़ा ग्रुप माझा बरेहटा में काफी जमीन खरीदी है। उस जमीन के आसपास और जमीन लेने का प्रयास लोढ़ा ग्रुप कर रहा है जिसके लिए किसानों को उनके बाउंसर डरा धमका रहे हैं।ने दिया जाएगा।

# दुकान पर बाटी खाने गए युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

विश्ववार्ता संवाददाता

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** इनायत नगर बाजार में एक युवक की पिटाई का विडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति डंडे से एक शख्स की बेहरमी से पिटाई करते हुए दिख रहा है। बताया जाता है कि पीड़ति शख्स होटल संचालक के यहां पहले काम कर रहा था। युवक दुकान पर बाटी चोखा खाने गया था, तभी होटल संचालक उक्त व्यक्ति से गाली गलौज करने लगा , लोगों की माने तो होटल संचालक के इशारे पर काम करने वाले एक व्यक्ति ने डंडे से जमकर युवक को पीटा है। बाजार के किसी व्यक्ति द्वारा पिटाई की वीडियो रिकॉर्डिंग कर वायरल कर दिया गया है।

इनायत नगर थाने से चंद कदम की दूरी स्थित बाला जी मिष्ठान भंडार के सामने युवक को जमीन पर गिराकर एक व्यक्ति जमकर डंडे से पीट रहा है। वहीं मार खाने वाला व्यक्ति जमीन पर पड़ा हुआ तड़प रहा है और पिटाई करने वाले व्यक्ति से पूछ रहा है कि क्यों मुझे मार रहे हो, तो मरने वाला शख्स कोई जवाब नहीं दे रहा है और दनादन डंडे पर डंडे बरसाता जा रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मो पर तेजी से वायरल हो रहा है।



वायरल वीडियो के मामले में जब स्थानीय लोगों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिस युवक की पिटाई की जा रही है उसका नाम राम भवन है और वह थाना क्षेत्र के ही भागीपुर गांव का निवासी है।

जो व्यक्ति युवक की पिटाई कर रहा है वह भी बालाजी मिष्ठान भंडार में काम करता है। पीड़ति युवक ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन इनायत नगर पुलिस ने पीड़ति के इलाज का जिम्मा मारने वाले व्यक्ति को देकर समझौता करा दिया। इस मामले में जब पीड़ति रामभवन से बात की गई तो उसने बताया कि साहब मै गरीब आदमी हूं, मैं मुकदमा कहां लड़ सकता हूं, इसीलिए पुलिस के कहने पर समझौता कर लिया।

# दिनदहाड़े बाइक चोरी : पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

विश्ववार्ता संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से दिनदहाड़े बाईक चोरी की घटना ने अहिरौली पुलिस के समक्ष चुनौती खड़ी कर दी है। यह घटना इस बात का संकेत है कि चोरों में पुलिस का कोई भय नहीं रह गया है, और थाने के क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर से विकास चंद्र वर्मा की हीरो स्पलेंडर प्रो (UP45M1719) की बाईक चोरी हो गई। वर्मा ने इस घटना की शिकायत अहिरौली थाने में दर्ज कराई है। पुलिस की निगरानी में कमी के कारण दिनदहाड़े खेतों में लगाए गए मोटर की चोरी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और वे पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं।

हाल ही में, नवागत थानाध्यक्ष सुनील पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस ने एक चर्चित गैंग के दो लोगों को छह बाइकों के साथ गिरफ्तार किया था। हालांकि, आरोप यह भी है कि यह कार्रवाई गैंग के मुखिया के मुखबिर की सूचना पर की गई थी।

इस प्रकार की घटनाओं से पुलिस की कार्यक्षमता पर सवाल खड़ा होता है और जनता यह जानने के लिए उत्सुक है कि पुलिस इस गैंग और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाएगी।

# कारगिल विजय दिवस पर 26 बने रक्तदानी

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** कारगिल विजय दिवस के परिपेक्ष्य में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया ! राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस रक्तदान शिविर में 26 रक्तदाता रक्तदान कर महादानी बनें जिसमें करीब डेढ़ दर्जन पुलिस के जवानों ने रक्तदान किया।

यह रक्तदान शिविर एक यूनिट रक्तदान सरहद के सैनिकों के नाम से समर्पित रहा ! इस मौक़े पर संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि रक्त का निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं होता यह दान करने से ही जरूरत मंदो को



मिलता है, लिहाजा युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए जिससे किसी की मौत खून की कमी से न हो।

रक्तदान प्रभारी आरक्षी मो अहद ने कहा कि यह रक्तदान शिविर सैनिक परिवार को समर्पित है और प्रदेश में किसी की मौत खून के अभाव में न हो इसके लिए पुलिस साथियों की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय है, जिससे प्रति दिन मरीजों की जान बच रही है। संस्था सचिव इंद्र प्रीत सिंह ने कहा की

» पुलिस ने उठाया है जीवन बचाने का बीड़ा : मो अहद

संस्था का उद्देश्य लोगों में रक्त दान के प्रति जागरूकता लाना है, जिससे देश रक्त के मामले में आत्म निर्भर हो सकें।

शिविर की अध्यक्षता वृद्ध आश्रम से जुड़े अमरेश चंद मिश्र ने किया। रक्तदान करने वालों में आशीष सिंह, दीपक पटेल, आलोक मिश्र, सुनील मिश्र, आशुतोष सिंह, प्रियंकर मिश्र, प्रवेश यादव, मिथिलेश यादव, सचिन शर्मा, प्रदीप तिवारी, इंद्र प्रीत सिंह, संजय यादव, व अन्य लोगों ने किया।

# दोहरे हत्याकाण्ड में दोष सिद्ध दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना सिंह ने वर्ष 2019 में रौनाही क्षेत्र में बियर के सेल्स मैन प्रहलाद यादव उसके साथी रमेश यादव के खाने में जहर देकर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में दोष सिद्ध दो अभियुक्तों अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन व शिवशंकर श्रीवास्तव को आजीवन कारावास से दंडित किया है साथ ही जहर देने की धारा 328 में प्रत्येक अभियुक्त को पांच साल की सजा भी दिया गया है।

वहीं प्रत्येक अभियुक्त पर 30 हजार रूपया जुर्माना भी किया गया है। जुर्माने की धनराशि में से 25 प्रतिशत मृतक प्रहलाद यादव की पत्नी पूनम को तथा दूसरे मृतक रमेश यादव के परिजन को भी 25 प्रतिशत दिया जायेगा। यह फैसला शुक्रवार को भरी अदालत में सुनाया गया है। फैसले के पश्यात दोनों

» रौनाही क्षेत्र में पांच साल पहले कैंटीन खोलने की रंजिश के चलते हुई थी दो की हत्या

अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेकर पुनः जेल भेजने का आदेश पारित किया है।

यह घटना रौनाही क्षेत्र सोहावल के सुचित्तागंज बाजार का वर्ष 2019 का है। वादी पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता अजय वर्मा व पूर्णिमा सिंह ने अभियुक्तों को सजा दिलाने में जोरदार पैरवी किया। अभियोजन पक्ष से सरकारी अधिवक्ता रोहित पाण्डेय व ज्ञानेश चन्द्र पाण्डेय के मुताबिक जगदीश यादव पुत्र शोभा यादव निवासी सैराठी का पुरवा बसन्तपुर थाना हुजुरपुर जिला बहराइच का है। इसका लड़का प्रहलाद यादव अयोध्या जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुचित्तागंज बाजार स्थित राम कुमार की बियर की दूकान पर सेल्समैन का काम करता था गांव के बाबू यादव का लड़का रमेश यादव व अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन कैंटीन देशी शराब के पीछे चलाते थे। जहां शिवशंकर श्रीवास्तव भी अंग्रेजी शराब की दूकान पर सेल्समैन का काम करता था।

प्रहलाद यादव से दोनों विपक्षी अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन व शिवशंकर कैंटीन को लेकर रंजिश रखते थे इस बावत कई बार कहासुनी भी हुई थी उस समय रमेश यादव ने प्रहलाद यादव का साथ दिया था इसी रंजिश को लेकर 22 सितम्बर 2019 को विपक्षियों ने एक पार्टी रखी थी जिसमें वादी के लड़के प्रहलाद यादव रमेश यादव को आमंत्रित किया था। आरोपियों ने हत्या करने की नियत से दोनों के खाने में जहर मिला दिया इस कारण दोनों की हालत बिगड़ गयी दोनों को सुबह जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां दूसरे दिन 23 सितम्बर को रमेश यादव की दिन में लगभग 12 बजे मौत हो गयी और प्रहलाद यादव की हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान प्रहलाद यादव की भी मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खाने में जहर मिलाने की बात सामने आया था।

घटना की रिपोर्ट थाना रौनाही में अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन , शिवशंकर श्रीवास्तव तथा शेष गिरी के विरूद्ध मु.अ.सं. 467/19 अन्तर्गत धारा 147, 302, 328 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं वादी व गवाहों के बयान के आधार पर दोनों अभियुक्तो पर हत्या की धारा 302 व 328 के तहत दोष सिद्ध के बाद शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी साथ ही पांच साल की सजा भी दी गयी है। प्रत्येक अभियुक्त पर 30 हजार रूपया जुर्माना भी लगाया गया है।

# प्रेमी-प्रेमिका को आजीवन कारावास की सजा

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** प्रेम संबंधों में बाधा बने पिता की रस्सी से गला घोट कर हत्या करने के मामले में बेटी और उसके प्रेमी को दोषी पातें हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

प्रत्येक पर 10000 जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज अशोक कुमार द्विवेदी की अदालत से हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय ओझा और रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 20 मार्च 2021 की रात की है। पटरंगा थाना क्षेत्र के चक्का मजरे सरैठा की रहने वाली रंजू उर्फ मंजू का गांव के ही रवि लोधी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी रंजू के पिता दरबारी लाल को हो गई ।

यह जानकारी होने पर रंजू ने

» प्रेम संबंधों में बाधा बने पिता की गला घोटकर की थी हत्या

अपने पिता की हत्या की योजना बना डाली। घटना वाली रात फोन करके अपने प्रेमी रवि लोधी को बुलाया और दोनों ने मिलकर बकरी बांधने वाली रस्सी से गला घोट कर उनकी हत्या कर दी।

सुबह मृतक की पत्नी अपने पति को जगाने गई तो वह नहीं जागे।

हत्या की जानकारी होने पर इसकी रिपोर्ट मृतक के छोटे भाई मंसाराम ने रंजू और उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या की धारा में लिखाई थी।

विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत कियाश सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को दोषी पाते हुए सजा दी।

# रेवतीगंज बाजार में बन रही नई बिजली लाइन में गड़बड़झाले की हुई शिकायत

विश्ववार्ता संवाददाता

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन क्षेत्र के रेवतीगंज बाजार में नए फीडर की लाइन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसको लेकर लोगों में काफी असंतोष है। इस नई विद्युत लाइन के निर्माण में बिजली का तार और विद्युत पोल के घपले बाजी का खेल भी सामने आया है।

शिकायतकर्ता शेषमणि त्रिपाठी ने बताया कि रेवतीगंज के नाम से बन रहे नए फीडर की लाइन बाजार की पूरब पटरी से पास है, लेकिन ठेकेदार तार व विद्युत पोल बचाने के चक्कर में बाजार में कई स्थानों पर रोड को क्रॉस कर रहा है, जबकि सर्वे के अनुसार बाजार में केवल एक जगह रोड पर लाइन का क्रॉस है। इसके अलावा पहले से बनी बिजली लाइन के 440 बोल्ट के खंभों का नई बनाई जा रही हाईटेंशन लाइन में इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकार लोगों द्वारा बताया गया कि 11 हजार बोल्ट की हाईटेंशन लाइन को छोटी लाइन के विद्युत पोल से नहीं टच होना चाहिए।

शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि लाइन निर्माण के लिए बनाई गई ड्राइंग में कई जगह मनमानी करके नियम के विरुद्ध 11 हजार हाईटेंशन लाइन के पोल गाड़े गए हैं और लाइन क्रॉस की गई है।

जब कई बार इस गड़बड़झाले की शिकायत की गई तो अधिशासी अभियंता ने नियम संगत लाइन बनवाने की जगह शिकायत कर्ता के दरवाजे पर गलत तरीके से क्रास की गई बिजली लाइन को हटाने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए हैं। हालांकि अभी तक वहां की लाइन भी नहीं हटाई गई है।

# कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव ने की ग्राम प्रधानों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरुवार को ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा और उनके निष्पादन की गति को तेज करना था।

बैठक में स्वतंत्र देव सिंह के साथ राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी और डीपीआरओ अवनीश कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। बैठक में स्वतंत्र देव सिंह ने ग्राम प्रधानों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनके गांवों में चल रहे विकास परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम प्रधानों से विभिन्न



विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही बाधाओं और चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। सिंह ने जोर देकर कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य है कि गांवों में बुनियादी सुविधाएं और विकास कार्य तेजी से पूरे हों, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।₹ उन्होंने प्रधानों से आग्रह किया कि वे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त न करें और समय पर कार्य पूरा करने का प्रयास करें। बैठक के दौरान, ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास योजनाओं की स्थिति के बारे में मंत्री को अवगत कराया और उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की। स्वतंत्र देव सिंह ने उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विकास कार्यों की नियमित समीक्षा और निगरानी से कार्यों की गुणवत्ता और गति में सुधार होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को समय पर पूरा करें और किसी भी प्रकार की समस्या को तुरंत सुलझाएं। इस समीक्षा बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी और विभागीय प्रमुख भी उपस्थित थे, जिन्होंने ग्राम प्रधानों को विभिन्न योजनाओं और उनके कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। बैठक का समापन सकारात्मक चर्चा और विकास कार्यों को गति देने के संकल्प के साथ हुआ।

**कार्यक्रम** पार्टी कार्यालय पर मनाया संविधान मान स्तंभ दिवस

# सपा नेताओं ने संविधान मान स्तंभ दिवस पर की चर्चा

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया गया पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर संविधान मान स्तंभ दिवस पर चर्चा किया ।

पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियां महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने विस्तार से संविधान मान स्तंभ के बारे में चर्चा किया। समाजवादी पार्टी आज संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मना रही है। पीडीए को अधिकार तब ही मिलेंगे जब



सपा कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना

उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है। आरक्षण की संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फुले जी की है। ज्योतिराव फुले जी का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था। आज के दिन, 26 जुलाई सन 1902 को राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अंमल शुरू किया।

बाबा साहब ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को दिया। उनका उद्देश्य हजारों सालों से जिनको संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं था, उनको आरक्षण देना था अर्थात बहुजन समाज को राजनीतिक जमात बनाने हेतु उनमें से ही प्रशासक वर्ग निर्माण करना था।

इसमें महात्मा ज्योतिराव फुले जी का अधूरा काम राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने करवीर अर्थात कोल्हापूर संस्थान में पूरा किया और महात्मा ज्योतिराव फुले और राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज का अधूरा काम बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करके पूरा किया। आज भाजपा सरकार निजीकरण करके, नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का मानना है कि जाति के आधार पर जनगणना हो ताकि समानुपातिक आधार पर सबको सम्मान और हक हासिल हो सके। डॉ० राममनोहर लोहिया ने सबके विकास के लिए पिछड़ों को विशेष अवसर दिए जाने की मांग उठाई थी। संविधान और आरक्षण खत्म करने का खतरा अभी टला नहीं है।

जनता के संकल्पित प्रयास से संविधान विरोधियों को मात देने का सिलसिला रूकने वाला नहीं। हम सब लामबंद होकर नफरत का खेल खेलने वालों को सफल नहीं होने देंगे। अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का वैचारिक संघर्ष जारी रहेगा। समाजवादी लोग पीडीए की लड़ाई अनवरत जारी रखेंगे।

अतः आज समाजवादी पार्टी अपने सभी कार्यालयों में संविधान मान स्तम्भ की स्थापना कर रही है। इस माके पर चौधरी बलराम यादव, हामिद जाफर मीसम वरिष्ठ नेता अनूप सिंह बलराम मौर्य मो अली राम जी पाल ओपी पासवान राम अचल यादव श्रीचंद यादव बाबूराम गौड सरोज यादव अपर्णा जायसवाल जगन्नाथ यादव अमृत राजपाल शावेज जाफरी पवन यादव मायाराम यादव रियाज अहमद टेनी राम भवन यादव स्वामीनाथ बर्मा सोनू खान आभास यादव सीताराम यादव आजाद सिंह मिर्जा सादिक हुसैन शिव शंकर शिवा विद्या भूषण पासी डॉ. घनश्याम यादव जगन्नाथ यादव दातादीन यादव बाबा रामदेव यादव गोविंद विश्वकर्मा विशाल यादव राकेश चौरसिया प्रवीण राठौर शिव कुमार यादव फौजी रामनाथ कोरी शाह हयात मसूद गजाली राम दुलारे यादव ऋतुराज सिंह बृजेश सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे ।

## एक नजर

### प्राथमिक पाठशाला में चोरी

**बरेली।** सीबीगंज बीती रात्रि चोर प्राथमिक पाठशाला के ताले तोड़कर घुसे और हजारो रुपए के समान की चोरी कर फरार हो गए। रसोईया द्वारा चोरी घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद थाना पुलिस ने प्रधानाध्यापक की शिकायत पर अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीबीगंज के गांव सरायतल्फ़ी के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक मृदुल गंगवार ने बताया कि उन्हें रसोईया कन्हैया लाल द्वारा सूचना मिली थी कि स्कूल के ताले टूटे हुए हैं। जब स्कूल जाकर देखा गया तो कमरों के तले टूटे हुए थे और उसमें रखे इनवर्टर बैटरी बच्चों के खेलने का स्पोर्टस बैट बॉल रिंग आदि गायब थे। घटना की शिकायत अध्यापक ने थाना पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने प्रधानाध्यापक शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### ज़िक्रे शहीदे आज़म कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**बरेली।** फ़ैजाने आला हज़रत कमेटी ने करमपुर चौधरी में ज़िक्रे शहीदे आज़म कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसकी सदारत नबीरा-ए-आला हज़रत मौलाना अदनान रज़ा क़ादरी ने की। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत तिलावत से हुई। ख़तीबे अहले सुन्नत मौलाना हनीफ़ क़ादरी दमखोदवी, मुफ़्ती उमर रज़ा, मौलाना इजाज़ अहमद, मौलाना ज़मी ने तक़रीरों में अहले बैत की शान बयान की। करबला की जंग के बारे में तफ़सीली जानकारी अवाम तक पहुंचाई। इस मौक़े पर शायरे अहले सुन्नत मीर हसन मुस्तफ़ाई और नातख़्वाँ नईम अख़्तर ने शहीदे आज़म की शान में मनक़बत पेश की। आख़िर में नबीरा-ए-आला हज़रत मौलाना अदनान रज़ा क़ादरी ने शहीदे आज़म का ख़ास सदक़ा अता करने की दुआ फ़रमाई। इमाम हुसैन के नक्शे कदम पर गुजारने उनकी तालिमात पर अमल करने का आहवान किया। कॉन्फ्रेंस में अहमद रज़ा, तौफ़ीक़ रज़ा, तस्लीम रज़ा, फ़ैज़ रज़ा, रिज़वान रज़ा, फ़ैज़ान रज़ा, आसिफ़ रज़ा, साबिर रज़ा, फ़हीम रज़ा, आरिफ़ रज़ा, मुजाहिद रज़ा, आक़िब रज़ा, शाहिद रज़ा, आसिफ़ रज़ा, इमरान रज़ा, शाहिद रज़ा मौलाना तालिब रज़ा मौलाना इशरत रज़ा मौलाना इजाज अहमद मौलाना मोहम्मद रज़ा काशिफ रज़ा शादाब रज़ा रिजवान रज़ा मुजाहिद रज़ा मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत

**बरेली।** बहेड़ी अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। नैनीताल हाईवे पर ग्राम मण्डनपुर शुमाली के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से टैक्टर मिस्त्री की मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर-ट्राली डंपर की भिड़ंत मे डंपर चालक की मौत हो गई। बीती रात बहेड़ी मोहल्ला टांडा निवासी टैक्टर मिस्त्री नदीम की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दूसरी ओर बहेड़ी के कोतवाली क्षेत्र चौकी कताई मिल मार्ग पर कताई मिल के चौकी के पास बीती रात करीब ढाई बजे तेज गति से दौड़ रहे डंपर और ट्रैक्टर-ट्राली में आमने सामने से भिड़ंत हो गई जिससे 33 वर्षीय डंपर चालक विकास कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी हामिद नगर थाना बिलासपुर जिला रामपुर की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग गया। दोनों मामलों में पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एसओजी में दिखेंगे नए चेहरे, एसएसपी ने 19 पुलिस कर्मियों का लिया इंटरव्यू

**बरेली।** एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) का दामन लगातार दागदार होता रहा है। नए एसएसपी अनुराग आर्य ने माहौल भांपने के बाद अब एसओजी व सर्विलांस में बदलाव का मन बनाया है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को 19 पुलिसकर्मियों का साक्षात्कार लिया गया। हाल ही में दरोगा के बेटे अमन की हत्या के मामले में भी एसओजी की भूमिका पर अंगुलियां उठी थीं। बताया जा रहा था कि दुकानों पर कब्जे के खेल और कमीशनबाजी के चक्कर में एसओजी ने ही अमन को बुलाया था। उसके दुश्मन विपिन को शक हुआ कि अमन उसकी मुखबिरी कर रहा है, इसीलिए उसकी हत्या कर दी गई। पहले जिले में दस सदस्यीय एसओजी को पूरी तरह भंग कर पूरी टीम पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी जांच तीन साल बाद भी जारी है। अब एसएसपी अनुराग आर्य व्यवस्था में बदलाव कर इसे पारदर्शी बनाने में जुटे हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने अपने कार्यालय में 19 पुलिसकर्मियों का साक्षात्कार लिया। इनमें नौ लोगों ने एसओजी और दस ने सर्विलांस सेल में काम की इच्छा जताई। माना जा रहा है कि इनमें से कई को तैनाती मिलेगी और एसओजी व सर्विलांस का स्टाफ थानों व लाइन में ड्यूटी करेगा।

### आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिले में धारा 144 लागू

**पीलीभीत।** श्रवण माह में कांवड़ यात्रा, स्वतंत्रता दिवस एवं आगामी माह में रक्षा बन्धन, जन्माष्टमी एवं ईद-ए-मिलाद, बारावफात आदि त्योहारों को लेकर जिले में 21 सितंबर तक धारा 144 लागू कर दी गई है। इस बाबत प्रशासन ने आदेश जारी किए हैं। धार्मिक एवं राष्ट्रीय पर्वो पर कोई अराजक तत्व समाज में विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न कर खुराफात न करें इसके लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट ऋतु पुनिया की तरफ से सख्त कदम उठाते हुए जिले में 26 जुलाई से धारा 144 लागू कर दी गई है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति लाठी, डन्डा, बन्दूक, रिवाल्वर, पिस्टल एवं अन्य आग्नेयास्त्र तलवार, कटार, 14 इंच से अधिक फलवाला चाकू आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही ऐसा प्रदर्शन करेगा। राज्य कर्मचारी जिनको अपने शासकीय कर्तव्य हेतु हथियार की आवश्यकता है, को छोडकर अन्य व्यक्ति सार्वजनिक स्थान या मार्ग पर हथियार लेकर नहीं चलेंगे। अन्धे और कमजोर व्यक्तियों के सहारे के लिये डन्डा लेकर चलने की अनुनति है। धार्मिक प्रतीक के रूप में सिक्खों को कृपाण लेकर चलने की अनुमति होगी।किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होगें। यह शर्त कार्य के संबंध में एकत्र हुए लोगों पर लागू नही होगी। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना जलसा, जुलूस, जनत्तमा आदि का आयोजन नहीं किया जायेगा। किसी भी जुलूस,समारोह एवं किसी भी धार्मिक स्थल पर किसी भी प्रकार की नई परम्परा नहीं डाली जायेगी। कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेन्स तेजाब या अन्य कोई विस्फोटक सामग्री एकत्रित नहीं करेगा और न ही सङ्ग के टुकड़े, ईंट, पत्थर आदि अपने घरों के सामने सार्वजनिक स्थानों या छतों पर हिंसा के उद्देश्य से संग्रहित करेगा। बिना अनुमति के लाउडस्पीकर तथा ध्वनि विस्तारक यन्त्र का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इस दौरान तेज आवाज वाले पटाखें भी प्रतिबंधित है। किसी भी समुदाय की भावना को ठेस पहुँचाने बाले लेख, पोस्टर आदि प्रकाशन करने तथा धार्मिक एवं ऐतिहासिक महापुरुष को लेकर टिप्पणी करने पर रोक रहेगी। अफवाह फैलाने, नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर घूमने, सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने, बिना अनुमति के किसी भी सरकारी, अर्द्ध सरकारी व गैर सरकारी भवन, दीवार अथवा अन्य स्थान पर पोस्टर, हैण्ड बिल होर्डिंग व कटआउट लगाने प्रचार लेख का लेखन कराने, मोटर साइकिल आदि पर सवार होकर हुड़दंग करने व उत्तेजक नारे या बयानबाजी करने पर सख्त कार्यवाही झेलनी पड़ सकती है। लाउडस्पीकर का प्रयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नहीं कर सकेंगे।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

विश्ववार्ता संवाददाता



**पीलीभीत।** एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर जमीन पर पड़ा मिला। युवक के गले में रस्सी का फंदा पड़ा हुआ था, जिसे किसी धारदार हथियार से काटा गया था। घटना की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है।

गजरौला थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी लालता प्रसाद पुत्र हरीराम का शव उसके घर के कमरे में पड़ा मिला। लालता प्रसाद कारपेंटर का काम करता था। काम पर चलने के लिए जब उसके चाचा उसे बुलाने के लिए घर पहुंचे तो घर का मेन गेट बंद था। चाचा ने गांव के एक बच्चे को छत पर चढ़कर गेट खुलवाया और जब घर के अंदर गए, तो देखा कि लालता प्रसाद का शव कमरे में पड़ा था और कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। घटना की सूचना गजरौला थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई हरिशंकर ने बताया कि वह लंबे समय से रुद्रपुर में रहता है। मृतक गांव स्थित अपने मकान में अपनी पत्नी के साथ रहता था, जबकि माता-पिता दूसरे मकान में रहते हैं। हरिशंकर ने बताया कि गुरुवार को लालता प्रसाद का अपनी पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई। शुक्रवार को उन्हें भाई की मौत की जानकारी मिली। जब वह घर पहुंचा तो लालता प्रसाद के गले में फांसी का फंदा पड़ा था और हाथ पर भी रस्सी के निशान थे। कमरे के हालात देखकर उन्हें हत्या का मामला लग रहा है। घटनास्थल पर कई बीड़ी पड़ी मिली हैं, जबकि मृतक लालता प्रसाद का बीड़ी से कोई नाता नहीं था। गजरौला थाना अध्यक्ष ने बताया कि युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।

## फर्जी नियुक्ति पत्र : टीसी पद की नौकरी ज्वाइन करने गया युवक पहुंचा जेल

विश्ववार्ता संवाददाता



**पीलीभीत।** फर्जी नियुक्ति पत्र के सहारे टीसी पद की नौकरी ज्वाइन करने रेलवे स्टेशन पहुंचे युवक ने उप मुख्य टिकट निरीक्षक से नौकरी ज्वाइन कराने का अनुरोध किया। उप मुख्य टिकट निरीक्षक ने नियुक्ति पत्र फर्जी होने की आशंका व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों से जानकारी की। अधिकारीयों से वार्ता होने के बाद युवक का फर्जीबाड़ा सामने आया। जीआरपी पुलिस ने उप मुख्य टिकट निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव भिलईया गाँवखेड़ा निवासी रामचरन लाल का पुत्र राजेंद्र कुमार टीसी पद का नियुक्ति पत्र लेकर पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर पहुंचा और उपमुख्य टिकट निरीक्षक शिव कुमार यादव से ज्वाइन कराने का अनुरोध किया। उप मुख्य टिकट निरीक्षक को नियुक्ति पत्र पर संदेह हुआ और उन्होंने उच्चाधिकारियों से इस संबंध वार्ता की। उच्च अधिकारियों से वार्ता करने के बाद पता चला कि युवक द्वारा प्रस्तुत किया गया नियुक्ति पत्र फर्जी व कूटरचित तरीके से तैयार किया गया है, क्योंकि इस तरह का कोई नियुक्ति पत्र रेलवे की ओर से जारी ही नहीं किया गया है। उपमुख्य टिकट निरीक्षक की तहरीर के आधार पर जीआरपी थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 318 (2), 336 (3), 338, 340 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपी राजेंद्र कुमार को जेल भेज दिया है।

## ताइवान में शिक्षा लेंगे यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के छात्राएं ताइवान मैं मंदारिन भाषा की शिक्षा लेंगे, ताइवान जा रहे विद्धार्थियों ने विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अनीता त्यागी के साथ कुलपति से भेंट की, छात्रों की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो के पी सिंह ने अपनी ख़ुशी प्रदर्शित करते हुए विभाग एवम् छात्रों को बहुत बधाई दी और उन्हें ऐसे ही आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद भी दिया। गत वर्ष भी सेन्टर के 6 छात्रों ने ताइवान से छात्रवृत्ति प्राप्त कर 6 महीने और 1 छात्रा ने 12 महीने ताइवान रहकर मंदारिन भाषा को सीखा और ताइवान की संस्कृति को भी अनुभव किया।

महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्व विद्यालय परिसर में विभिन्न भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिग्री पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे हैं। जिसमें विदेशी भाषाएँ मंदारिन, जर्मन, स्पेनिश और फ्रेंच के एक साल (दो सेमेस्टर) के चार डिप्लोमा कोर्स-प्रोफ़िशिएन्सी इन जर्मन, प्रोफ़िशिएन्सी इन फ्रेंच, प्रोफ़िशिएन्सी इन मंदारिन और प्रोफ़िशिएन्सी इन स्पैनिश, एक सेमेस्टर के इंगलिश भाषा के दो सर्टिफिकेट कोर्स कम्युनिकेटिव स्किल्स, इंगलिश फॉर बिज़नेस तथा इसके अतिरिक्त M.A. इन फंक्शनल हिन्दी और MA इन पाली में दो पीजी डिग्री पाठ्यक्रम भी पढ़ाये जा रहे हैं।

डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स में बारहवीं पास छात्र व छात्राएँ एडमिशन ले सकते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ अनीता त्यागी ने बताया कि मंदारिन भाषा को समझने और बोलने वाले छात्र छात्राओं के पास देश और विदेश में कई नौकरी के अच्छे अवसर उपलब्ध हैं।

## हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर बच्ची पर गिरा, बचाने दौड़ी मां भी आई चपेट में

» दोनों की करंट से झुलसकर मौत

विश्ववार्ता संवाददाता





**बरेली।** बहेड़ी गाँव सकरस के एक परिवार में होने वाले कार्यक्रम में रंग में भंग हो गया। ननद के घर बच्चे के नामकरण में शामिल होने बच्ची के साथ आई एक महिला दोनों की हादसे में मौत हो गई। घटना होते ही पूरा गाँव इकटठा हो गया। लोग बिजली विभाग के मौके पर न आने से बहुत गुस्से में थे। घटना के फौरन बाद मौके पर पहुंची एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव और सीओ अरूण कुमार सिंह ने भीड़ को बहुतेरे समझाने की कोशिश की पर लोग शव उठाने देने को तैयार नहीं हुए। काफी मशक्कत के बाद करीब ढाई घंटे बीतने पर बिजली विभाग के अफसरों द्वारा लाइन को तत्काल निलंबित करने और परिवार को दोनों मृतकों के एवज़ में दस लाख मुआवजा देने की घोषणा के बाद जैसे तैसे शव सीएचसी ले जाए जा सके जहाँ पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाए।

घटना शुक्रवार दोपहर एक बजे की बताई जाती है। गाँव सकरस में आकाश कश्यप के यहाँ बच्चे का नामकरण संस्कार कार्यक्रम था। उसी में नेग दस्तूर लेकर देवरनिया थाने के गाँव चुबकिया निवासी राजपाल उर्फ़ दयाराम की पत्नी आरती (32) अपनी दस साल की बेटी तनु के साथ आई हुई थी। मां बेटी कार्यक्रम के बाद किसी से फोन पर बात करने छत पर गयीं ही थीं कि अचानक छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार बोल्ट की लाइन का तार तनु के ऊपर टूटकर गिर गया। बच्ची को तड़पते देख आरती ने दौडकर पकड़ा तो वह भी करेंट की चपेट में आ गयी और दौनो मां बेटी की झुलसकर दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा होते ही लोगों की भीड़ लग गयी। एसडीएम और सीओ ने परिजनों को समझाकर आगे की कार्रवाई के लिए बात करनी चाही पर लोग बिजली विभाग के अधिकारियों से इस कदर नाराज थे कि उनके मौके पर आने तक शव नहीं उठने देने पर अड़ गये। भीड़ में से डीएम रविंद्र कुमार को बुलाए जाने की मांग उठने लगी। लगातार बढ़ रही भीड़ को देखकर एकबारगी तो अधिकारी सकते में आ गये। परिजनों को समझाने बुझाने की कोशिश तब रंग लाई जब मौके पर एक्स ई एन चमन प्रकाश तथा एसडीओ नगर व ग्रामीण अमित गंगवार व प्रेम चंद यादव मौके पर पहुंचे और मुआवजे के साथ ही संबंधित लाइन मैन ओमप्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए जाने की घोषणा की गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस की जिप्सी में दोनों शवों को सीएचसी लाया गया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शवों को पी एम हाउस भिजवाया गया।

## 'सपा ने संविधान-मानस्तंभ' स्थापना दिवस मनाया

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यालय पर संविधान मान स्तम्भ दिवस₹ के रूप में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप की हुआ।

जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा 'आरक्षण दिवस' 26 जुलाई को समाजवादी पार्टी ने 'संविधान-मानस्तंभ' के 'स्थापना दिवस' के रूप में मनाने का विनम्र निर्णय लिया है क्योंकि इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा संकल्पित 'आरक्षण' को कोल्हापुर के परम आदरणीय-अनुकरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू करके, आरक्षण का शुभारंभ किया था। सामाजिक न्याय की भावना को आरक्षण के रूप में इसी दिन अमल में लाया गया था, जो आगे चलकर बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के सद्प्रयासों से हमारे संविधान में एक जनाधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का मूल आधार बना और देश के लोकतंत्र की स्थापना का मूल सिद्धांत भी।

महानगर अध्यक्ष शमीम ख़ाँ सुल्तानी ने कहा 'संविधान-मानस्तंभ' की स्थापना का इससे अधिक ऐतिहासिक अवसर और क्या हो सकता है, क्योंकि विचार को सही में लागू करना ही तो सबसे बड़ा और प्रभावशाली उदाहरण होता है, जो श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने कर दिखलाया था। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर ने कहा कि अखिलेश यादव बधाई के पात्र जो पीडीए के रूप में छत्रपति शाहू महाराज की दिखाई राह को बाबा साहब अम्बेडकर के दिए संविधान की ताकत से मजबूत करने की मुहिम छेडे हुए है।

## बरेली के दो कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत

**बरेली।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पनवडिया निवासी शिवभक्तों के साथ हरिद्वार जाते समय बिजनौर में बड़ा हादसा हो गया। इसमें प्रधान के बेटे समेत दो कांवड़ियों की मौत हो गई। बिजनौर पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। सूचना मिलने के बाद मृतकों के परिजन भी वहां पहुंच गए। बीती शाम को गांव के प्रधान ओमप्रकाश गंगवार के बेटे 22 वर्षीय अखिलेश के साथ कांवड़ियों का जत्था ट्रैक्टर-ट्रॉली से हरिद्वार रवाना हुआ था। कुछ कांवड़िये बाइक से भी गए थे। रात में करीब साढ़े तीन बजे बिजनौर जिले के थाना अफजलगढ में गांव आसिफाबाद के पास तेज रफ्तार डंपर ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे अखिलेश और 24 वर्षीय शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। गांव निवासी 30 वर्षीय उत्कर्ष और 27 वर्षीय राम बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## लापता बेटी बरामद न होने पर हंगामा, घेरा थाना, मां ने दी आत्महत्या की धमकी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** भोजीपुरा थाना भोजीपुरा क्षेत्र से होमगार्ड की बेटी की बरामदगी की मांग करते हुए संगठनों ने थाने का घेराव किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रा की मां ने 24 घंटे में बेटी के बरामद न होने पर आत्महत्या की धमकी दी है।

भोजीपुरा के एक गांव के रहने वाले होमगार्ड की बेटी बीएससी की छात्रा है। जो 13 जुलाई को कोचिंग पढ़ने जा रही थी। आरोप है कि गांव का रहने वाला समुदाय विशेष का युवक उसे अगवा करके ले गया। पुलिस ने तीन दिन बाद 16 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज की। छात्रा के परिजनों और संगठनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एक तो तहरीर बदलवाकर देर से रिपोर्ट दर्ज की। इसके अलावा छात्रा को ढूंढने की भी कोशिश नहीं की।

हिंदू संगठनों को जब पता चला कि थाने में पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा और सीओ हाईवे नितिन कुमार मौजूद हैं। तो लोगों ने गुरुवार रात 8 बजे भोजीपुरा थाने का घेराव कर करके प्रर्दशन किया। लड़की की मां ने उपनिरीक्षक रिंकू कुमार पर आरोपी युवक के परिजनों से रुपये लेकर मदद करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। सीओ हाईवे ने भीड़ को बमुश्किल समझाया। इस दौरान लोगों ने छात्रा को बरामद करने और दरोगा रिंकू कुमार पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं विभिन्न हिंदू संगठनों के अर्जुन सिंह यादव, विवेक गंगवार, अगेंद्र सिंह गांधी, सतेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय शर्मा, नरेन्द्र पाल गंगवार, वीरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे। छात्रा की तलाश के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं।

## सहयोग संस्था ने किया पौधारोपण व बच्चों को बांटी स्टेशनरी किट

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** ब्लॉक भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत ददिउरा में सहयोग संस्था के सभी पदाधिकारियों ने पहुंचकर प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया, एवं स्कूल में पढ़ रहे सभी बच्चों को स्टेशनरी किट देकर सम्मानित किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाजसेवी पंकज बाथम का सभी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पंकज वाथम ने कहा कि यह संस्था यदि इस तरीके से काम करेगी तो पूरे जनपद की तस्वीर बदलने में इसका बहुत बड़ा योगदान रहेगा। संस्था के संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि हमको जनपद की सभी 1069 ग्राम पंचायतो को स्वच्छ एवं हरियाली युक्त, महिला हितैषी, बाल हितैषी, ग्राम पंचायत बनाने के लिए जागरूक करना है। संस्था के सदस्य और महेंद्रू बुक डिपो के प्रोपराइटर निखिल महेंद्रू ने कहा कि हम सभी मिलकर इस सेवा के कार्य को सदैव करते रहेंगे। आज के कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक शाहनवाज़ खां एडवोकेट, अध्यक्ष नेहा यादव, महासचिव अनूप कुमार एडवोकेट, कोषाध्यक्ष प्रगतिशील कृषक महेंद्र दुबे, सह कोषाध्यक्ष शालू यादव, उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, सरदार हरजीत सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बारिश अली, सह अध्यापक मदनलाल, शिक्षा मित्र कविता अबस्थी, रीता देवी, सहित ग्रामवासी रविंद्र दीक्षित, सतीश दीक्षित, देवेंद्र दीक्षित, मनोज दीक्षित, शिवम दिक्षित, विजय बहादुर दीक्षित, अक्षय त्रिवेदी, अभय प्रकाश दीक्षित, लाल मोहम्मद, सतपाल वर्मा, अवनीश वर्मा, नितिन दिक्षित, सुधीर कुमार आदि सभी मौजूद रहे।

## व्यापारी नेता ने बाढ़ प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा दिलाने की उठाई मांग

**शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के व्रज क्षेत्र के सह संयोजक/प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन किशोर कुमार गुप्ता ने बाढ़ पीड़ितों के साथ एडीएम ज्ञानेंद्र नाथ और एडीएम एफआर से मिले ओर उनसे जल्द मुआवजा देने की मांग की ओर जो इस बाढ़ में छोटे व्यापारी चपेटे में आए है। उनके लिए सरकार द्वारा क्या योजना है इस पर उन्होंने बताया कि सिर्फ पशु बाड़ा में आपदा आने पर 3000ज़ कच्चे मकान की दिवार गिरने पर 3000, झोपड़ी अगर गिर गई है तों 8000, पक्का मकान गिरने पर 6500, कच्चा मकान गिरने पर 4000, पूरा मकान गिरने पर 130.000 रुपये सरकार द्वारा दिया जायेगा। बस यही योजना है। व्यापारियों के लिए कोई अलग से योजना शासन से नहीं आई है। किशोर कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के लिए अलग से मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग रखी जाएगी।

## रानी लक्ष्मी बाई महिला विंग ने सावन महोत्सव का आयोजन किया

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहांपुर।** रानी लक्ष्मी बाई महिला विंग ने सावन महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें सभी महिलाओं ने हरे रंग के परिधान में सज धज कर सावन के गीत गए, एवं खूब नृत्य किया। संस्थापक डॉक्टर नमिता सिंह ने बताया की सावन का महीना बहुत ही पुनीत माना जाता है। जिसमें गर्मी से लोगों को राहत मिलती है और बरसात का महीना आता है चारो ओर हरियाली छा जाती है। प्रकृति अपनी खूबसूरती से चारों तरफ सभी को हर्षित करती है।

अध्यक्ष प्रियंका कपूर ने बताया कि भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों पर प्रसन्न होते हैं और उन्हें मनचाहा वरदान देते है। इस मौके पर कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कीरत माटा ने साक्षी सिंह सुनीता रचना अवस्थी व नेहा को सावन क्वीन बनाया। अलका वर्मा विमी सैनी रिशु गुप्ता फर्स्ट रनर अप रही। शिवा अग्निहोत्री मीनू गुप्ता मेहंदी क्वीन लक्ष्मी गुप्ता सुपर क्वीन बनी।

सुनीता सिंह ने सभी को अंताक्षरी गेम खिलाए। सचिव स्तुति गुप्ता व कोषाध्यक्ष शुभा शर्मा ने सभी को ताज पहन कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सोनी मिश्रा को एलीजेंट क्वीन सपना सिंह को ब्यूटीफुल आइज तानिया गुप्ता को ग्लैमर क्वीन गीता त्रिवेदी को डांसिंग क्वीन के अवार्ड से नवाजा गया। सभी ने डॉक्टर नमिता सिंह को क्वीन ऑफ हार्ट के अवार्ड से नवाजा। इस अवसर पर सभी सदस्य मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजली

**बरेली।** कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीद जवानों को याद करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शाहिद चौक के शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि के साथ श्रद्धाजली दी गई। कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास के तत्वावधान में सैनिकों ने श्रद्धांजली पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास की ओर से पूर्व सैनिक जगत सिंह ने बताया कि कारगिल युद्ध में हमारे देश के 527 जवान शहीद हुए थे और 1363 घायल हो गए थे। आज कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हम सब सैनिक भाई शहीदों श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित किए। साथ ही सभी सैनिकों ने मांग करते हुए कहा कि शाहिद हुए जवानों और उनके परिवार का सभी को सम्मान करना चाहिए।

**कार्रवाई** सैम-मैम परियोजना में खराब प्रगति पर मदनापुर, जैतीपुर, पुवायां, निगोही, ददरौल एवं खुटार के सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की जिला पोषण समिति/जिला टास्क फोर्स (हॉट कुक्ड मील योजना) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि संभव अभियान 4.0 (पोषण संवर्धन की ओर एक कदम) माह-जून, 2024 से सितंबर, 2024 तक मनाया जा रहा है, जिसमें सैम बच्चों का चिंहाकन, उपचार, सन्दर्भन एवं सामुदायिक स्तर पर उनके प्रबंधन के साथ-साथ कुपोषण की रोकथाम हेतु सामुदायिक व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाना है। मातृ पोषण के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, स्वस्थ्य जाँच (पोषण ट्रैकर ऐप पर वजन/ लम्बाई की फीडिंग) कराते हुए उनके पोषण और स्वस्थ्य हेतु सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन करना है। सीएम डैशबोर्ड की माह-जून, 2024 की रिपोर्ट में जनपद की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने खराब प्रगति वाली परियोजनाओं मदनापुर, जैतीपुर, पुवायां, निगोही, ददरौल एवं खुटार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए आगामी माहों में प्रगति होने तक प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की प्रगति का अनुश्रवण भी शासन स्तर से किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को अनारम्भ आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण तत्काल आरम्भ करायें जाने के निर्देश दिये तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को तत्काल पूर्ण कर विभाग को हस्तगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने तैनाती स्थल पर निवास करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके गौतम, डीपीआरओ घनश्याम सागर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मियों से अभद्रता कर वर्दी फाड़ने बाले सभासद को जेल

**पीलीभीत।** शराब के नशे में धुत सभासद ने आसाम रोड चौकी पर जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। विरोध करने पर सभासद ने चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। पुलिस कर्मियों का आरोप है कि सभासद ने सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए। घटना की सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने सभासद को हिरासत में ले लिया और गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी सभासद को जेल भेज दिया है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की आसाम रोड चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी चंद्रमणि ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत नौगवा पकड़िया निवासी सभासद अल्ताफ हुसैन शराब के नशे में धुत होकर चौकी पर आया और झगड़ा करने लगा। उप निरीक्षक हिमांशु चौकी पर पहुंचे और सभासद से हंगामा करने की बजह पूछी तो धुत सभासद दरोगा हिमांशु से भी अभद्रता करने लगा।

## संपादकीय

# अलगाव का समर्थन

हैरानी की बात है कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में डिब्रूगढ़ जेल में नजरबन्द खालिस्तान प्रचारक व अजनाला कोतवाली हिंसा का मुख्य आरोपी अमृतपाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता है और कांग्रेस सांसद चन्नी लोकसभा में उसके पक्ष में बोल रहे हैं। वैसे चन्नी की बौद्धिक व प्रशासनिक योग्यता के स्तर का इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि फरवरी, 2018 में कैप्टन अमरिन्द्र सिंह की सरकार के तकनीकी शिक्षा मन्त्री रहते हुए उन्होंने प्राध्यापकों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि क्रिकेट की तरह टॉस करके की थी। उस समय देश-दुनिया में इस घटना को बड़े हास्यस्पद अन्दाज में कहा और सुना गया था। बाद में मुख्यमन्त्री बनने के बाद चन्नी प्रधानमन्त्री की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं कर पाए और बठिण्डा से फिरोजपुर जाते हुए कथित किसान आन्दोलनकारियों ने प्रधानमन्त्री के काफिले को घेर लिया था। इस पर चन्नी ने सुरक्षा की सारी जिम्मेवारी केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों पर डालने का प्रयास किया। लोकसभा चुनावों के समय जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों को चन्नी ने भाजपा की रणनीति बताया था। अब चन्नी द्वारा किसी खालिस्तानी का समर्थन करना चाहे किसी को चौंकाता हो परन्तु 1980 के दशक की राजनीतिक कलाबाजियां देख चुकी पीढ़ी अच्छी तरह जानती है कि चन्नी का अमृतपाल के प्रति दु:ख अनायास नहीं बल्कि यह कांग्रेस और खालिस्तान के बीच गर्भनाल के रिश्ते की टीस है। देश के समक्ष अब यह रहस्य नहीं रहा कि अलगाववादी सोच के व्यक्ति जरनैल सिंह भिण्डरांवाले को पंजाब की अकाली राजनीति को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने मैदान में उतारा और उस पर खालिस्तानी लेबल चस्पा किया। गौरतलब है कि जब भी भिण्डरांवाले से कोई खालिस्तान की मांग के बारे पूछता था तो उसका यही जवाब होता था कि हम खालिस्तान की मांग नहीं करते, पर सरकार इसका प्रस्ताव करती है तो हम इन्कार भी नहीं करेंगे। चूंकि पंजाब के नर्मदलीय अकाली नेताओं को कमजोर करने के लिए गर्मदलीय लोगों के साथ खालिस्तान का लेबल चस्पा करना जरूरी था तो 13 अप्रैल, 1978 में हुए निरंकारी-सिख टकराव की घटना के बाद ऐसी शक्ति का खड़ा करना जरूरी हो गया जो खुल कर खालिस्तान की बात करे। चूंकि भिण्डरांवाला न तो खालिस्तान की मांग करने वाला था और न ही विरोध, तो उसके साथ इस बिखराव की मांग को आसानी से जोड़ा जा सकता था। उस समय कांग्रेस नेताओं ने यह काम बड़ी बखूबी किया। इस काम के लिए पंजाब में दल खालसा के नाम से कट्टरवादी संगठन का गठन किया गया। इस संगठन के उद्घाटन समारोह में सिख पन्थ की अवधारणा और उसके स्वतन्त्र अस्तित्व को जीवित रखने का संकल्प लिया गया। संगठन का राजनीतिक उद्देश्य खालसा का बोलबाला बताया गया। चण्डीगढ़ में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में यह घोषणा की गई कि दल खालसा की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्वतन्त्र सिख साम्राज्य की स्थापना सुनिश्चित करना है। अगले दिन पंजाब के कई समाचार पत्रों में यह खबर छपी थी। कांग्रेस की आपसी गुटबाजी ने भी पंजाब समस्या को उग्र बनाने में बहुत मदद दी है। केवल दलीय दृष्टिकोण से ही समस्याओं को देखने का उसका स्वभाव रहा है, इसलिए सत्ताहीन अवस्था में अकाली दल को शह देने के लिए उसने भिण्डरावाले को उभारा। कांग्रेस की आपसी धड़ेबन्दी ने भिण्डरावाले की उग्रता के विरुद्ध समय रहते कड़े कदम उठाने नहीं दिये और जब भिण्डरावाले ने भस्मासुर का रूप लेकर अपने वरदाता को ही भस्म करने के लिए हाथ बढ़ाया तब कांग्रेसी शासन को ऐसी कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ा जिसने समाज में अविश्वास की खाई को और चौड़ा कर दिया तथा उग्रपन्थियों को खुलकर खेलने का मौका दे दिया। देश से जुड़े विभिन्न मुद्दों से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर काडर तक किस तरह दिशाभ्रम के शिकार हैं। इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि पार्टी एक तरफ तो इन्दिरा गान्धी, राजीव गान्धी व बेअन्त सिंह को आतंकियों के हाथों मिली शहादत की विरासत अपना बताती है तो दूसरी ओर अमृतपाल जैसों के दु:ख में पतली होती रही है। अधिक विस्मयकारी बात तो यह है कि चन्नी को वहां बैठे किसी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने ऐसा करने से रोका तक नहीं और न ही बाद में खेद जताया गया।

## कटाक्ष — हसन जैदी




# बातचीत से ही खुलेंगी किसान आन्दोलन के समाधान की राहें


ललित गर्ग

मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिकताओं का जिक्र किया, उसमें विकसित भारत के लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला-युवा विकास के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है।

इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने किसान आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक 'तटस्थ मध्यस्थ' की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान-आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते है? क्यों अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं?

निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून-व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है।



यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है।

विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान-आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है।

उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती-किसानी की दशा-दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन-तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे।

ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा।

असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद थी कि सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है।

दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। विपक्षी दल किसानों के हित में आन्दोलन की बजाय बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़े। स्तरीय विरोध हो, किसानों को गुमराह करने एवं उनका मनोबल कमजोर करने के लिये विपक्षी दल उजालों पर कालिख न पोते, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# क्या नीतीश-तेजस्वी से उब गई है बिहार की जनता ?


क्रांति कुमार पाठक

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में बिहार की राजनीति में क्या कोई बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है। क्योंकि इसका संकेत पूर्णिया लोकसभा चुनाव में और फिर रुपौली विधानसभा उपचुनाव से देखने को मिलने लगा है। बिहार में जनता का रूझान राजग गठबंधन और इंडिया अलायंस से हटता दिख रहा है।

लोकसभा चुनाव में बिहार में कई सीटों पर राजग गठबंधन बहुत कम अंतर से जीता जबकि पूर्णिया लोकसभा चुनाव में और रुपौली विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को जोर से झटका दिया है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दोनों से अब उब चुकी है, जिससे ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कोई बड़ा सियासी खेला हो सकता है।

दरअसल 2005 में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद नीतीश कुमार बिहार में 'सुशासन बाबू' की छवि बनाई थी। उन्होंने बिहार को बदलने के लिए कई कोशिशें भी की। लेकिन ऐसा लगता है कि समय के साथ कुर्सी के मोह ने नीतीश कुमार को जनता से दूर कर दिया है।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि बिहार की जनता अब न तो नीतीश कुमार पर भरोसा कर पा रही है और न ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ही जनता का भरोसा जीत पा रहे हैं। पूर्णिया और रुपौली के चुनावी नतीजे इसी बात के संकेत हैं। इन नतीजों से साफ है कि बिहार की जनता अब नीतीश कुमार की 'सुशासन बाबू' वाली छवि और तेजस्वी यादव की 'युवा नेता' वाली छवि से उब चुकी है।

जनता अब बदलाव चाहती है और अगर उसे कोई नया और बेहतर विकल्प मिलता है तो वह उसे चुनने में पीछे नहीं हटेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता कम होने का सबसे बड़ा कारण है उनका बार-बार पाला बदलना। अपने चार कार्यकालों में नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। वह कभी राष्ट्रीय जनता दल तो कभी भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाते रहे हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 में राजग गठबंधन को नौ सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं दूसरी ओर इंडिया अलायंस को भी अपेक्षा के अनुरूप कोई खास



बढ़त नहीं मिली। इससे साफ है कि जनता अब किसी बहकावे में नहीं आने वाली है और राज्य के विकास के लिए नए चेहरों को मौका देने के लिए तैयार है। ऐसा लगता है कि बिहार की जनता अब जातीय गोलबंदी की राजनीति से बाहर निकलने के लिए कुलबुला रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 सीटों में से 39 सीटें जीतने वाले राजग गठबंधन को सिर्फ 30 सीटों से संतोष करना पड़ा। कई सीटों पर तो राजग गठबंधन के उम्मीदवार बहुत ही मामूली अंतर से जीते।

दूसरी तरफ इंडिया अलायंस को भी जनता ने पसंद नहीं किया। 2019 में एक भी सीट नहीं जीतने वाली राष्ट्रीय जनता दल को इस बार सिर्फ 4 सीटें मिली। वहीं कांग्रेस को 3, वामदलों को 2 सीटों से संतोष करना पड़ा। इस तरह लोकसभा के नतीजों से साफ है कि बिहार की जनता ने राजग गठबंधन और महागठबंधन दोनों पर ही कम भरोसा जताया है।

पूर्णिया लोकसभा सीट पर तो जनता ने नीतीश-तेजस्वी की तमाम कोशिशों को नकारते हुए निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव को अपना सांसद चुना। जबकि तेजस्वी यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट पर अपनी पार्टी के उम्मीदवार बीमा भारती के लिए जमकर प्रचार किया था। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि आप राजग गठबंधन के उम्मीदवार को चुन लीजिए, लेकिन निर्दलीय उम्मीदवार को वोट नहीं दीजियेगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पूर्णिया में अपनी पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा और कई चुनावी सभाएं भी की थी। लेकिन पूर्णिया की जनता ने नीतीश और तेजस्वी को नकारते हुए निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव पर भरोसा जताया। यही कारण है कि सियासी पंडित रुपौली विधानसभा उपचुनाव के नतीजे को दूसरे नजरिए से देख रहे हैं। कहा तो ये भी जा रहा है कि पर्दे के पीछे से सियासी खेल खेला जा रहा है जिसका असर 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में दिखेगा।

नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव को यह झटका रुपौली विधानसभा उपचुनाव में भी देखने को मिला जहां जदयू और राजद दोनों के उम्मीदवारों को निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने करारी शिकस्त दी। ऐसे में पूर्णिया लोकसभा और रुपौली विधानसभा उपचुनाव के नतीजे बताते हैं कि की जनता अब एक नया विकल्प तलाश रही है।

तभी तो बिहार के कई लोकसभा सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने राजग गठबंधन और महागठबंधन के उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर दी। काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार और भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने राजग गठबंधन और महागठबंधन के उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर दी। ऐसे में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी जनता के लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

## कविता


रीता श्रीवास्तव

### बादल क्रोधित

घनघोर घटाओ के मिस घर्षण
बादल तुम क्रोधित क्यों हो
चपल दामिनी जब छिटकी है
वही रोष तुम पर करती है
क्यों तुम गरजे, क्यों तुम तरजे
किसने तुमको कुपित किया
धरती मां तो बस देती है
उसने तुमको सिखा दिया
जिसकी गोद से तुम उठते हो
नील निलय में उत्सव बनते
नृत्य भंगिमा से तुम उठते
या फिर किस पर कुपित बरसते
वसुधा अपना हाथ पसारे
उसका वत्सल तुम्हें दुलारे
धानी चूनर लहर लहराती
आओ मेरे लालन पुकारे
बरस धरा को मुग्ध करो हे
गरजो बन कर गान गगन के
बरस सरित गिरि सर सागर में
क्षुब्ध न हो हे रोष न कर दो
सर सरिता सब शुष्क पड़े है
उनको भर दो तृप्त करो हे
जन मन की तृष्णा को हर लो
हे पयोद तुम क्यों रोषित हो
उतना बरसों धरा पोषित हो
हर लो धरती की उष्मा को
तृप्त करो इस प्यासे जग को
हो वत्सल धरती के प्यारे
कुपित न हो हर्षित हो बरसो
सरसिज मन अब हर्षित सरसे।

# गठबंधन संभालते हुए अमृतकाल के सपने पूरे करेगा आम बजट


कमलेश पांडेय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब 23 जुलाई मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया तो किसी को अमृतकाल और विकसित भारत की आहट मिली तो किसी को वही रटी रटाई बातें जो पिछले 10 सालों से होती आई है और अगले 15 सालों तक रहने वाली है, यदि इस बीच गठबंधन की गांठ नहीं खुली तो। भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट को अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट बताया और कहा कि यह अगले पांच साल के लिए हमारी दिशा तय करने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत की आधारशिला रखेगा, लेकिन उनकी बातों में, बजट अभिभाषण में, और बजट प्रस्तावों में मीन मेख निकालने वाले नेताओं की कमी नहीं दिखी।

बावजूद इसके केंद्रीय बजट 2024 एक संतुलित बजट है क्योंकि इसमें महिलाओं, युवाओं, गरीबों, किसानों के हित को सामने रखकर विभिन्न आवश्यक व लोकहितकारी घोषणाएं की गई हैं। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल वाले विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता को दोहराता हुआ बजट है जिससे पूरी उम्मीद है कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के मिशन को पूरा करेगा। वहीं, इस केंद्रीय बजट में क्षेत्रीय असंतुलन को संतुलन में लाने की कोशिश की गई है, जो आगे भी जारी रखी जायेगी, ऐसे संकेत मिले हैं क्योंकि देश के कुछ पिछड़े क्षेत्र हैं जिन्हें पिछली सरकारों ने नजरअंदाज किया है, इसलिए विकास की गंगा वहां तक पहुंचाना समावेशी विकास की सबसे बड़ी जरूरत है।

शायद इसी नजरिए से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं से पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस लिहाज से बजट में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है।

केंद्रीय बजट में एक तरफ आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपए और आगामी वर्षों में अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की घोषणा की गई, जो अच्छी बात है तो दूसरी तरफ बिहार को 26 हजार करोड़ रुपये देने का एलान किया गया है। ऐसा करके वित्त मंत्री ने अपने दोनों गठबंधन साथियों टीडीपी और जदयू को साधने की पहल की है जो समझदारी भरा कदम है। इन दोनों राज्यों के आर्थिक हितों का ख्याल रखने से एनडीए सरकार पांच सालों तक चलती रहेगी और आगे के भी चुनावों में उम्दा प्रदर्शन करती रहेगी।

इस आम बजट को युवाओं और महिलाओं के सपनों का बजट भी करार दिया गया है क्योंकि इनके दृष्टिगत कौशल विकास और रोजगार सृजन की जो घोषणाएं हुई हैं, वह ऐतिहासिक हैं। इस प्रकार इस बजट में पीएम मोदी का विकसित भारत का सपना पूरी तरह से झलकता है। वहीं, अगर विपक्ष ने इस बजट की आलोचना की है तो इसका मतलब यह भी लगाया जा रहा है कि बजट अच्छा है, क्योंकि आलोचना करना तो उनका विपक्ष धर्म है जिसका निर्वहन करने के लिए भी यह सरकार पूरे मौके देती है।

इस बारे में एक तरफ सत्ताधारी टीडीपी कहती है कि वाईएसआर कांग्रेस के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी दिल्ली जाकर राज्य की छवि को खराब करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राज्य के विकास और कल्याण को लेकर वित्तीय सहायता के लिए दो बार दिल्ली गए और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए 15000 करोड़ का विशेष पैकेज लेकर आए। वहीं दूसरी तरफ विपक्षी इंडिया गठबंधन की राजद सांसद और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी कहती हैं कि राज्य में हत्या और चोरी हो रही है। मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल रही है। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही और किसानों की समस्या अभी भी जस की तस बरकरार है। ऐसे में बिहार को 26 हजार करोड़ रुपये आवंटित करना बिहार को झुनझुना देने के बराबर है।

सच कहूं तो पंजाब से लेकर महाराष्ट्र तक केंद्रीय बजट 2024 की आलोचना हो रही है जहां पंजाब के संसद सदस्यों ने केंद्रीय बजट में धन आवंटन के मामले में उनके राज्य को अनदेखा करने का आरोप लगाया और विरोध प्रदर्शन तक किया। वहीं, महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने भी ताजा बजट में उनके राज्य की उपेक्षा करने का आरोप मढ़ते हुए संसद के बाहर प्रदर्शन तक किया जबकि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी कहलाने का गौरव प्राप्त है। बजट में महाराष्ट्र को नजरअंदाज करना भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में भारी पड़ सकता है ।

विपक्ष की इस राय में दम है कि पिछले दस वर्षों से मोदी सरकार से कोई उम्मीद नहीं है क्योंकि हम सिर्फ नारे सुनते रहते हैं। आज के बजट में भी जुमले ही अधिक रहे। लिहाजा, इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। न तो उन्हें सरकार चलाने आता है और न ही उन्हें लोगों के दर्द से कोई मतलब है।

मौजूदा केंद्रीय बजट पर उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के नेताओं ने जिस तरह से नाखुशी दिखाई है, उस तरह से वैकल्पिक सुझाव नहीं दिए कि इसके बदले क्या किया जाना चाहिए। यूपी की समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने ठीक ही कहा कि सरकार बचानी है तो अच्छी बात है कि बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है लेकिन टीम मोदी ने जो पिछले 10 वर्षों में बेरोजगारी बढ़ा दी है, उसके दृष्टिगत किये गए कोई ठोस उपाय नजर रही आते।

इस बजट में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी मोटा आवंटन होना चाहिए था लेकिन बजट में कुछ भी नहीं किया गया है। किचन का ध्यान तक नहीं रखा गया है क्योंकि सरकार मंहगाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाना चाह रही है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दो टूक कहा कि अगर मुख्य बातें सामने आ गईं तो सरकार की पोल खुल जाएगी क्योंकि सरकार गलत है और दिखावा कर रही है। इस बजट में कुछ भी नहीं है और यह केवल गुमराह करने वाला है।

सीधा सवाल है कि उनको मुख्य बातें सामने लाने से रोक कौन रहा है। यदि कुछ होगा, तब तो लाएंगे। उनके लाने का इंतजार रहेगा, ताकि सरकार की पोल पट्टी खुले, यदि कुछ अंदरखाने चल रहा हो तो। मोदी सरकार का पुराना इतिहास बताता है कि ये 2 करोड़ रोज़गार के वादे के साथ सत्ता में आई थी लेकिन अब 10 साल बीत जाने के बाद चार करोड़ रोजगार पैदा करने की बात करती दिखाई पड़ी, जिसे लोग दोगुना झूठ समझते हैं। उनका तंज है, डबल इंजन की नरेंद्र मोदी की सरकार यानी डबल झूठ।

इसका आशय स्पष्ट है कि यह कुर्सी बचाओ बजट है। जब पिछले दस वर्षों में बेरोजगारी दूर नहीं हुई तो अब कोई नई उम्मीद कैसे बांधी जा सकती है। हमलोग इस बारे में सिर्फ नारे सुनते रहे और आज भी बजट के जुमले ही ज्यादा मिले। लिहाजा, इस सरकार से किसी को कोई उम्मीद नहीं है क्योंकि न तो उन्हें सरकार चलाने आता है और न ही उन्हें लोगों के दुःख-दर्द से कोई मतलब है। वे बहुत कुछ बोलती हैं, लेकिन किसानों के लिए उन्होंने क्या किया? किसानों के लिए तीन कानून लाए गए, जिसे पूर्णतया वापस लेना चाहिए। इसका स्वरूप बदलकर कभी भी उसपर अमल नहीं किया जाना चाहिए। इस बजट को जबरदस्त चालाकी भरा बजट भी करार दिया जा सकता है क्योंकि इसमें आम आदमी के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में कुछ खास नहीं कहा गया। खासकर मनरेगा का कोई जिक्र नहीं किया गया। वहीं, आम व्यक्ति की आय में सुधार के लिए उठाए गए कदम भी अपर्याप्त हैं। जब बात गंभीर आय असमानता की आती है तो सरकार की ओर से इसे दूर करने वाले प्रयास भी बहुत कम देखने को मिलते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। कुल मिलाकर यह बजट कांग्रेस के घोषणापत्र की कॉपी है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण चीज युवा निधि योजना है। इसके तहत सरकार ने अप्रेंटिसशिप प्राप्त करने वाले प्रत्येक युवा को 5000 रुपये देने की घोषणा की है। इससे यह साबित होता है कि मोदी सरकार राहुल गांधी के विचारों को कॉपी कर रही है। यह खुशी की बात है हालांकि, इस सरकार ने आंध्र प्रदेश व बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से इनकार कर दिया गया और दोनों राज्यों को विशेष पैकेज का लॉलीपॉप थमा दिया।

इसलिए सियासी गलियारे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या निर्मला सीतारमण ने सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए बजट पेश किया या फिर यह महज बैसाखी के सहारे खड़ा रखने वाला बजट है। दरअसल, भाजपा नीत एनडीए सरकार को मालूम है कि अगर बजट बिहार और आंध्र प्रदेश के पक्ष में नहीं होता तो उनकी सरकार गिर जाती। लिहाजा, निर्मला सीतारमण ने भारत नहीं बल्कि एनडीए को फायदा पहुंचाने वाला बजट पेश किया है।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रोहित बाजपेयी द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- आनंद अग्निहोत्री*, सलाहकार संपादक - गोलेश स्वामी, एसोसिएट एडिटर- मलय समीर शर्मा, उत्तराखंड कार्यालय- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# ठेके से बेची जा रही थी मिलावटी शराब

## भारी मात्रा में देशी शराब के पौव्वा व नकली क्यूआर कोड बरामद



अवैध शराब के साथ पकड़ा गया सेल्समैन

» आबकारी व पुलिस की टीम ने छापा मारकर सेल्समैन को दबोचा

**विश्ववार्ता संवाद**

**रेउसा (सीतापुर)।** मारूबेहड़ बाजार में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने सरकारी देशी शराब की दुकान पर छापा मारा। टीम न सेल्समैन नकली शराब के पौव्वे बेचते हुए दबोच लिया। सीओ बिसवां उदयराज सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आबकारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नागेंद्र पाण्डेय मय हमराही पुलिस कर्मियों द्वारा मारुबेहड़ बाजार में अनुज्ञापिनी पदमा देवी पत्नी महेंद्र जायसवाल निवासी सोनावा मजरा मानपुर सिकरी थाना रेउसा की देशी शराब की दुकान में भारी मात्रा में बिना क्यूआर कोड चस्पा देशी मदिरा के पव्वों की बिक्री करते हुए विक्रेता सुनीत कुमार पुत्र अवधेश कुमार निवासी कोड़वा धमधमपुर थाना रेउसा को गिरफ्तार कर लिया।

मौके पर भारी मात्रा में तनुक्रत शराब व उसके बनाने के उपकरण बरामद हुए। दो अभियुक्त महेंद्र जायसवाल व उनकी पत्नी पदमा देवी निवासी सोनावा मजरा मानपुर सिकरी मौके से फरार हो गए। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि उक्त शराब की दुकान से 76 पव्वादेशी शराब तनुक्रत बिना क्यूआरकोड, 20पव्वा नकली शराब क्यूआरकोड चस्पा, 205 पव्वा मदिरा तनुक्रत असली क्यूआरकोड, 300 नकली ढक्कन, 180 खाली शीशी, 436पव्वा वैध मदिरा एवं 3780 रुपये नगद, मदिरा को तनुक्रत करने की सामग्री व उपकरण तीन सिरिंज, पांच सूजे, दो नग फेवी क्वीक बरामद किया गया। घटना के बाबत मु0अ0सं0398/2024 धारा 19(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस 60(1) 64 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायलय भेजा गया।

वहीं फरार अभियुक्त महेंद्र जायसवाल पर कई मुकदमे दर्ज होना बताया जा रहा है। घटना अनावरण के मौके पर प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम, उपनिरीक्षक झारिया सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# कंडा भरने को इस्तेमाल किए जा रहे शौचालय

» शौचालयों के गेट व दीवारें ढहीं, ठेकेदार ने कराया था निर्माण



**विश्ववार्ता संवाद**

**सकरन (सीतापुर)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनवाये गये शौचालयों का प्रयोग कंडा रखने में किया जा रहा है। विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन मे वर्ष 2018-19 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत व उसके मजरा मिश्रपुर, लालूपुरवा व गयादीनपुरवा आदि में 1210 शौचालयों का निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा कराया गया था। जिसमें प्रति शौचालय के हिसाब से सरकार द्वारा 12500 रुपये की धनराशि ग्राम पंचायत के खाते में भेजी गयी थी।

शौचालय निर्माण प्रधान द्वारा खुद न करवाकर ठेकेदारों को ठेका देकर करवाया गया था। ठेकेदारों द्वारा ग्राम पंचायत मे सभी शौचालय मानक के बिपरीत बनवाये गये थे जो एक वर्ष भी नही चल पाये।

अधिकांश शौचालय एक साल के भीतर ही खस्ताहाल हो गये। कुछ के गेट गिर गये तो कुछ की दीवारे गिर गयी कुछ शौचालयों में टैंक ही नही बनवाये गये थे। उसके बाद ग्रामीणों ने शौचालयों का प्रयोग कंडा लकडी व भूसा आदि रखने में करने लगे। शौचालय गिर जाने की वजह से घरों की महिलाये व पुरुष खुले में शौच जाने पर मजबूर हैं।

# जर्जर हो चुके तार टूटकर गिरने से हादसे की आशंका



**विश्ववार्ता संवाद**

**लहरपुर (सीतापुर)।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कल्याणपुर में पुरानी जर्जर विद्युत लाइन के चलते प्रतिदिन तार टूट कर गिरने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरपुर कल्याणपुर में सभी विद्युत लाइन पुरानी एवं जर्जर है। जिसके चलते आए दिन तार टूट कर गिर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीण बद्री पसाद, मेराज, अयूब, दिवाकर, संजय, अरुण, डॉ अभिषेक, अनिल वर्मा आदि ने बताया कि विद्युत लाइन लगभग 60 वर्ष पुरानी है। अभी तक यहां की विद्युत लाइन के तार नहीं बदले गए हैं। जबकि सभी जगह पर तारों को बदलकर केबिल डाल दिया गया है। इस संबंध में अवर अभियंता अभिनव शुक्ला ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या के चलते अधिक लोड पडने से तार टूट कर गिर जाते हैं। शीघ्र ही जर्जर तारों को बदलकर एबीसी केबिल डाल दी जाएगी।

# भारत माता के जयघोष से गूंज उठा शहीद का गांव रूढ़ा

» एनसीसी कैडेट्स ने लोगों में भरा देशभक्ति कर जज्बा

» कै. मनोज पांडेय की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती पर परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के पैत्रक गांव रूढ़ा में एनसीसी कैडेट्स की 22वीं बटालियन के अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया।



कारगिल दिवस के मौके पर पौधरोपण करते एनसीसी कैडेट्स व अन्य

ब्लॉक के अवर अभियंता शिवकुमार पटेल, ग्राम विकास अधिकारी विवेक जायसवाल ने शहीद के चाचा कौशल किशोर पाण्डेय को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल गौरव सिंघल, सूबेदार मेजर मनोज कुमार ने रीथ सेरेमनी के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कृष्णा कालेज के सर्वश्रेष्ठ कैडेट आर्यन सिंह, मानसी अवस्थी और राहेला खान ने उद्बोधन से परमवीर चक्र विजेता मनोज पाण्डेय के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। एनसीसी कैडेट्स की 22वी बटालियन ने कार्यक्रम में देशभक्ति गीत और नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

कैडेट्स की प्रस्तुति ने लोगों में देशभक्ति का जज्बा भर दिया। भारत माता के जयघोष से रूढ़ा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम में इन लोगों ने भागीदारी कर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद को नमन किया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलापुर आशुतोष मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि छरासी नवनीत मिश्रा, सचिव विवेक कुमार, टीए मोहित तिवारी, पंचायत मित्र अरविंद सिंह चौहान, आदर्श पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।22 यूपी बटालियन एनसीसी सीतापुर उत्तर प्रदेश की कारगिल दिवस( रजत जैयंती) उपलक्ष्य में याद करो कार्यक्रम हुवा ।

जिस में कमाण्डिंग ऑफिसर कर्नल गौरव सिंहल 22 यूपी बटालियन एनसीसी सीतापुर और सूबेदार मेजर मनोज कुमार द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया , सभी पीआई स्टाफ , ए एन ओ , से टी ओ, एक्स सर्विसमेंट और रुडा गाऊ जनपद कमलापुर के गाऊ बासी द्वारा शामिल थे कार्यक्रम 22 यूपी बटालियन एनसीसी सीतापुर के कैडेट्स द्वारा संबोधन, देशभक्ति गाना और नित्य प्रस्तुत करके भाव्यता के साथ मनाया गया जिस में 70 कैडेट्स ने भाग लिया गया थे।

### सेना के शौर्य का प्रतीक कारगिल फतह

**महोली (सीतापुर)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी महोली अरुण कुमार सिंह ने शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य स्वामीनाथ द्विवेदी ने अतिथि परिचय कराते हुए आयोजन की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कन्याभारती की अध्यक्षा शिप्रा सिंह ने तिलक व बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। छात्र संसद के वैभव दीक्षित ने कैप्टन मनोज पाण्डेय को समर्पित काव्यपाठ किया। अभय दीक्षित ने सेना के समर्पण भाव पर आधारित आलेख का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं से कारगिल की विजयगाथा, विज्ञान, भूगोल, इतिहास व नवीन तकनीकी आदि पर ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तर किए तथा पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने भारत के लिए यदि कुछ करना है तो एडवेंचर, इनोवेशन और एक्सपेरिमेंट को अपने जीवन का अंग बनाना होगा। सीओ ने कहा कि कारगिल फतह भारतीय सेना के शौर्य व गाथा का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्निहोत्री, छात्र-छात्राएं तथा अध्यापकगण उपस्थित रहे। कारगिल के हुतात्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखने के बाद कार्यक्रम का समापन समाप्त हुआ।

## एक नजर

### असलहा समेत युवक गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामपुरकलां पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त तरुन मिश्रा पुत्र स्व. दिनेश मिश्रा निवासी खेतमनी थाना रामपुरकलां को 12 बोर असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

### पड़ोसी की मेड़ खोदकर लगाए यूकेलिप्टस

**मिश्रिख।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर मजरा हुमांयूपुर निवासिनी रामरानी पत्नी रामकृपाल ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही निवासी जमुना व विशुनदयाल पुत्रगण सहदेव ने कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला रन्नुपुर निवासी सरवन पुत्र रामरतन का खेत बटाई पर लिया है। उसी से सटे पीड़िता के खेत है। बटाईदारों ने पीड़िता के दोनों खेतो की मेड़ खोदकर यूकेलिप्टस के पौधे लगा दिए है। पीड़िता का आरोप है कि आज जब वह अपने पति के साथ खेत देखने गई तो आरोपियों से मेड़ खोदने का बिरोध किया। जिस पर दोनों आरोपी एक राय होकर जानमाल की धमकी देते हुए फौजदारी करने पर आमादा हो गए।

### काला फीता बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य विभाग में तैनात समस्त संविदा कर्मचारियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समस्त ब्लॉक व जिला इकाई पर तैनात कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर कर कार्य करते हुए विरोध जताया। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ पीयूष बाजपेयी ने बताया कि प्रान्तीय कार्यकारिणी ने कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों को पूरा किये जाने व प्रतिनिधि मंडल से वार्ता हेतु प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। परन्तु 10 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई संज्ञान न लेने पर पूरे प्रदेश के समस्त जिलों में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन अलग-अलग प्रकार से अगले एक सप्ताह तक चलता रहेगा। महामंत्री अजेंद्र कुमार ने बताया कि यदि समय रहते संगठन की मांगों को पूरा न किया गया तो 7 अगस्त को पूरी संख्या बल के साथ लखनऊ में मिशन निदेशक कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

### गया प्रसाद बने एएनडी कॉलेज के अध्यक्ष



**सीतापुर।** आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रबंध समिति अध्यक्ष पद पर गया प्रसाद मिश्र को सर्वसम्मति से चुन लिया गया। प्रबंध समिति के सचिव राम शंकर अवस्थी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कैलाश चंद्र मिश्र के निधन के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। सामान्य सभा के वरिष्ठ सदस्य का नाम प्रबंध सभा के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया गया, जिसका समर्थन राधेश्याम तिवारी ने किया, जबकि अन्य लोगों ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

### मारपीट करने वाला प्रधान पति गिरफ्तार

**महोली।** कोतवाली पुलिस ने शील्हापुर गांव की प्रधान पति तुलाराम को शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। प्रधान पति ने बुधवार को शील्हापुर के मजरा बुद्धापुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शराब के नशे में कक्षा कक्ष में घुस गया था। नशे में बच्चों व आंगनबाड़ी कार्यकत्री से गाली-गलौज करने लगे। सहायक अध्यापक शशांक मिश्र ने इसका विरोध किया तो प्रधान पति ने शिक्षक की पिटाई कर दी और सिर पर मुक्कों से प्रहार किया। अन्य शिक्षकों ने पिटाई का वीडियो बनाकर कोतवाली में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया था। वांछित चल रहे प्रधान पति को पुलिस ने दबोच लिया।

### डीएम ने ईवीएम भंडारण कक्ष का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वीवी पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच टीवी स्क्रीन पर देखी एवं साफ-सफाई के निर्देश भी दिये।इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीजों का किया गया वितरण

**लहरपुर।** क्षेत्र के ग्राम केशरीगंज स्थित राजकीय कृषि उप सम्भाग कार्यालय पर शुक्रवार को क्षेत्र में श्री अन्न की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से किसानों को मोटे अनाजों के बीजों की किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख ने किसानों को श्री अन्न के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें बीजों के मिनी किट वितरित किए और सभी से मोटा अनाज की पैदावार बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सुभाष बाबू गुप्ता, श्याम सिंह, राज कुमार वर्मा, पंकज पटेल, सौरभ वर्मा, आशीष मिश्रा ने 20 किसानों को मिनीकिट मोटा अनाज के बीजों का वितरण किया।

## रक्षाबंधन से पहले रसोइयों को दें बकाया मानदेय

**सीतापुर।** जिले के पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों का मानदेय नहीं मिला है। कई बार सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता की गई जिससे भी कोई निस्तारण नहीं निकला है। जिले के कई ब्लॉक के स्कूलों में रसोइयों का मानदेय बाकी है। मछरेहटा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर की रसोइयां नीतू कश्यप को महीनों से मानदेय नहीं मिला है। बिसवां के कम्पोजिट विद्यालय जहांगीराबाद की कमला, माया व संतोष को कई महीनों से मानदेय नहीं मिला है। ब्लॉक रेउसा में हजरत कम्पोजिट विद्यालय हजरतपुर में रसोइयों का काफी मानदेय नहीं मिला है जो भी मिला है कटौती करके दिया गया। रसोइयों ने रक्षाबंधन से पूर्व बकाया मानदेय दिलाने की मांग की है। इस दौरान संजू तिवारी, सुखरानी, सरोजनी, किरन देवी, मुन्नी देवी, मीरा देवी, नीतू, शशि देवी, संतोषी व पराना समेत दर्जनों की संख्या में रसोइयां मौजूद रहीं।

# खुली बैठक में कोटेदार के लिए रेनू का हुआ चयन

**विश्ववार्ता संवाद**

**मछरेहटा (सीतापुर)।** मछरेहटा की ग्राम पंचायत गौरिया के मजरा बघौना में सरकारी राशन वितरण की दुकान का चयन के लिए खुली बैठक का आयोजन किया गया। खुली बैठक में रेनू पत्नी ब्रजेश निवासी बघौना व सुमन पत्नी हनुमान प्रसाद निवासी गौरिया ने आवेदन किया।

गौरिया में लगभग 812 राशन कार्ड धारक तथा मतदाता लगभग 3200 के करीब हैं। जिसमे से रेनू के पक्ष में 303 महिलाएं व 373 पुरुष कुल 676 की संख्या सचिवों के गिनती के आधार पर हुई। एडीओ पंचायत संदीप कुमार ने बताया दूसरे प्रत्याशी सुमन की तरफ के लोग आए चुनाव को गौरिया में कराने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने कहा पहले से ग्रामीणों को चुनाव की जानकारी नहीं दी गई। इसलिए मौके पर ग्रामीणों की उपस्थित नही रही। चयन प्रक्रिया के लिए नामित अधिकारी एडीओ पंचायत संदीप कुमार ने रेनू पत्नी ब्रजेश को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का कोटेदार घोषित किया। इस मौके पर अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# माह में पांचवीं बार फुंका विद्युत ट्रांसफार्मर

» ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की

**विश्ववार्ता संवाद**

**कल्ली चौराहा (सीतापुर)।** सरवा पावर हाउस के गांव सहावपुर में ट्रांसफार्मर फुंकने से पिछले कई दिनो से बिजली आपूर्ति बाधित है। आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि महीने में पांचवीं बार ट्रांसफार्मर फुंका है। ग्रामीणों ने बताया कि हर बार कम क्षमता का ट्रांसफार्मर ही लगाया जाता है।

ग्रामीणों ने विद्युत अधिकारियों से विद्युत ट्रांसफार्मर बदलवा कर अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। सरवा संदना पावर हाउस के ग्राम सहावपुर में लगभग 30 कनेक्शन धारक हैं। यहां कम क्षमता का 12 किलोवाट ट्रांसफार्मर लगा है। इस महीने में पांचवीं बार ट्रांसफार्मर खराब हो चुका है। ट्रांसफार्मर लगाने के दो दिन में ही ओवरलोड होकर जल जाता है। पूरे साल में दर्जनों बार ट्रांसफार्मर जल चुका है। हर बार बदलकर छोटी क्षमता का ही ट्रांसफार्मर लगा दिया जाता है, जिससे वह तुरंत खराब हो जाता है। गांव के कमलेश कुमार, परमेश्वर दयाल, रामजीवन, शिवकुमार, राजकिशोर लाल, मनोज कुमार, तुलसीराम, रामनाथ, बालकराम, रघुनंदन, मुन्नीलाल व राजू आदि लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बड़ा ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है। एसडीओ शैलेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर की समस्या का समाधान करने का प्रयास करता हूं।



# प्रधान को पुलिस से फर्जी केस में फंसाने की आशंका

» जिलाधिकारी समेत शासन को पत्र लिखकर मांगा न्याय

**विश्ववार्ता संवाद**

**मिश्रिख (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बहुती के ग्राम प्रधान बालकराम ने जिलाधिकारी सहित शासन के अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते मार्च माह में विरोधियों द्वारा रचे गए षडयंत्र के तहत उनके पुत्र मनोज पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कोतवाली पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ दिखाकर पुत्र के दाहिने पैर में गोली मारकर जेल भेज दिया था। जिससे पीड़ित प्रधान ने मांमले की निष्पक्ष जांच कराने हेतु शासन के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा था लेकिन उन पर कोई जांच कार्यवाही नही हुई।

इससे पुलिस ने उनसे रंजिश मानने लगी। आरोप है कि 22 जुलाई को उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह हमराही पुलिस लेकर उसके घर पहुंचे और कहा कि आपके विरुद्ध महिला सुनीता ने शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित प्रधान को पुलिस कोतवाली उठा लाई पूरा दिन बैठाए रखा और शाम को उसका धारा 170, 126 व 135 में चालान करके उपजिलाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। जिससे पीड़ित प्रधान ने अपनी और अपने छोटे पुत्र की जमांनत कराई तब वह अपने घर पहुंचा। पीड़ित ने आशंका जताई है दरोगा उसको व उसके पुत्र को किसी फर्जी मुकदमे में फंसाकर उनका शोषण कर सकता है। इसलिए पीड़ति प्रधान ने मांमले का शिकायती पत्र जिलाधिकारी को देने के साथ ही शासन के उच्चाधिकारियों को भेज कर न्याय दिलाए जाने की मांग की है ।

## पड़ोसी की मेड़ खोद लगा दी यूके लिप्टस की पौध

**मिश्रिख (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर मजरा हुमांयूपुर निवासिनी रामरानी पत्नी रामकृपाल ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही निवासी जमुना व विशुन दयाल पुत्रगण सहदेव ने कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला रन्नुपुर निवासी सरवन पुत्र रामरतन का खेत बटाई पर लिया है। उसी से लगे हुए पीड़िता के खेत है।

बटाईदारो ने पीड़िता के दोनों खेतो की मेढ़ खोद कर यूके लिप्टस के पौधे लगा दिए है। पीड़िता का आरोप है कि आज जब वह अपने पति के साथ खेत देखने गई तो आरोपियों से मेड़ खोदने का विरोध किया। जिस पर दोनों आरोपी एक राय होकर जान माल की धमकी देते हुए आमादा फौजदारी हो गए।

इस लिए पीड़ित महिला ने मामले का शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# डीएम ने चुनाव में सहयोग करने वाले अफसरों को किया सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 सीतापुर का चुनाव काफी कठिन परिस्थितियों में रहा होगा। जनपद में दो चरण में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराना एक चुनौती रही होगी। जनपद की टीम का मनोबल और रिस्पांस से पता चलता है कि आप सभी ने अपने-अपने उत्तरदायित्वों को पूरी जिम्मेदारियों के साथ निभाया जिससे जनपद में अच्छा चुनाव सम्पन्न हुआ। तात्कालिक जिलाधिकारी अनुज सिंह का आप सभी ने अच्छे से सहयोग किया होगा। इतने बड़े चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में अपना योगदान दिया होगा। जिन लोंगो को सम्मानित किया गया उनमे सीडीओ, एडीएम, डीडीओ आदि सौ से ज्यादा अधिकारी शामिल थे।

### चोर ने एक घर से हजारों का माल उड़ाया



**लहरपुर (सीतापुर)।** नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला में चोर ने एक घर को निशाना बनाकर नकदी सहित जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जानकारी होने पर गृहस्वामी ने पुलिस को मामले की सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी शकील पुत्र रफीक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बृहस्पति बीती रात कोई अज्ञात चोर घर के अंदर घुस कर बैठ गया था। देर रात बूंदाबांदी होने पर जब वह छत से नीचे उतरा तो उसे देख कर चोर मुख्य दरवाजे से भाग गया। कमरे में जाकर देखने पर पता चला कि चोर 25000 नकद, चार जोड़ी पायल चांदी की, दो अंगूठी सोने की, आठ सोने के नाक के बुंदे जो की बक्से में रखे थे चोरी कर ले गया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे नगर चौकी प्रभारी विजय शंकर पांडे ने जांच कर चोरी की घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।

**खिलवाड़** हर पैथोलॉजी में बदल जाती है मरीज की जांच रिपोर्ट

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहीं पैथोलॉजी

» सीएचसी अधीक्षक सांडा के संज्ञान में हो रहा अवैध खेल

**विश्ववार्ता संवाद**

**सकरन (सीतापुर)।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सांडा क्षेत्र में एक दर्जन से ऊपर पैथालॉजी का संचालन मानकों को दर किनार कर किया जा रहा है। इनमें सांडा, गोडियनपुरवा, सकरन व महाराजनगर आदि में स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी चलते कई वर्षों से पैथोलॉजी का संचालन किया जा रहा है। इन पैथोलॉजी में पैथोलॉजिस्ट और लैब टेक्नीशियन की तैनाती तो दूर की बात पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन तक कराना भी जरूरी नहीं समझा गया।



बगैर मानक और रजिस्ट्रेशन के संचालित इन तमाम पैथोलॉजी में जांच के नाम पर मरीज के साथ क्या होता होगा इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। पैथोलॉजी संचालन को लेकर जब बात की तो कई पैथालॉजी संचालकों का जवाब मिला कि हम तो प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल सचान से मिलकर काम कर रहे हैं। अगर वह कहेंगे तभी हम रजिस्ट्रेशन कराएंगे अब अधीक्षक महोदय से अभय दान पाए यह लोग इतने निडर हो गए हैं कि पैथोलॉजी से निकलने वाले मेडिकल कचरे के सुरक्षित निपटान की जगह उसे खुले आम सड़कों के किनारे और किवानी नदी तक में फेंकने लगे हैं। ऐसे में तमाम लोग अनजाने में इस संक्रमित मेडिकल कचरे के संपर्क में आकर संक्रमण का शिकार बन रहे हैं।

इस सम्बंध में जब सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार सचान से बात की गई तो उन्होने कहा कि हमारे पास बहुत से काम होते हैं। जब कभी समय मिल पायेगा तो देखेंगे कि कौन पैथालॉजी बिना रजिस्ट्रेशन और अपूर्ण मानकों के साथ चलाई जा रही हैं।

## दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**लहरपुर (सीतापुर)।** जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत विकास खंड परसेंडी सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रेनर कमल वर्मा, शिव वर्मा, कोऑर्डिनेटर हरि नाम व अमित कुमार ने जल संरक्षण एवं जल के सही प्रयोग व जल के महत्व की जानकारी देते हुए हुए कहा कि जल हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। इसलिए हम सभी का नैतिक दायित्व बनता है कि जल का संवर्धन अवश्य करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रशिक्षण में मानक के अनुरूप भोजन नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में काफी आक्रोश देखने को मिला। शुक्रवार को 100 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

## ग्रेट राज सर्कस का शुभारम्भ

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** लोगों को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के रामपुर मथुरा मार्ग पर 'ग्रेट राज सर्कस' का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्त ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद सर्कस के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक करतबों का प्रदर्शन देख दर्शक रोमांचित हो उठे।

इस अवसर पर प्रभात जैन, रवि अवस्थी, विजय तोमर, नरेंद्र यादव, सोनाली वैशाली, शशांक शुक्ल, आनंद शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत सर्कस संचालक श्याम कुमार, मैनेजर वकील अहमद व पप्पू रिजवी द्वारा किया गया।

## दो सांड़ों की भिड़ंत, एक के पेट में नल घुसने से घायल

**लहरपुर (सीतापुर)।** क्षेत्र में बारिश के चलते ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में गौवंशीय पशुओं के नगर में आने से वर्चस्व की जंग को लेकर दो सांडों की आपस में हुई भिड़ंत में एक सांड़ के पेट में नल घुस जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। नगर के मजाशाह चौराहा स्थित नहर कॉलोनी के निकट सड़क पर गुरुवार देर शाम दो सांड आपस में भिड़ गए और लड़ते-लड़ते एक सांड सड़क के किनारे लगे नल पर जा गिरा। जिससे नल उसके पेट में घुस गया। रात भर उसी हालत में सांड वहीं पडा रहा। सुबह होने जब लोग जब अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो उन्होंने सांड के पेट में नल घुसा हुआ देखा। स्थानीय लोगों ने प्रयास कर सांड के पेट से नल को निकाला और सूचना पशुपालन विभाग को दी। पशु चिकित्सक रामकृष्ण वर्मा एवं भारतेंदु वर्मा की टीम ने घायल सांड का उपचार किया।

## एक नजर

### कर-करेत्तर राजस्व की वसूली में तेजी लायें- आयुक्त



गोण्डा। विभागीय अधिकारी कर–करेत्तर राजस्व की वसूली में तेजी लायें, जिला प्रशासन का सहयोग लेकर वसूली एवं प्रवर्तन कार्य करें, ताकि समय से वार्षिक लक्ष्य समय से पूरा किया जा सकें। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने विभागीय अधिकारियों को दिये है। सभागार में आयोजित कर–करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि वसूली के लिए क्षेत्र में जाने पर संबंधित एसडीएम तथा पुलिस को अवश्य सूचित करें ताकि मौके पर कानून व्यवस्था किसी प्रकार प्रभावित ना हों। विद्युत विभाग गांव–गांव कैंप लगाकर बिजली बिल की वसूली करायें तथा उपभोक्ता का बिल गलत होने पर उसे सही करें।

### सीमा जागरण मंच ने मनाई रजत जयंती



बहराइच। सीमा जागरण मंच अवध प्रांत द्वारा किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था के कमेटी हाल में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजक सीमा जागरण मंच के उपाध्यक्ष मेजर डॉ. एसपी सिंह थे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक अजय थे तथा मुख्य अतिथि सीमा जागरण मंच के अवध प्रांत के अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी नूतन थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सत्यभूषण सिंह ने किया। कार्यक्रम के संयोजक पंकज सिंह थे। इस अवसर पर पूर्व सैनिक डॉ. बी के सिंह,अशोक कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह पदुम, चंद्रशेखर दुबे व दिनेश कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया तथा एनसीसी कैडेट्स भी विशेष रूप से सम्मानित किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ.सतीश सिंह,धर्मवीर सिंह,डॉ. राजेश शर्मा, पल्लवी वर्मा ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर जीएम हॉस्पिटल कैसरगंज के डायरेक्टर डॉ. योगेश प्रताप सिंह और विशाल सेवा संस्थान के डायरेक्टर विशाल कश्यप सहित अनेक लोग उपस्थित थे। प्रयागराज में महेन्द्र सिंह टिकैत की मूर्ति तोड़े जाने का विरोध

### कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

बहराइच। भारतीय किसान यूनियन बीकेयू के किसानों ने अपने नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रयागराज में मूर्ति तोड़े जाने पर रोष व्यक्त किया है। बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए पहुंचे हजारों किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया और नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कड़ी कार्रवाई की मांग की।
भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार वर्मा की अगुवाई में बृहस्पतिवार को किसान कलेक्ट्रेट में पहुंचे। यहां पर सभी ने नारेबाजी करते हुए कहा कि प्रयागराज में किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की मूर्ति को अराजक तत्व द्वारा खंडित कर दिया गया है, यह पुलिस सुरक्षा पर सवाल है। किसानों ने कहा कि पुलिस आरोपियों को पकड़ कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे। प्रदर्शन के बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान राम जियावान, पुत्तीलाल यादव, रामनिवास वर्मा, रामदास, प्रमोद तिवारी, घनश्याम वर्मा, हरिराम, गोविंद वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।
मानदेय बढ़ोत्तरी को लेकर इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का माल भी बरामद

बहराइच। कोतवाली देहात पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी का माल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों चोरों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक बहराइच के द्वारा अपराध व अपराधियों के रोक थाम एवं वांछित अपराधियो के गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (नगर) व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात वृजेन्द्र कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस बल द्वारा मुखविर की सूचना पर हाण्डा सिटी से बकरा चोरी कर रहे कलाम अहमद पुत्र स्व0 बिलाल अहमद निवासी मो सुजातगंज नईबस्ती थाना रेल बाजार जनपद कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष, बब्लूजान पुत्र इस्तेकामद निवासी मो0 चिश्तीनगर रामादेवी थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर उम्र 40 को माघवरेती सन्तपथिक विद्यालय के पास से समय करीब 13 .45 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त गण के पास से सोने चांदी के आभूषण, सिक्का व अन्य गहने बराबद किए गए हैं। इसी के साथ पुलिस ने हीरो होंडा मोटरसाइकिल और पांच चोरी किए गए बकरा भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### किसान की करंट लगने से मौत

पयागपुर, बहराइच। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के फरदा सुमेरपुर गांव निवासी एक किसान धौकलपुरवा स्थित खेत से धान की रोपाई करने गया था। खेत में लगे बिजली के पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जब परिजन खेत पर पहुंचे तो उनके शव को पड़ा देख कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरदा सुमरेपुर गांव निवासी ननकन (68) का खेत धौकलपुरवा में है।बृहस्पतिवार की सुबह वह खेत में धान के फसल की रोपाई करने गया था। खेत से हाई टेंशन विद्युत लाइन गुजरती है। खेत में विद्युत पोल लगा हुआ है। बरसात होने के कारण विद्युत पोल में विद्युत धारा प्रवाहित हो रही थी। किसान समझ नहीं पाया और अचानक वह विद्युत पोल के संपर्क में आ गया। जिससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

### भाजपाइयों ने निकाला मशाल जुलूस

बहराइच। करगिल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से छावनी चैराहा स्थित राम जानकी मंदिर से एक मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व पार्टी जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय कर रहे थे। उनके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित समेत अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जुलूस छावनी चैराहा से निकलकर घंटाघर, पीपल चैराहा होते हुए शहीद उद्यान पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा नितिन मित्तल ने कहा कि करगिल जैसी दुर्गम पहाड़ियों पर हमारे देश के जवानो ने जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, उसका पाकिस्तान ही नहीं, विश्व के कई देश लोहा मानते हैं। मशाल जुलूस का शुभारंभ कारगिल शहीद नायक अरुण कुमार त्रिपाठी के छोटे भाई अशोक त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा कि जुलाई माह की वह तारीख है आन बान शान बयां करती रहेगी। बड़े–बड़े बम धमाके भी इनके कदमों को पीछे नहीं हटा सके। यही नहीं देश के लिए परिवार का प्यार कम पड़ गया था।

# जुआ खेल रहे 15 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## जुआरियों के पास से 17 हजार नकद और पांच मोटरसाइकिल की बरामद, पुलिस ने सभी को भेजा जेल

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। खैरीघाट थाना क्षेत्र स्थित एक बाग में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष खैरीघाट ने पुलिस टीम का गठन कर छापा मार कर बाग को चारों तरफ से घेर लिया। जुआ खेल रहे 15 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहां मौजूद कई लोग भागने में सफल रहे। पुलिस ने इन जुआरियों के पास से 17000 नगदी और 5 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। सभी को जुआ अधिनियम के अंतर्गत जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी महसी अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने खैरीघाट स्थित आम की बगिया को छापा मारकर चारो तरफ से घेर लिया। पुलिस बल को देखते ही लोग भागने लगे। लेकिन पुलिस ने जुआ खेल रहे रामकृष्ण गुप्ता सुमीत कुमार वर्मा , रामकिशोर, रिक्खीराम ,दुर्गेश गुप्ता, गिरधारी लाल, लल्लन, बदरु पुत्र अब्बास अली 50 वर्ष निवासी मुरईपुरवा थाना रामगांव, राजकुमार पुत्र कमला प्रसाद 24 वर्ष, छोटकऊ पुत्र समर 45 वर्ष, मालिकराम पुत्र झगरु 24 वर्ष निवासीगण देवदत्तपुर थाना खैरीघाट,शिवशंकर वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा 30 वर्ष निवासी इटहा थाना कोतवाली नानपारा, लालू वर्मा पुत्र पृथ्वीनाथ 26 वर्ष निवासी असवा मोहम्मदपुर थाना मटेरा, मो0 कलीम पुत्र मुस्तकीम 29 वर्ष निवासी देवदत्तपुर थाना खैरीघाट, धनीराम पुत्र रामसागर 25 वर्ष निवासी इटहा थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से मालफड़ 4480 रुपया, 52 अदद तास के पत्ते, जामा तलाशी में 12980 रु व 05 अदद मोटरसाइकिल बरामद की है।



पुलिस की ओर से पकड़े गए जुआरी।

### जानलेवा हमले के आरोपी को 5 वर्ष का कारावास

बहराइच। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस व मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच की प्रभावी पैरवी पर जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय ने आरोप सिद्ध करते हुए अभियुक्त को 5 वर्ष के कारावास और 5500 के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड अदा न करने पर 3 वर्ष के साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में थाना कोतवाली देहात से सम्बन्धित अभियोग में वादी मनोहर लाल पुत्र बाबादीन मौर्य निवासी मौजा सदियाबाद थाना कोतवाली देहात की माता को अभियुक्त बड़गोड़े उर्फ सहजराम पुत्र दुलारे द्वारा 16 मार्च 1991 को कुत्सित मानसिकता के वशीभूत होकर व जमीन की रंजिशवश हत्या करने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया था।

### मादक द्रव्य तस्करी के आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 10000 के अर्थदंड की सजा

बहराइच। पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध गांजा बिक्री करने के लिए ले जाने के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस मामले में न्यायालय पर आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था। ऑपरेशन कन्वेंशन के अंतर्गत पुलिस प्रभावी पैरवी कर रही थी।जिस पर न्यायालय ने अभियुक्त को 1 वर्ष के सश्रम कारावास और 10000 रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। फखरपुर पुलिस ने अभियुक्त शुभम शुक्ला पुत्र रामकुमार शुक्ला निवासी मुसेपट्टी दाखिला कदियापुर थाना बौण्डी को 12 जुलाई 2023 को समय दोपहर बाद कदियापुर मोड़ दाखिला माधवपुर के पास से पकड़ा था। अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। जिसको रखने का उसके पास कोई वैध प्रपत्र नहीं था। अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध धारा 8/20 NDPS ACT बनाम शुभम शुक्ला पुत्र रामकुमार शुक्ला निवासी मुसेपट्टी दाखिला कदियापुर थाना बौण्डी जनपद बहराइच के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था । विवेचना के उपरांत आरोप पत्र 09 नवंबर 2023 को न्यायालय पर प्रेषित किया गया था। उक्त अभियोग की प्रभारी थाना फखरपुर, थाना पैरोकार आरक्षी अमरेन्द्र कुमार यादव, कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षी श्वेता यादव व विशेष लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश मिश्रा द्वारा ₹आपरेशन कन्विक्शन₹ के आदेश के क्रम में प्रभावी पैरवी की गयी, जिसमें 25 जुलाई 2024 को न्यायालय एएसजे चतुर्थ/एनडीपीएस एक्ट बहराइच द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषसिद्ध पाये जाने पर 01 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 /– रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में 20 दिवस का अतिरिक्त साधारण कारावास से दण्डित किया गया।

### पुलिस ने दर्ज किया तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

नवाबगंज (गोंडा) ।थाना क्षेत्र के महंगूपुर गाँव निवासी ई रिक्शा चालक ने थाने पर दी गयी तहरीर में तीन लोगों पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाबत थानाध्यक्ष निर्भय नरायन सिंह ने कहा कि तहरीर आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के महंगूपर गांव निवासी ई रिक्शा चालक सूर्यनारायण ने अपने दी तहरीर मे बताया है कि वह इ रिक्शा चलाता है। रघुनाथपुर सवारी छोड़कर नवाबगंज बाजार में घंटाघर पहुंचा ही था तभी बगल से गुजर रहे एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने यह कहकर गाड़ी रुकवा ली और कहा कि कैसे गाड़ी चलाते हो ऊपर पानी पड़ रहा है। और गाड़ी से उतारकर मूका थप्पड़ से मारने लगे जब हमने विरोध किया तो ।तीनो लोगों ने मिलकर ईंट व राड से मारकर सर फोड़ दिया तथा अपनी बाइक छोड़ मौके से भाग गए। इस घटना के बाबत प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।



श्रावस्ती। एस.एस.बी. ने सीमावर्ती गांव में विकलांगजनों को बाँटी ट्राई साईकिल



श्रावस्ती। रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी स.सी.ब.,भिनगा के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय भिनगा में वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया(

## सड़क हादसे के शिकार बहराइच के लोगों का हाल जानने पहुंची टीम

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। विगत दिवस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर 24 जुलाई 2024 को देर रात्रि लगभग 01:15 मिनट पर आरएचएस 59.100 पर हुई सड़क दुर्घटना में जनपद बहराइच के घायल व्यक्तियों के समुचित इलाज की जायज़ा एवं पीड़ति जन का कुशल क्षेम जानने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिले के 04 सदस्यीय अधिकारियों की एक टीम ने पीजीआई सैफई मेडिकल कालेज पहुंच कर घायलों का कुशलक्षेम जाना तथा मेडिकल कालेज के प्राचार्य एवं चिकित्सकों से भेंट कर भर्ती घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार के नेतृत्व में डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह, आर.आई. तकनीकी प्रदीप कुमार, नायब तहसीलदार पयागपुर सचिन श्रीवास्तव सैफई गये हैं। उल्लेखनीय है कि बहराइच से दिल्ली जा रही बस वाहन संख्या यूपी 15 जीटी 9675 द्वारा खड़ी ट्रक वाहन संख्या आरजे 11 जीसी 0708 के पीछे से टक्कर मार देने के कारण यह दुर्घटना हुई है।



» 24 को आगरा एक्सप्रेस वे पर ट्रक ने बस को मारी थी ठोकर

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

नवाबगंज (गोंडा) बीते दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक 40 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है । थाना क्षेत्र के शोभापुर गांव निवासी संजीवन यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता मेवालाल उम्र करीब 40 वर्ष बीते 16 जुलाई की शाम करीब 06 बजे नवाबगंज बाजार से पैदल अपने घर की तरफ जा रहे थे कि नवाबगंज-गोंडा राज्यमार्ग पर पंडित सिंह के पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। सूचना मिलने पर परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए अयोध्या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान 23 को उनकी मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



### भगवान शिव जी की निकली बारात ..

गोंडा ।शारदा मैरिज लान में चल रहे 9 दिवसीय महापुराण कथा मे पंचवटी श्री सीताराम आश्रम शाखा गोंडा के तत्वाधान में आयोजित कथा में कथावाचक रविशंकर गुरुभाई ने शिव विवाह की कथा श्रवण कराई। कथा श्रवण कराते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शंकर को विरक्त माना गया है। वैराग्य के अधिपति भगवान शिव संसार को नई दिशा प्रदान करने के लिए विवाह रचने की लीला करते हैं। मां पार्वती को सती जी का स्वरूप माना गया है। जिस समय ताड़कासुर राक्षस का आतंक पृथ्वी पर चारों ओर बढ़ गया।

### प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, 32 हजार मानदेय की मांग

बहराइच। महाराजा सुहेलदेव स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच में इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों ने मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए कैंडिल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें काफी संख्या में एमबीबीएस छात्र भी शामिल हुए। राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच के चिकित्सकों ने गुरुवार रात को मेडिकल कॉलेज गेट पर कैंडिल मार्च निकाला। प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि एक वर्ष के इंटर्नशिप के दौरान प्रदेश सरकार युवा चिकित्सकों को महज 12000 रुपए मासिक भत्ता दे रही है, यह काफी कम है।
मेडिकल कॉलेज में इस समय वर्ष 2019 बैच के 100 युवा चिकित्सक इंटर्नशिप कर रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि देश के कई राज्यों में इससे कहीं ज्यादा मानदेय दिया जाता है। कई राज्यों में इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों को 32000 रुपए तक मासिक भत्ता दिया जाता है।

## पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेने के साथ किया निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। एस पी द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



» ड्यूटी के दौरान वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए किया निर्देशित

### एसपी ने पांच निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

बहराइच। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र शुक्ला ने जनपद की कानून व्यवस्था को चित्र दुरुस्त बनाए रखने के लिए दो पुलिस उपाधीक्षक समेत सात पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया।इनमें पांच निरीक्षक हैं। जिनको थाने पर तैनाती मिली है। पुलिस अधीक्षक नानपारा के बोधवा साप्ताहिक बाजार में युवतियों के साथ हुई घटना के बाद तत्काल प्रभाव से लापरवाही बरतने को लेकर प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया था। साथ में एक उपनिरीक्षक और दो हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद जिले के पुलिस महकमें में हड़कंप मची हुई थी। पुलिस अधिकारी इस बात को लेकर आशंकित थे कि कभी भी कार्रवाई की गाज उन पर गिर सकती है। पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए पुलिस उपाधीक्षक कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ को महसी का पुलिस उपाधीक्षक बनाया है।

## स्टे के बावजूद पुलिस की मौजूदगी में हो गया निर्माण

### पीड़ित पक्ष ने धरना देकर की आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। एक ग्रामीण की जमीन पर स्टे के बाद भी रात में पुलिस की मौजूदगी में निर्माण हो गया। अब न्याय के लिए पूरे परिवार के महिला और पुरुष कलेक्ट्रेट में धरना दे रहे हैं। शुक्रवार को एसडीएम और तहसीलदार के सामने पीड़ित महिला व्यथा बताते हुए बेहोश हो गई। लेकिन सिर्फ पैमाईश का आश्वासन दिया जा रहा है। सभी कलेक्ट्रेट में धरना देकर कब्जा हटवाए जाने की मांग कर रहे हैं।

नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मैना नेवरिया राम सरन झगरु कि गांव में गाटा संख्या 298 पर रकबा 0.0360 हेक्टेयर की जमीन है। इस जमीन के कागजात भी राम सरन के नाम है। इसके बाद भी समुदाय विशेष के शकील, जाकिर और कमर जहां कब्ज़ा करना चाहते थे। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ग्रामीण ने सिविल जज के यहां वाद दायर कर स्टे ले लिया। जिसके कागजात भी वकील के द्वारा तहसील और कोतवाली पुलिस को उपलब्ध करा दिए गए। इसके बाद भी समुदाय विशेष के लोग नहीं माने सभी ने 10 दिन पूर्व दबंगई के बल पर रात में पक्का निर्माण करवा दिया। इसकी सूचना परिवार के लोगों ने कोतवाली पुलिस और तहसील को दी। परिजनों का कहना है कि पुलिस आई लेकिन निर्माण नहीं रुकवाया, बल्कि वह मूकदर्शक बनी देखती रही। जिसके चलते कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए दबंगों ने पक्का निर्माण करवा लिया। एसडीएम और कोतवाली पुलिस से न्याय न मिलता देख सभी कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए।

शुक्रवार को दो दर्जन से अधिक लोग धरने पर बैठे न्याय की मांग करते रहे। इसकी जानकारी होने पर एसडीएम नानपारा अश्विनी कुमार पांडेय और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। सभी ने पैमाइश की बात कहते हुए धरना समाप्त करने की बात कही लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि गाटा संख्या 298, 97 और 96 की पक्की पैमाईश की जाए। जिससे सभी को न्याय मिल सके। इसी दौरान एसडीएम को पीड़ा बताते हुए महिला धूप में बेहोश हो गई। सभी का कहना है कि जब तक मकान नहीं टूटेगा, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। इस मामले में एसडीएम दो बार फोन लगाया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



### प्रधान पद के लिए सात उम्मीदवारों ने ठोकी ताल

नवाबगंज (गोंडा) क्षेत्र के जलालपुर में घोषित त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में ग्राम प्रधान पद के लिए 07 उम्मीदवारों ने चुनावी मैदान ताल ठोंकी है। बुधवार को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन करने की प्रकिया का सकुशल समापन हो गया एआरओ रोहित पाल ने बताया कि जलालपुर गांव में प्रधान पद के लिए 09 पर्चों की बिक्री हुई थी लेकिन सिर्फ 07 पर्चे ही दाखिल हुए। जांच में सभी पर्चे वैध पाये गये जिसके बाद प्रधान पद के लिए श्रीमती प्रभा सिंह, प्रियंका सिंह, मीना, मीरा, मंजू सिंह, ललिता देवी और रूपम सिंह को चुनाव चिन्ह दे दिए गए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव, चौखड़िया, होलापुर काजी, सेमरा शेख पुर और खरगूपुर गांव में भी एक - एक वार्ड में सदस्य पद के लिए उपचुनाव होने थे लेकिन इन सभी गांवों के वार्डों में एक से अधिक नामांकन नहीं होने से चुनाव निर्विरोध हो गया है।

# नाबालिग छात्र-छात्राओं को गाड़ी चलाने न दें अभिभावक: डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी

## विद्यालय जाकर छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों को जागरुक कर रही हैं एमएलसी

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। प्रदेश सरकार ने अवयस्क छात्र-छात्राओं को मोटर संचालित वाहन से विद्यालय आने-जाने पर प्रभावी रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश पाया जा सके। जिले में ऐसे छात्र-छात्राओं और बच्चों को मोटर संचालित वाहन चलाने से से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विधान परिषद सदस्य बहराइच श्रावस्ती डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने बीड़ा उठाया है। इधर कुछ दिनों से वह विद्यालयों को चिन्हित कर पहुंच रही हैं। विद्यालय पहुंचकर वह छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के साथ अभिभावकों को भी मोटर संचालित वाहन बच्चों को न देने की अपील कर रही हैं। साथ ही शिक्षकों को भी बच्चों को जागरूक करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

प्रदेश सरकार की जानकारी में आया है कि अधिकतर अवयस्क बच्चे अपने अभिभावकों पर दबाव बनाकर मोटर संचालित वाहन जैसे स्कूटी मोटरसाइकिल आदि हासिल कर लेते हैं। इसके बाद विद्यालय शिक्षा हासिल करने के लिए जाने के दौरान इन्हीं वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। यही नहीं घर गृहस्ती के समान खरीदने के दौरान भी बच्चे इन वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। सड़कों पर फर्राटा भर रहे इन बच्चों के अनियंत्रित वाहन से अक्सर लोग चोटिल हो जाते हैं। यहां तक कि वाहन चला रहा अवयस्क बच्चा भी चोटिल हो जाता है। जिसको संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार ने सभी जिले के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे बच्चों द्वारा संचालित वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। यहां तक कि वाहन स्वामी पर जुर्माना के साथ वाहन जप्त करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके बावजूद जिले में अवयस्क बच्चे मोटर संचालित वाहनों से स्कूल जाने में गुरेज नहीं करते। प्रत्येक स्कूल में मोटर संचालित वाहनों से जाने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या कम नहीं है। ग्रामीण इलाकों में भले बच्चे साइकिल से स्कूल शिक्षा हासिल करने जाते हैं। लेकिन शहरी इलाकों में साइकिल से शिक्षा हासिल करने के लिए जाने वाले छात्रों की संख्या कम है। मोटर संचालित वाहनों से दुर्घटना की संभावना अधिक है। अब विद्यालय अवयस्क बच्चे मोटर संचालित वाहनों से शिक्षा हासिल करने न जाएं। बल्कि साइकिल का उपयोग करें। इसके लिए विधान परिषद सदस्य डॉक्टर त्रिपाठी ने बीड़ा उठाया है। वह प्रत्येक दिन किसी न किसी विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को एकत्रित करने के बाद मोटर संचालित वाहनों से विद्यालय आने-जाने के दौरान होने वाली कठिनाइयां और दुर्घटनाओं को लेकर जागरूक कर रही हैं। छात्र-छात्राओं से डॉक्टर श्रीमती त्रिपाठी यह भी बता रही हैं कि साइकिल से यात्रा करने से शरीर स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्तिष्क के विकास में सहायक होता है। एमएलसी विद्यालय के शिक्षकों और अविभावकों को भी अवयस्क बच्चों को जागरूक करने और मोटर संचालित वाहन का उपयोग करने से रोकने की अपील की है।



छात्र छात्राओं को साईकिल से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करती एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी।

### परिवहन विभाग चलाएगा अभियान

सरकार के आदेश के अनुपालन में परिवहन विभाग शीघ्र अभियान शुरू करेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि सड़क पर फर्राटा भर रहे अव्यस्क बच्चों के वाहनों के खिलाफ सिगरी कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी विद्यालय खोलने के साथ ही शिक्षकों को इस बात के लिए सचेत किया गया है कि विद्यालय आने वाले छात्र–छात्राओं को इस बात के लिए जागरूक करें कि वह मोटर संचालित वाहन का प्रयोग शिक्षा हासिल करने के दौरान न करें।

### सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत

बहराइच। जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सड़क हादसे हो गए। जिसमें महिला समेत दो की मौत हो गई। जबकि मैजिक चालक घायल हो गया। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रावस्ती जिले के गिलौना थाना क्षेत्र के शिव बालकपुरवा गांव निवासी त्रिलोकी प्रसाद मैजिक वाहन से लखनऊ जा रहे थे। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में मैजिक चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रक में जा भिड़ा। हादसे में त्रिलोकी प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। उधर सीतापुर जिले के रेउसा थाना क्षेत्र के कालिका सिंह गांव निवासी ममता अपने पति पिंकू के साथ दवा लेने के लिए बाइक से गई थी। इसके बाद वह बाइक से वापस अपने घर आ रही थी। बहराइच सीतापुर मार्ग पर स्कूल बस से बाइक ने टक्कर मार दी। मेडिकल कॉलेज में रात आठ बजे महिला की मौत हो गई।

## एक नजर

### दबंगों ने की महिला की पिटाई

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में शुक्रवार की सुबह कुछ दबंगों ने गरीब महिला के मड़हे को गिराकर कब्जा करने लगे कि मौके पर पंहुची महिला की लाठी डंडे से पिटाई कर।घायल महिला का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में हुआ है। पीड़ित महिला ने तहरीर देकर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।हलिया थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी उर्मिला देवी पत्नी हनुमत पाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी कुछ दबंगों द्वारा मेरा मड़हा गिराकर कब्जा के लिए नींव की खुदाई कर रहे थे कि मना करने पर पहुंची की गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मुझे मारने पीटने लगे जिससे मेरे शरीर में चोटें आई हैं। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अगर दबंगों द्वारा महिला का मड़हा गिराकर कब्जा करने का प्रयास किया है तो मामले की जांच पड़ताल कराते हुए दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

### पुलिस को देख भागे टीपर चालक व खलासी

**राजगढ़,मिर्जापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के सक्तेशगढ़ टेड़िया पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की सुबह पुलिस को देख टीपर चालक व खलासी भाग निकले। टीपर में भस्सी लदा था। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। चुनार से सक्तेशगढ़ की ओर टीपर जा रहा था। चालक सक्तेशगढ़ के टेड़िया गांव के पास जैसे ही पुलिस को आते देखा तो वाहन वहीं खड़ा कर भाग निकला। साथ में खलासी भी भाग निकला। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। टीपर में भस्सी लदा हुआ था। बगैर नंबर की टीपर है। उसके अंदर क्या भरा है, अभी तक पता नहीं चल सका स टीपर के दोनों टायर ब्रस्ट थे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन अचेत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग आकाशीय बिजली से हथेड़ा व सुबांव कला गांव में गुरुवार की शाम गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर हैंडपंप पर पानी भरने गयी किशोरी व मड़हे में बैठी किशोरी अचेत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी रामबिलास की 16 वर्षीय पुत्री निशा घर से हैंडपंप पर पानी भरने के लिए गयी थी कि उसी दौरान गरज चमक के साथ हो रही बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर किशोरी अचेत हो गई। इसी क्रम में मड़हे में बैठी युवती व किशोरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अचेत हो गई। थाना क्षेत्र के सुबांव कला गांव निवासी विजय बहादुर कोल की 18 वर्षीय पुत्री रमिता व बबलू कोल कि पुत्री 14 वर्षीय आशु अपने घर के पास स्थित मड़हे में बैठी हुई थी कि अचानक गरज चमक के साथ बारिश के दौरान कुछ दूर पर आकाशीय बिजली गिरने से आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनों अचेत हो गई। जिन्हे उपचार के लिए भेजा गया। तीनों की हालत में सुधार हुआ है।

### पशुपालक का शव बरामद

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के कोटार गांव में गुरूवार की शाम भैंस चरकार घर वापस लौट रहा पशुपालक किशोर पाल पैर फिसलने के कारण सूखड़ा नाले में गिर गये थे। कोटार गांव निवासी 80 वर्षीय पशुपालक का शव पुलिस ने बरामद कर लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

### हाईटेंशन करंट से युवक की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कस्बे के समीप जंगल गया युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी राम प्रकाश सिंह का 24 वर्षीय पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह गांव के समीप जंगल गया था। तभी 11 हज़ार लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक की संदिग्ध मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी में युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी निवासी स्वर्गीय जयपाल के 28 वर्षीय पुत्र छोटू कश्यप की घर पर संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के गज्जा का डेरा मजरे दपसौरा गांव में गुरूवार की रात घर में सो रहे युवक को ज़हरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गज्जा का डेरा मजरे दपसौरा गांव निवासी राम प्रसाद का 23 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार बीती रात घर में सो रहा था। तभी उसको ज़हरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई, तो परिजन उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे। तभी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सपा आज मनायेगी संविधान मान स्तम्भ दिवस

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी संविधान मान स्तम्भ दिवस 27 जुलाई को पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर मनाये जाने को लेकर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी की अध्यक्षता में तैयारी को लेकर बैठक की गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान मान स्तम्भ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मना रही है। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिये समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने कहा आरक्षण की संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फूले जी ने की है। बाबा साहब ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को दिया। हम सब लामबन्द होकर नफरत का खेल खेलने वालों को सफल नही होने देंगे। श्री चैधरी ने कहा 27 जुलाई को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर संविधान मान स्तम्भ दिवस मनाया जायेगा। बैठक में पूर्व सांसद रमेश चन्द बिन्द, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, आशीष यादव, सत्यप्रकाश यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, रामराज यादव आदि मौजूद रहे।

### ग्राम चौपाल में कर्मचारियों ने सुनी जनसमस्याएं

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत इंद्रवार व गलरिया के पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को ग्राम चैपाल ब्लाक कर्मियों के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें मौके पर ग्राम चैपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा जिसका निस्तारण करने का अधिकारियों ने आश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत इंद्रवार में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने समस्याओं को सुना जिसमें आवास, शौचालय पेंशन आदि की मांग किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गलरिया में सचिव राजेंद्र प्रसाद ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुना जिसमें आवास, शौचालय, पेंशन, राशनकार्ड के मांग के लिए कर्मचारियों के समक्ष रखा जिस पर कर्मियों ने निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत इंद्रवार व गलरिया ग्राम पंचायत में ग्राम चैपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है।इस दौरान सचिव राजेंद्र प्रसाद,कौशल कुमार गिरि, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तेज बहादुर सिंह लाला, गुलाब पटेल आदि मौजूद रहे।

### मुस्तैदी से नजर रखें लाइनमैन

**खागा, फतेहपुर।** नगर की बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए जेई नगर ने पूरी तरह से कमर कस ली है। टाउन के सभी लाइनमैन को सतर्कतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। नगर की बिजली व्यवस्था कभी पेड़ की डालियों से बाधित होती है। जिसको लेकर जेई डीडी सोलंकी ने सभी फीडरों में तैनात लाइनमैन को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में पूरी मुस्तैदी से नजर रखने की बात की। उहोंने कहा कि डालियां 11000 की लाइन या एलटी लाइन से छू रहीं हो तो उसे रोस्टिंग के समय में अवश्य कटवाएं जिससे लाइन बाधित न हो।

### रोक के बाद भी मछली का शिकार

**खागा, फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट गांव में यमुना नदी से रोक के बावजूद मछलियों का शिकार किया जा रहा है। पुलिस ने एक पिकअप पकड़ी है। मछली बेंचने बाजार जा रही पिकअप को पुलिस ने पकड़ लिया। जिससे करीब दो कुंतल मछली बरामद की है। साथ ही पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि रोक के बावजूद मछली आखेट करने वाले चिन्हित किए जा रहे हैं। किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध मत्स्य आखेट नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति मत्स्य आखेट न करे। रोक हटने के बाद ही आखेट किया जाए।

# डीएम के छापा मारने के बाद एआरटीओ कार्यालय में पसरा सन्नाटा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार और दलालों के हावी रहने की लगातार शिकायतें मिलने के बाद जिलाधिकारी सी. इंदुमती के औचक निरीक्षण के दूसरे दिन कार्यालय में दहशत हावी रही।

कार्य कराने आने वाले तमाम लोगों को कार्यालय के बाबू जहां निर्धारित काउंटर के बाहर रहकर कार्य कराने के लिए निर्देशित करते रहे। वहीं रोजाना की तरह फाइल लेकर लिपिकों की टेबल पहुंचने वाले दलाल नदारत दिखाई दिए। कार्यालय का माहौल बिल्कुल बदला हुआ दिखाई दे रहा था। ज्ञात रहे कि एआरटीओ कार्यलय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत शासन तक जाने के बाद जिलाधिकारी सी. इंदुमती द्वारा गुरुवार को औचक निरीक्षण किया गया था। दलालों की इस तरह सरकारी कार्यालयों में घुसपैठ और भागने का नज़ारा देखकर डीएम का पारा हाई हो गया।

डीएम सी. इंदुमती ने एआरटीओ पुष्पांजलि मित्रा गौतम से भी जमकर नाराज़गी जाहिर करते हुए पूरे घटना क्रम की वीडियो ग्राफी करवाए जाने के साथ ही खड़े हुए वाहनों एवं दलालों की पहचान कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। डीएम की इस कार्रवाई से




एआरटीओ कार्यालय में पसरे सन्नाटे का दृश्य एवं बंद दुकानें।

दलालों के साथ ही एआरटीओ कार्यालय के बाबुओं में भी हड़कम्प मच गया। कार्रवाई के अगले दिन भी सभी मे दहशत देखने को मिली।

**मार्केट बंद, पसरा सन्नाटा**

डीएम की घुड़की का असर रहा कि निरीक्षण के अगले दिन कार्यालय से तमाम दलाल नदारत रहे। बल्कि एआरटीओ कार्यालय के बगल में बनी मार्केट में संचालित फोटोकॉपी व लोकवाणी समेत स्टेशरी की दुकानें बंद रही। जानकारों की माने तो इन्ही दुकानों की आड़ लेकर दलालों द्वारा रैकेट संचालित किया जाता है। डीएम की सख्ती के चलते अधिकांश दुकानें बंद रही।

**एक्शन में दिखी एआरटीओ**

डीएम की नाराजगी को देखते हुए एआरटीओ पुष्पांजलि मित्रा गौतम भी एक्शन में नज़र आयीं। अपने चैंबर से दिन में कई बार बाहर निकल कर बाबुओं के पटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें किसी पटल के अंदर अनावश्यक भीड़ दिखाई दी तो संबंधित बाबुओं को भी जमकर फटकार लगाई और निर्धारित खिड़की के बाहर से ही फाइलों को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया।

# एक से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** बारिश के मौसम में वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण को लेकर चलाया जा रहा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान विफल होता नजर आ रहा है। शहर में जगह-जगह फैली गंदगी इस बात की गवाही दे रही हैं कि अभियान के तहत जो निरोधात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए वह नहीं हो रही हैं।

शासन के निर्देश पर एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान समापन की ओर है। बावजूद इसके नगर पालिका के क्षेत्र में रानी कालोनी में गंदगी का अंबार लगा है। यहां पर सड़क किनारे नालियां गंदगी से अटी हैं। नालियां ओवरफ्लो होने के बाद गंदगी आधी सड़क पर फैली हुई है। यहां के लोगों का कहना कि यहां पर नगर पालिका की ओर से सफाई नहीं कराई गई है। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा कई दिन तक कूड़ा इकट्ठा करने के बाद उठाया जाता है। जिस कारण नाली में पानी की निकासी बंद हो जाती है। गंदगी से नाली भरने के बाद सड़क पर गंदगी फैल जाती है।

**सफाई सिर्फ झाडू तक ही सीमित**

अभियान के सभी वार्डो के मोहल्लों में साफ सफाई के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव, फागिंग समेत घास-झाड़ियों की कटाई आदि किया जाना चाहिए लेकिन तांबेश्वर मंदिर चैराहे से जिला कारागार जाने वाले मार्ग में मंदिर के ठीक पीछे झाड़ियों का अंबार है। झाड़ियां इतनी बड़ी हैं कि आधा मार्ग तक बंद हो चुका है लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। खासकर साउथ सिटी के अधिकांश मोहल्लों में गंदगी का अंबार लगा है जिसकी सफाई अभी तक नहीं हो सकी है।

**मच्छर बीमारी बांटने को तैयार**

बारिश के मौसम में मच्छरों का आंतक बढ़ चुका है। जिनसे मलेरिया, डेंगू समेत अन्य कई गम्भीर बीमारियों के होने का खतरा रहता है। इसी के नियंत्रण को लेकर पूरे जुलाई माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाता है लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा गम्भीरता नहीं दिखाने से मच्छर लोगों का खून चूस रहे हैं। ऐसे में मच्छरजनित रोगों से शहरियों को कैसे बचाया जा सकता है, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# डेरी संचालक ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया चैराहा के एक डेरी संचालक ने गुरुवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर मवई कला व बसुहरा गांव निवासी चार लोगों के विरुद्ध अनायास गाली गलौज देते हुए कार क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।हलिया थाना क्षेत्र के सोठिया चैराहा के एक डेरी के संचालक अचलेंद्र मौर्य ने गुरुवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 19 जुलाई की रात्रि में अपने कार से प्राथमिक विद्यालय मझियार के पास खड़ा था कि बाइक से पंहुचे मवई कला गांव निवासी विकास, अमरजीत, शिवशंकर व बसुहरा गांव निवासी बृजेश अनायास ही गाली गलौज देते हुए मेरे कार के बांये तरफ किसी चीज से वार कर क्षतिग्रस्त कर दिया है।जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि डेरी संचालक की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# प्रशिक्षण व रोजगार गुणवत्ता की जांच समिति गठित कर करें : डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अनुश्रवण की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।

उन्होंने केंद्र प्रोषित योजनाएं पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, राज्य पोषित योजना स्टेट स्किल डेवलपमेंट, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम, प्रोजेक्ट प्रवीन, जिला कारागार प्रशिक्षण से सबद्ध सस्थाओं की बिंदुवार प्रगति समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित पाए जाने वाली संस्था



बैठक में भाग लेतीं डीएम सी. इन्दुमती व अन्य।

पोषिष्ट स्किल अग्रनाइजेशन, जीरो0टू0स्पा सैलून प्राइवेट लिमिटेड से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने कहा कि संस्थाएं संचालित कोर्सो में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार युवक व युवतियों का नामांकन कराते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण निर्धारित समय से पूर्ण कराते हुए रोजगार दिलाएं। उन्होंने कहा कि संस्थाओं में संचालित कोर्सो में दिये जा रहे प्रशिक्षण व रोजगार की गुणवत्ता की जाँच समिति बनाकर करें और सूचना रिपोर्ट से भी अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कर रहे युवक व युवतियों के नाम, मोबाइल नंबर, पता सहित सूची भी उपलब्ध कराएं। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत स्किल प्राप्त युवकों को औधोगिक अधिष्ठानों में अप्रेंटिसशिप दिलाएं।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेने वाले को समयबद्धता के साथ प्रशिक्षण दें। प्रशिक्षण के दौरान फोटोग्राफी कराकर उपलब्ध करायी जाये। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला अर्थ संख्याधिकारी, डीसीएनआरएलएम, प्रधानाचार्य आईटीआई, प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला सूचना अधिकारी सहित संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिनरल वाटर के नाम पर पिलाया जा रहा जहर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**खागा, फतेहपुर।** मिनरल वाटर के नाम पर लोगों को जहर पिलाया जा रहा है। पानी का लैब टेस्ट कराए बिना ही कई प्लांट संचालित हो रहे हैं। अधिकांश के पास लाइसेंस भी नहीं है पानी में आयरन आर्सेनिक व अन्य आवश्यक तत्व संतुलित मात्रा में न होने से लोगों में थायराइड समेत कई बीमारियां फैल रही हैं।

जल दोहन भी बड़े पैमाने पर हो रहा है। इससे भूगर्भ का स्तर लगातार घटता जा रहा है। जिम्मेदार अफसर प्लांट संचालकों पर कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। खागा कस्बा सहित कई स्थानों पर मिनरल वाटर की मांग बढ़ रही है।

वजह आरओ प्लांट संचालक 20 लीटर पानी मात्र 20 से 30 रुपए में लोगों के घर तक पहुंचा रहे हैं। आलम, यह है कि सरकारी कार्यालय हो या फिर विद्यालय, छोटी बड़ी दुकानों पर आरो

» प्लांट संचालकों पर कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहे जिम्मेदार

वाटर का डिब्बा रखा मिल जाएगा। कारण, बाजार में मिनरल वाटर के एक लीटर की बोतल 20 व 2 लीटर की बोतल 30 रुपए में मिलती है। ऐसे में 20 से 30 रुपए में शुद्ध पानी का फायदे का सौदा मानकर लोग इसे खरीद रहे हैं। एक दो को छोड़ दिया जाए तो दर्जनों प्लांट संचालकों में से किसी ने आयरन, आर्सेनिक व अन्य तत्वों की जांच नहीं कराई है।

**फिल्टर से नष्ट होते हैं मिनरल**

विशेषज्ञ चिकित्सक बताते हैं कि शुद्ध पानी की चाह में लोग तत्वहीन पानी का सेवन कर रहे हैं। इससे उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है। फिल्टर पानी का नियमित सेवन करने वालों में थायराइड व पेट की गंभीर बीमारियां पनफ रही है। दांत और हड्डियां कमजोर हो रही हैं। यूरिक एसिड भी लोगों में बढ़ रहा है। मिनरल युक्त पानी के उद्देश्य से लोग काम की टीडीएस (100) वाले पानी का प्रयोग कर रहे हैं।

**कई स्थानों में अवैध प्लांट संचालित**

गौरतलब है कि खागा से लेकर हरदों तक ऐसे कई स्थानों पर आरओ प्लांट हैं जिनकी न तो कभी जांच हुई और न ही शुद्ध पानी दिया जा रहा है। कई ऐसे संचालक भी हैं अधिक बिक्री के चक्कर में खुद का प्लांट कई स्थानों पर संचालित कर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।

**हर दफ्तर पहुंच रहा आरओ का पानी**

खागा कस्बा में कोतवाली, तहसील, अस्पताल से लेकर निजी दुकानों पर जगह जगह पर आरओ का डिब्बा रखा मिल जायेगा। यह सब देखने के बाद भी जिम्मेदारों की आंखें नही खुल रही हैं।

# घटिया सामग्री से कार्य का भुगतान कराने की शिकायत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मतवार में तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी अमर बहादुर सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत मतवार में कार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में इंटरलाकिंग कार्य कराया गया उक्त कार्य का फीटिंग ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा घटिया सामग्री से कराया गया है उक्त कार्य का कई बार खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा से शिकायत किया तथा कार्य का फोटो भेजा लेकिन तब पर भी ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा आपरेटर को धमका कर एमआईएस फीडिंग करा लिए हैं उक्त कार्य का जेई द्वारा मुल्यांकन नहीं किया गया है।जिस पर मनरेगा लोकपाल द्वारा मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

# डीएम से मिला विद्यालय प्रबंध तंत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** एक महिला अभिभावक द्वारा विद्यालय प्रबंध तंत्र पर लगाए गए आरोपों के बाद सागर कान्वेंट स्कूल के प्रबंध तंत्र ने डीएम की चैखट पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें अभिभावक के आरोपों को निराधार बताया।

शुक्रवार को सागर कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक अपने स्टाफ समेत कई अन्य विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि अभिभावक प्रीती सिंह का पुत्र अंश विद्यालय में पढ़ रहा है, जिसका दस माह का शुल्क नहीं जमा करवाया गया, जबकि शुल्क जमा करने के लिए विद्यालय से लिखित सूचनाएं समय-समय पर अभिभावक को दी जाती थी।

इसके बावजूद शुल्क नहीं जमा किया। जब बकाया शुल्क अधिक हो गया तो अभिभावक को बुलाकर शुल्क जमा करने की बात कही गई। इस पर



» अभिभावक के आरोपों को बताया निराधार

इन्होने शिक्षक-शिक्षिकाओं व प्रबंधक से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और डीएम से शिकायत करने की धमकी दी। ज्ञापन में कहा गया कि अभिभावक प्रीती सिंह द्वारा विद्यालय प्रबंधक के लिए जो भी शिकायत की गई है वह निराधार है।

इस मौके पर शोभना मिश्रा, अशोक मौर्य, कोटेश्वर शुक्ला, मोहित सिंह, दिलीप मौर्य एडवोकेट, हरिश्चंद्र एडवोकेट, जगदीश मौर्य एडवोकेट, धीरेंद्र यादव एडवोकेट, अखिलेश मौर्य एडवोकेट, राकेश एडवोकेट, उमेश मौर्य एडवोकेट भी मौजूद रहे।

# नहरों की सफाई पोकलैंड से, मशीनीकरण ने ली श्रमिकों की जगह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में नहरो की सफाई जोर-शोर से चल रही है ।इसके साथ ही झाल कुलावा को नए सिरे से बनाया जा रहा है। बनने से किसानों ने राहत की सास ली है। इसके साथ ही श्रमिकों के स्थान पर पोकलैंड जेसीबी मशीनों से नहर की खुदाई चल रही है।

एक तरफ सरकार श्रमिकों को कम देने के लिए जोर-जोर से अभियान चला रही है इसके लिए नरेगा में भी ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को कम मिल सके सरकार प्रयास कर रही है। तो दूसरी तरफ सिंचाई विभाग के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी पोकलैंड मशीन से नहरो की साफ सफाई की जा रही है।मजदूर केवल नाम मात्र के लगाए जाते हैं। राजगढ़ क्षेत्र के नहर की साफ सफाई के लिए नौडीहवा में नहरों की साफ सफाई और माइनर की साफ सफाई के लिए पोकलेन जेसीबी मशीन लगाया गया है । उनके स्थान पर श्रमिकों से काम लिया जाता तो उनके परिवारों का खर्च चलता ।लेकिन मशीनीकरण से काम होने से जल्दी काम हो जा रहा है सरकार वादे तो बहुत करती है। लेकिन श्रमिकों से काम नहीं लिया जाता है। यही हाल नहर विभाग हर साल मशीनीकरण से काम करवा रहा है। श्रमिकों को कम न मिलने पर दूसरे प्रदेशों के राज्यों में जाकर श्रमिक दिल्ली गुजरात महाराष्ट्र पंजाब नागपुर जाकर काम कर रहे हैं और अपना गुजारा भत्ता चला रहे हैं। श्रमिक नंदू ने बताया कि अगर यहां पर काम मिल जाता तो बाहर क्यों जाएं ।परिवार को छोड़कर जाना अच्छा नहीं लगता है। अगर काम नहीं करेंगे तो खाएंगे क्या। श्रमिकों की व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है। इसलिए दूसरे प्रदेशों में जाकर श्रमिक काम करने को मजबूर हैं।

# ब्लाक मुख्यालय पर विकलांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर आज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को विकलांग प्रमाण बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है जहां पर विकलांग लोगों का जिला मुख्यालय से आने वाले चिकित्सक द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद विकलांग प्रमाण पत्र जारी किया गया जायेगा।जिन विकलांग लोगों के विकलांग प्रमाण नहीं बना है वह लोग विकलांग शिविर में पहुंचकर विकलांग प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

विकलांग प्रमाण के लिए विकास खंड के ग्राम पंचायत सचिवों को खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने विकलांगो को शिविर में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सूचना देने का निर्देश दिया है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि ब्लाक मुख्यालय पर विकलांग लोगों के विकलांग प्रमाण बनवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है शिविर में चिकित्सक द्वारा विकलांग प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

# भाजयुमो ने मनायी कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** नगर के जुबली इंटर कॉलेज प्रांगण में पाकिस्तान पर भारत की विजय "कारगिल विजय दिवस" की 25वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा मोंटी ने किया ।

कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या पर मशाल रैली का आयोजन कर वीर सपूतों को याद किया गया था जो कि घंटाघर से शहीद उद्यान तक रैली निकाला गया एवं विजय द्वीप प्रज्वलित किया गया ।

आज जुबली इंटर कॉलेज में सर्वप्रथम कारगिल विजय दिवस से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया एवं पूर्व सैनिक श्री राजपति ओझा जी को सम्मानित किया गया । तत्पश्चात सभा में वीरों को नमन करते हुए मुख्य अतिथि पंडित रत्नाकर मिश्रा ने कहा कि



तत्कालीन प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने विश्व के अन्य देशों के दबाव को दरकिनार करते हुए पहले तो भारत को परमाणु संपन्न बनाया तदुपरांत जब पाकिस्तान ने छल से कारगिल सेक्टर पर अपनी पकड़ बना ली थी, तो वीरों में साहस भरा और अपनी तरफ से पूर्ण अधिकार देते हुए सैनिकों की सहायता से कारगिल के चोटी पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी।

जिलाध्यक्ष भाजयुमो सिद्धार्थ मिश्रा मोंटी जी ने कहा कि आज युवाओं को देशभक्ति की भावना को समझना चाहिए। 1999 से आज का रक्षा बजट लगभग 12 गुना कर दिया गया है आधुनिक हथियार से हमारी भारतीय सेना लैस है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो संकल्प पाठक ने किया।

कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश दूबे, विपुल सिंह, दिनेश वर्मा, उत्कर्ष पाण्डेय, अभिनव प्रताप सिंह, नवीन दूबे राहुल, ओम प्रकाश मौर्य, अमित मिश्रा, कमलेश मौर्य, दीपा ऊमर, शिवम् गुप्ता, प्रिंस अहमद, अश्वनी गुप्ता, सैफ, गौरव त्रिपाठी, अंशु मिश्रा, राहुल सिंह गहरवार आदि उपस्थित रहे ।

**श्रद्धांजलि** भारत के वीर सैनिकों के शौर्य को समूचे विश्व ने सराहा : साध्वी

# कारगिल विजय दिवस: युवाओं ने दिया देशभक्ति का संदेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** कारगिल विजय दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रेक्षागृह परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सभा का आयोजन कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक कैप्टन राजकुमार राठौर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला प्रवासी रुद्र मिश्रा रहे। भाषण, गीत प्रतियोगिता, ताइक्वांडो प्रदर्शन समेत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को सम्मानित करतीं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।

जिसमें 10 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने युवाओं में उत्साह भरते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने अदम्य साहस दिखाते हुए 60 दिनों में भारतीय विजय पताखा फहराने का काम किया।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की नीचता पूर्ण घटना का पूरे दमखम के साथ धूल चटाने वाले अटल बिहारी वाजपेई हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं। प्रदेश कार्य समिति सदस्य रुद्र मिश्रा ने युवाओं में उत्साह भरा। जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने सभी भाषण प्रतिभागियों, पूर्व सैनिकों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों की सराहना की। संचालन जिला महामंत्री प्रसून तिवारी ने किया।

इस अवसर पर ऐश्वर्या सिंह चंदेल, गौरव अग्रहरि, विमलेश पांडेय, सावन गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, कुलदीप मौर्य, सुयश अंबेडकर, मंडल अध्यक्ष किशन शुक्ला, गौरव अग्रहरि, हिमांशु त्रिपाठी, आलोक सिंह, अनुभव शुक्ला, सचिन पांडे समेत निलेश मिश्रा, घनश्याम राजपूत, दुर्गेश लोधी, नीरज निषाद आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में छात्रा समेत तीन घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों में छात्रा समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मुराइन का पुरवा गांव निवासी योगेंद्र कुमार की 16 वर्षीय पुत्री थाना क्षेत्र के एसएस इंटर कॉलेज मुस्तफापुर में कक्षा 11 की छात्रा है। साइकिल से अपने घर वापस जा रही थी। तभी ग्यारह मील के समीप पिकअप ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दिया। जिससे छात्रा घायल हो गई। इसी तरह खागा कोतवाली क्षेत्र के काही गांव निवासी रघुराई का 65 वर्षीय पुत्र श्रीनाथ बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह कस्बे में स्थित रेलवे ओवर ब्रिज पर पहुंचा तभी सामने से आई दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई, जिसमें श्रीनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं मलवां थाना क्षेत्र के अलनापुर गांव निवासी दुर्गा प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर कोरांई मोड़ के समीप पहुंचा।

तभी ट्रक उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया, जिससे बाइक सवार नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची सरकारी 108 एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बांग्लादेश को चित कर फाइनल में पहुंची टीम इंडिया

## विमेंस एशिया कप 2024 : बांग्लादेश ने भारत को दिया 81 रनों का टारगेट, सेमीफाइनल में भारत ने 10 विकेट से जीत दर्ज की





एजेंसी

**दांबुला।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वूमेन्स एशिया कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को रंगिरि दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मुकाबले में भारत को जीत के लिए महज 81 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 11 ओवर में ही हासिल कर लिया। फाइनल में भारतीय टीम का सामना श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच के विजेता से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 28 जुलाई को खेला जाएगा। भारतीय टीम विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश को हराकर नौवीं बार फाइनल में पहुंच गई है। भारत ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने 39 बॉल पर 55 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 28 बॉल पर 26 रन की पारी खेली। इससे पहले, बांग्लादेश की ओर से निगार सुल्ताना ने 32 और शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन बनाए। सात अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके। इंडियन पेसर रेणुका सिंह और स्पिनर राधा यादव ने 3-3 विकेट लिए। पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला। भारतीय टीम नौवीं बार विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। विमेंस एशिया कप की शुरुआत 2004 में हुई थी और टीम इंडिया तब चैंपियन बनी थी। भारत सात बार (2004, 2005, 2006, 2008, 2012, 2016, 2022) टाइटल जीत चुका है। वहीं 2018 में भारत को हराकर बांग्लादेश चैंपियन बना था। 80 रन का पीछा करने उतरे शेफाली और स्मृति ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में 46 रन जोड़े। स्मृति ने अपनी पहली बॉल पर चौका लगाया। इनिंग का पहला सिक्स स्मृति ने तीसरे ओवर में जहांआरा आलम को पुल करके लगाया। 6 ओवर के बाद इंडिया विमेंस का स्कोर बिना विकेट खोए 46 रन है। विमेंस एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने भारत को 81 रन का टारगेट दिया है। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 80 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से निगार सुल्ताना ने 32 और शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन बनाए। सात अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके। इंडियन पेसर रेणुका सिंह और स्पिनर राधा यादव ने 3-3 विकेट लिए। पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला। बांग्लादेश की पारी के 20वें ओवर में राधा यादव ने 2 विकेट लिए। उन्होंने पहले सेट बल्लेबाज निगार सुल्ताना को 32 रन पर दीप्ति शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। उसी ओवर की तीसरी बॉल पर राधा ने नाहिदा अख्तर को बोल्ड करके बांग्लादेश का 8वां विकेट लिया। 14वें ओवर में 44 के स्कोर पर बांग्लादेश की टीम को छठा झटका लगा। रितु मोनी को दीप्ति शर्मा ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों स्टंप कराया। वह पांच रन बना सकीं। बांग्लादेश को पांचवां झटका 11वें ओवर में लगा जब पूजा वस्त्राकर ने राबेया खान को शेफाली के हाथों कैच कराया। वह एक रन बना सकीं। 12 ओवर के बाद बांग्लादेश ने पांच विकेट गंवाकर 37 रन बना लिए हैं। 10वें ओवर में ही बांग्लादेश को चौथा झटका लगा। राधा यादव ने रुमाना अहमद को क्लीन बोल्ड किया। वह एक रन बना सकीं। बांग्लादेश को पांचवें ओवर में 21 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। रेणुका सिंह ने दिलारा और इशमा के बाद मुर्शिदा खातून को शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। मुर्शिदा ने चार रन बनाए। तीसरे ओवर में 17 के स्कोर पर बांग्लादेश को दूसरा झटका लगा।

**दो हफ्ते पहले ही मनाया था बेटी संग बर्थडे**

## कोरियोग्राफर फराह खान की मां मेनिका का निधन



बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी कोरियोग्राफर फराह खान की मां मेनका ईरानी का निधन हो गया है। 26 जुलाई को उन्होंने दम तोड़ा। मेनका ईरानी काफी समय से बीमार चल रही थीं। अस्पताल में उनका इलाज भी हुआ, लेकिन वो पूरी तरह ठीक नहीं हो पाईं। कुछ दिनों पहले फराह ने अपने व्लॉग में इस बारे में जानकारी दी थी। साथ ही मां का परिचय अपने फैन्स के साथ कराया था। रिपोर्ट्स की मानें तो उम्र के चलते बीमारियों से वो घिरी हुई थीं। फराह खान ने कुछ दिनों पहले अपनी मम्मी मेनका का बर्थडे भी सेलिब्रेट किया था। उन्होंने दो फोटोज शेयर कर इमोशनल कैप्शन लिखा था। फराह ने दुआ भी की थी कि मेनका जल्द ही ठीक हो जाएं। फराह ने लिखा था- हम सभी अपनी मां को ग्रांटेड लेते हैं। खासकर मैं। मैंने उन्हें हमेशा ग्रांटेड लिया। ₹बीता महीना इस बात का सबूत है कि मैं अपनी मम्मी मेनका से कितना प्यार करती हूं। वो हमेशा स्ट्रॉन्गेस्ट, ब्रेवेस्ट रही हैं। और मैंने आजतक उन्हें इस तरह नहीं देखा है। आज भी इतनी सारी सर्जरी के बाद भई उनका ह्यूमर अबतक बना हुआ है। हैप्पी बर्थडे मां। आज का दिन खुशहाली से भरा है, क्योंकि आप अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर लौट रही हैं। आपको देखने के लिए मैं बेताब हूं। आप बहुत ताकतवर हैं। और इस लड़ाई में मैं आपके साथ खड़ी हूं। आई लव यू। मेनका ईरानी एक्ट्रेस डेजी ईरानी शुक्ला की छोटी बहन हैं। मेनका ने फिल्म प्रोड्यूसर कामरान खान से शादी की। दोनों के दो बच्चे हुए जो कि साजिद खान और फराह खान हैं।

### ओलिंपिक इतिहास में पहली बार स्टेडियम के बाहर ओपनिंग सेरेमनी



पेरिस ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी परेड में भारत का दल 84 नंबर पर दिखाई देगा। फ्रांस ने 34वें ओलिंपिक गेम्स की शानदार तैयारी कर इसे ऐतिहासिक बना दिया। 129 साल के ओलिंपिक इतिहास में ओपनिंग सेरेमनी पहली बार स्टेडियम के अंदर नहीं, बाहर होगी। सेरेमनी पेरिस की सीन नदी से शुरू होगी। सीन नदी पर नावों के सहारे 206 देश और एसोसिएशन के 10,500 एथलीट्स परेड करेंगे। जो शहर के बीचों-बीच उद्घाटन प्रोग्राम का लुत्फ उठाएंगे। परेड 6 किमी. लंबी होगी। इसे देखने के लिए रिकॉर्ड 3 लाख दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई को रात 11 बजे से ओपनिंग सेरेमनी शुरू होगी। इतिहास में पहली बार स्टेडियम से बाहर निकलकर नदी और सड़कों पर परेड ऑफ नेशंस और प्रोग्राम होंगे। सीन नदी से शुरू होकर 6 किमी लंबी परेड ट्रोकेडारो गार्डन तक चलेगी। इसमें 10 हजार से ज्यादा एथलीट्स हिस्सा लेंगे। सेरेमनी में 120 से ज्यादा देशों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होंगे। परेड खत्म होने के बाद कुछ देर फ्रांस का कल्चर दर्शाते डांस और सिंगिंग प्रोग्राम होने हैं। सेरेमनी करीब 2 घंटे तक चलेगी। फ्रांस ने 2024 ओलिंपिक का स्लोगन 'गेम्स वाइड ओपन' रखा है। जिसका मतलब है, खेल पूरी तरह से खुल चुके हैं। सभी एथलीट्स करीब 94 नावों में बैठकर सेरेमनी का हिस्सा बनेंगे। नावों में कैमरे लगे हैं, जिनसे परेड ऑफ नेशंस में हर देश के खिलाड़ियों को टीवी पर और ऑनलाइन देख सकेंगे। परेड में एथलीट्स सीन नदी पर नावों के सहारे शहर में घूमते हुए ट्रोकेडारो गार्डन पहुंचेंगे। यहीं ओपनिंग सेरेमनी का फाइनल शो होगा।

**सालाना आधार पर 12% कम हुआ, रेवेन्यू 17% बढ़ा**

## इंडिगो का पहली तिमाही में मुनाफा रुपये 2,729 करोड़

एजेंसी

**मुंबई।** लो-कॉस्ट एयरलाइन इंडिगो का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में मुनाफा 2,729 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार (YoY) पर यह 12% कम हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 3,091 करोड़ रुपए रहा था।

इंडिगो के ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू यानी आय में सालाना आधार पर 17% की बढ़ोतरी हुई है। FY25 की पहली तिमाही में ऑपरेशन से रेवेन्यू 19,571 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY24 की पहली तिमाही में रेवेन्यू 16,683 करोड़ रुपए रहा था। इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स ने बताया कि एयरलाइन भारत के सबसे बिजी रूट्स में बिजनेस क्लास शुरू करने जा रही है। साथ ही कुछ डोमेस्टिक रूट्स पर इनफ्लाइट एंटरटेनमेंट भी शुरू की तैयारी कर रही है। इसके अलावा, अगस्त से भारत और सेंट्रल एशिया के बीच भी उड़ानों की शुरुआत होने वाली है। इंडिगो के शेयर 1.15% बढ़कर 4,483 रुपए पर बंद हुए। 6 महीने में शेयर ने 54.80% का रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में ये 76.51% चढ़ा है। इंडिगो एयरलाइन को ऑपरेट करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने आज 26 जुलाई को पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इंडिगो के रेवेन्यू में बढ़ोतरी डोमेस्टिक ट्रैवल में बढ़ोतरी के कारण हुई है। लेकिन, तेल की कीमतें बढ़ने के चलते कंपनी का प्रॉफिट कम हुआ है। जून तिमाही में एयरलाइन का फ्यूल CASK 10.5% बढ़कर 1.77 रुपए हो गया। फ्यूल CASK यानी, एक सीट पर एक किलोमीटर के लिए लगने वाली फ्यूल कॉस्ट। इंडिगो बाजार हिस्सेदारी में भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। इसकी स्थापना 2006 में राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने की थी। ये रोजाना 2000 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। 80 से ज्यादा डोमेस्टिक डेस्टिनेशन और 30 से ज्यादा इंटरनेशनल डेस्टिनेशन पर इंडिगो की फ्लाइट चलती है। ये 110+ डेस्टिनेशन को जोड़ती है। एयरलाइन की 320 से ज्यादा एयरक्राफ्ट की फ्लीट है। इसके 50 करोड़ से ज्यादा कस्टमर है।



सोर्स: DGCA , जून 2024

**पूरी टीम नए सेट पर हुई शिफ्ट, 12 अगस्त को होगा प्रीमियर**

## अमिताभ बच्चन ने शुरू की केबीसी-16 की शूटिंग




**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति 16' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में, बिग बी ने अपने ब्लॉग पर शो के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं।

तस्वीरों में बिग बी सेट पर मौजूद ऑडियंस को हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। पहले दिन शूटिंग का अनुभव साझा करते हुए उन्होंने अपने ब्लॉग में लिखा, 'केबीसी के 16वें सीजन का पहला दिन .. और घबराहट, डर और बदलावों का तनाव और दर्शकों की प्रतिक्रिया, इन सबसे दिल की धड़कन बढ़ गई। दिल तेजी से धड़क रहा था .. दिन खत्म हो गया, नींद गायब हो गई .. काफी समय हो गया .. और अब बस जल्दी सोने का सोच रहा हूं क्योंकि समय का तालमेल ऐसा कहता है।'

कंटेस्टेंट्स के साथ अपनी बातचीत पर चर्चा करते हुए, बच्चन ने आगे लिखा, 'कंटेस्टेंट - बहुत होशियार और बड़े ज्ञान वाले लोग हैं और हमारा काम है कि उनकी शाम अच्छी बीते। मेगास्टार ने शो की शूटिंग के बाद घर लौटने के बारे में भी बताया और कहा कि कैसे बारिश के कारण वह मुंबई के ट्रैफिक में फंस गए थे। उन्होंने मजाक में कहा कि घर पहुंचने के लिए उन्हें लगभग तैरना पड़ा, आखिरकार सुरक्षित पहुंचने पर उन्हें राहत मिली।' बता दें, मेगास्टार ने कुछ दिन पहले मॉक शूट किया था। दो दिन पहले (24 जुलाई) बिग बी ने इस सीजन का पहला एपिसोड शूट किया है। टीम ने शो के फॉर्मेट को बरकरार रखा है। कैंपेन, कांसेप्ट, इनामी राशि में कोई भी महत्वपूर्ण बदलाव नहीं किया गया है। इस सीजन, अमिताभ बच्चन 'केबीसी' की शूटिंग फिल्मसिटी में ही एक नए सेट पर कर रहे हैं। जिस सेट पर वह पिछले 6 सालों से शूटिंग कर रहे थे (स्टूडियो नंबर 7), इस साल वह एक अन्य प्रोडक्शन हाउस ने बुक कर लिया है। इसी वजह से, मेकर्स को एक नए सेट पर शिफ्ट होना पड़ा। शुरूआती प्लानिंग के मुताबिक, इस सीजन में 100 एपिसोड शूट किए जाएंगे। इस सीजन का पहला एपिसोड 12 अगस्त को टेलीकास्ट होगा।

## मेरा बजट इतना नहीं है कि मैं लोगों से अपनी तारीफ करवाऊं : जान्हवी




**जान्हवी** कपूर ने कहा कि वो अपने PR के लिए पैसे खर्च नहीं करतीं। जान्हवी ने कहा कि उनके पास इतना बजट नहीं है कि वो सोशल मीडिया पर अपनी तारीफें करवाती फिरें। जान्हवी ने कहा कि लोगों को लगता है कि अगर कोई उनकी तारीफ करता है तो बदले में उसे पैसे मिले होंगे।

जान्हवी ने यह बातें अपनी अपकमिंग फिल्म उलझ के प्रमोशन के दौरान कही है। बता दें, जान्हवी पिछले दिनों अपनी हेल्थ रिलेटड वजहों से चर्चा में थीं। उन्हें फूड पॉइजनिंग हो गई थी, जिसकी वजह से उन्हें 3 दिन तक हॉस्पिटल में भर्ती रहना पड़ा था। फिलहाल वे दोबारा अपने काम पर लौट चुकी हैं। जान्हवी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान वार्ता करते हुए कहा- मैं देखती हूं कि कोई गलती से भी सोशल मीडिया पर मेरी तारीफ कर दे लोग बोलते हैं कि ये तो इसके PR ने किया होगा। मैं बोलती हूं कि मेरा बजट इतना नहीं है कि मैं लोगों से अपनी तारीफ करवाऊं। जान्हवी ने कहा कि जब लोगों को उनका काम अच्छा लगता है तभी उनकी तारीफ करते होंगे। उन्होंने कहा- मैं अब खुद थोड़ी कह सकती हूं कि मेरे अंदर कॉन्फिडेंट आ गया है। मैं अच्छा परफॉर्म कर रही हूं। मैं अपनी तारीफ खुद नहीं कर सकती। जान्हवी की बैक टु बैक फिल्में आ रही हैं। मिस्टर एंड मिसेज माही के बाद अब उनकी अगली फिल्म उलझ, 2 अगस्त को रिलीज होगी। जान्हवी इसके बाद देवरा पार्ट-1 में जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी। जान्हवी कपूर पिछले दिनों मुंबई के एच.एन. रिलायंस हॉस्पिटल में भर्ती थीं। वे पिछले हफ्ते चेन्नई से एक इवेंट अटेंड करके मुंबई आईं तभी उन्हें कुछ परेशानी महसूस हुई। उन्होंने पहले घर पर ही आराम करना सही समझा लेकिन कंडीशन खराब होने पर हॉस्पिटल में एडमिट हो गईं। उनका ब्लड टेस्ट हुआ जिसमें पता चला कि उन्हें फूड़ पॉइजनिंग हुई है। पेट दर्द से रिकवरी के बाद उनकी बॉडी काफी ज्यादा वीक हो गई। जान्हवी ने कहा- हॉस्पिटल में एडमिट होने से पहले मुझे वॉशरूम जाने तक में दिक्कत हो रही थी। ऐसा लग रहा था कि बॉडी सुन्न पड़ गई है। हाथ-पैर बिल्कुल काम नहीं कर रहे थे। वो समय मेरे लिए काफी डरावना था।

## एक नजर

### सर्पदंश से युवती की मौत

**मुंशीगंज।** कोतवाली अंतर्गत उज्जैनी गांव में सर्पदंश से एक युवती की मौत हो गई है। प्रीति पुत्री अमर जीत को रात में सांप काट लिया था। परिजनों ने उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संजय गांधी अस्पताल के चिकित्सकों ने लाश को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराया है। पीएम रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। परिजनों का कहना है कि जिस सांप ने युवती को काटा था, गुरुवार को वह घर में ही मिला है, उसे मार दिया गया है। एसओ ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। संजय गांधी अस्पताल से मेमो प्राप्त हुआ था, इसलिए पोस्टमार्टम कराया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं प्राप्त हुई हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि उसकी बेटी की मौत सांप काटने से हुई है। आरोप है कि ठीक से इलाज करने के बजाय संजय गांधी अस्पताल के चिकित्सक ने अपनी रिपोर्ट में जहर खाने से मौत का उल्लेख करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोप है कि पीएम हाउस में डाक्टर रिपोर्ट बदलने के लिए मोटी रकम मांग रहे थे।

### सैन्य विज्ञान विभाग ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पाण्डेय नें बताया कि कारगिल संघर्ष 3 मई 1999 को शुरू हुआ और 26 जुलाई 1999 तक चला। पाकिस्तानी घुसपैठियों के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए अभियान का ऑपरेशन विजय नाम दिया गया। आपरेशन विजय में भारत को विजय हासिल हुई व इस सफलता के लिए ही हर वर्ष 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 25 वीं वर्षगांठ के रूप में रजत जयंती मनाई जा रही है। संस्थान के सैन्य विज्ञान विभाग में आपरेशन विजय में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर शहीदों के नाम पौधरोपण का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल वर्मा, प्राची, श्रुति, प्रखर मिश्रा आदि विद्यार्थी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह नें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### नलकूप मालिकों से विनती कर रहा अन्नदाता

**फतेहपुर।** इस बार दोआबा सूखे की ओर अग्रसर है। हालात यह हैं कि जुलाई माह में भी अच्छी बारिश न होने से किसान धान रोपाई के लिए खासा परेशान हैं। निजी नलकूप मालिकों से किराए पर पानी मांगने पर भी नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि नलकूप मालिक पहले अपने खेतों में धान रोपाई की बात करके पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं जिन किसानों ने किसी तरह से धान की रोपाई कर डाली है, वह निकल रही कड़ी धूप में अपनी फसलों को बचाने के लिए इन्द्रभगवान से प्रार्थना कर रहा है। अभी भी जिले में करीब 35 फीसदी धान रोपाई अभी भी शेष है। किसानों का कहना है कि जुलाई में यदि धान रोपाई नहीं हो पाती है तो इसकी पैदावार में भी खासा असर पड़ेगा। निजी नलकूपों के भरोसे धान की खेती करने में पैदावार से अधिक लागत आएगी, जिससे किसान कहीं का नहीं रह जाएगा। बारिश न होने से खेतों में दरार पड़ने लगी है। बढ़ते तापमान के बीच किसी तरह से किसान धान की नर्सरी तैयार की। जून के अंतिम सप्ताह में मानसून आने की आहट से किसान खुश हुए लेकिन दो-तीन दिन कहीं हल्की बारिश तो कहीं अच्छी बारिश होने के बाद बिन बरसे बदरा निकल रहे हैं। मशक्कत के बाद तैयार नर्सरी को अब किसान रोपने के लिए भटक रहा है। नहर एवं राजकीय नलकूपों से भी भला नहीं हो पा रहा है। गांवों में स्थित निजी नलकूपों के मालिकों से किराये का पानी मांग रहा है लेकिन वह भी नहीं मिल पा रहा है। कारण है कि नलकूप किसान पहले अपनी खेती देखने की बात कर रहे हैं। किसानों का मानना है कि जुलाई के पहले सप्ताह में ही धान की रोपाई हो जानी चाहिए। अन्यथा उत्पादन प्रभावित होना तय है। कृषि विभाग की जानकारी के अनुसार अभी भी 35 फीसदी धान की रोपाई होना अभी शेष है।

### लाइसेंस नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन

**फतेहपुर।** जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने बताया कि उर्वरक, बीज एवं पेस्टीसाइड्स का व्यापार करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी लाइसेंसो के आवेदन हेतु सरकार द्वारा वेवसाइट प्रारंभ की गई है। जिस पर संबंधित व्यक्ति व लाइसेंस प्राप्तकर्ता जन सेवा केन्द्र या स्वयं समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन से तीस दिन के अंदर वेवसाइट के माध्यम से अपना उर्वरक, बीज एवं पेस्टीसाइड्स से संबंधित लाइसेंस पत्र प्राप्त कर सकते हैं। लाइसेंसिंग प्रणाली पूर्णतः आनलाइन एवं पारदर्शी है। आवेदन में लगने वाले प्रपत्रों की विधिवत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसी भी आवेदक को जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा अन्य किसी तथा अन्य किसी विभागीय कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है।

### आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह

**फतेहपुर।** शहर के बांदा रोड स्थित आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2024-25 का अलंकरण समारोह मनाया गया। कक्षा 9 एवं 11 के बच्चे जिन्होने गत वर्षों में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया उन्हें बैज देकर अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। कक्षा 11 से सुयश बाजपेयी को हेड ब्याय एवं मानवी ठाकुर को हेड गर्ल बनाया गया। इसके अतिरिक्त आद्या गुप्ता एवं मानस तिवारी को रोज़ हाउस, आराध्या गुप्ता एवं अंश कुमार दुबे को वायलेट हाउस, नंदिनी सिंह एवं शाश्वत बाजपेयी को सनफ्लावर हाउस तथा गुड़िया मौर्य एवं युवराज सिंह को आइरिस हाउस का कैप्टेन बनाया गया। विद्यालय के कक्षा 9 तथा 11 में पढ़ने वाले अन्य छात्र एवं छात्राओं को काउंसलर की जिम्मेदारियां दी गयीं। हेड ब्वॉय सुयश बाजपेयी ने सभी कैबिनेट पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पूर्ण शुचिता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता श्रीवास्तव ने सभी कैबिनेट पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी एवं उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने सभी कैबिनेट मेम्बर्स को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। विद्यालय के चेयरमैन बिन्दा सिंह एवं अकेडमिक डायरेक्टर वीशा मोहिन्द्रा ने अपने प्रेषित वक्तव्य में सभी बैज धारकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### कक्षा 9 व 11 में पंजीकरण 5 अगस्त तक

**फतेहपुर।** यूपी बोर्ड के स्कूलों में प्रवेश लेने वालों के लिए अभी भी मौका है। बोर्ड की ओर से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के लिए 5 अगस्त अंतिम तिथि तय की है। ऐसे में कक्षा 9 और 11 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को पांच अगस्त तक का मौका मिल सकेगा। छात्र-छात्राओं के पंजीकरण कराने में हेराफेरी करने वाले विद्यालयों पर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई होगी। डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के लिए समय सारणी जारी कर दी गई है।

# सीडीओ ने किया दस ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम के प्रधानों व सचिवों से संवाद

विश्ववार्ता संवाददाता



**गौरीगंज।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विकास भवन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के रूप में चयनित ग्रामों में SLWM के कार्यों को पूर्ण कराए जाने एवं ओडीएफ निरंतर को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से सीधा संवाद किया।

मुख्य विकास अधिकारी की ओर से विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत ओदारी, तेंदुआ, ब्रहमिनी, पीढ़ी, सराय महेशा, मोहना, जमालपुर रामपुर, सैम्बसी तथा विकास खंड भादर के टीकरमाफी एवं नरहरपुर के ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव से सीधा संवाद किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपरोक्त संदर्भित ग्राम पंचायत में ओडीएफ प्लस तथा SLWM के तहत कराए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली गई एवं उन्हें कतिपय (स्वच्छता बनाए रखने हेतु) सुझाव भी दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों को ग्राम पंचायत के कचरा ढोने वाले वाहन अर्थात ई रिक्शा की मैकेनिकल जानकारी हेतु संबंधित ई रिक्शा एजेंसी के मैकेनिक से समन्वय स्थापित करते हुए वाहन चालकों के वर्कशॉप आयोजन हेतु निर्देश भी दिए गए। इस वर्कशॉप से वाहन चालक हाइड्रोलिक मशीन तथा अन्य उपकरण के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे एवं आपातकालीन स्थिति में वह स्वयं से ही मरम्मत करने में सक्षम हो सकेंगे।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपरोक्त सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान से एक-एक करके उन्हें आ रही। समस्याओं को विस्तार से सुना भी गया। उसके निराकरण हेतु जिला पंचायत राज्य अधिकारी अमेठी को निर्देशित किया। विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए समस्या को अविलम्ब निस्तारित कराने के निर्देश भी दिए गए।

## विधायक ने अन्नदाताओं को दिया प्याज का नि :शुल्क बीज

विश्ववार्ता संवाददाता



» प्याज का निशुल्क बीज पाकर किसानों के खिले चेहरे

**सुलतानपुर।** विकासखंड बल्दीराय के पारा बाजार में उद्यान विभाग सुल्तानपुर द्वारा आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में उद्यान विभाग में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत पंजीकृत कृषकों को निःशुल्क खरीफ प्याज बीज वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान द्वारा श्रीपाल पासी, सोहराब खान, ईशा खान, सोहेल खान, राकेश यादव, बृजेश यादव, जगन्नाथ यादव, तनवीर आलम, रमेश, तायूब, मोहम्मद सम्मू, रमेश यादव, त्रिजोगी मौर्य, जय बहादुर अकबर अली, रहमान हाजी लेखपाल रहमुद्दीन, विपिन देहाती आदि सैकडों कृषकों को निःशुल्क खरीफ प्याज बीज वितरित किया गया। निःशुल्क बीज पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। अपर जिला उद्यान अधिकारी पवन सिंह ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और आये हुए सभी किसानों को खरीफ प्याज की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस मौके पर सुमित सिंह, मोहन तिवारी, मनीष पाठक, अभय सिंह, मकबूल, गुड्डू, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## संगठन विस्तार को कांग्रेस कार्यालय में हुई एनएसयूआई की बैठक



विश्ववार्ता संवाददाता

**गौरीगंज।** लोक सभा चुनाव के बाद कांग्रेस के छात्र संगठन एन एस यू आई की कमेटियों को पुनर्गठित और क्रियाशील किया जा रहा है। शुक्रवार को केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय पर एन एस यू आई के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में प्रभारी बनाए गए आदर्श सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं को छात्रों और नौजवानों की समस्यायों, बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्तियों में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा कर संगठन विस्तार के सुझाव दिए।

एनएसयूआई की संगठनात्मक एवं विस्तार बैठक केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष सुमित तिवारी के नेतृत्व में हुई। जिले के प्रभारी बनाए गए आदर्श सिंह भदौरिया का आगमन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव एनएसयूआई सौरभ सिंह, आरिफ गुर्जर, शुभम शुक्ला, इमरान खान, अभिषेक शर्मा, चंद्र प्रकाश सिंह आदि एनएसयूआई के लोग उपस्थित रहे।

## अधीक्षण अभियंता ने किया जौनपुर ब्रांच की रजवाहों का निरीक्षण

**जायस/रामगंज।** नहर विभाग के अधीक्षण अभियंता इंजीनियर भानु प्रताप सिंह ने शुक्रवार को अधिशासी अभियंता अमित चौधरी और अन्य अभियंताओं की टीम के साथ जौनपुर ब्रांच की रजवाहों और नहरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नहरों में पानी की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया और अधीनस्थ अभियंताओं को समुचित दिशा निर्देश दिए।

जन शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और कहा कि आई जी आर एस पोर्टल पर आने वाले शिकायतों का यथाशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाय। अधीक्षण अभियंता ने औरंगाबाद, गोपालपुर और रामगंज रजवाहा का निरीक्षण किया। अमेठी रजवाहा में पानी चल रहा है, जबकि टिकरी रजवाहा में इस समय पानी बंद हैं।

## नहीं हो पा रहा ग्राम चौपालों में आई शिकायतों का निस्तारण

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** शुक्रवार को जिले की 26ग्राम पंचायतों में जन चौपालों का आयोजन किया गया। चौपालों में आवास की मांग से सम्बंधित एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। शौचालय और नाली निर्माण तथा पेंशन सम्बंधित शिकायतों का भी समुचित निस्तारण नहीं हो पा रहा है। आवास के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य आने तक इंतजार करने के लिए कहा गया है।

ग्राम पंचायत अधिकारी चंदन मौर्य ने रेभा में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। यहां दो शिकायतें प्राप्त हुई हैं। आवास के लिए पांच लोगों ने अपने नाम नोट कराएं।चंदन मौर्य के साथ ए डी ओ/अवर अभियंता लघु सिंचाई अजीत सिंह राठी भी मौजूद रहे। ककवा में ए डी ओ सहकारिता मुइज्जुल्ला और पंचायत सचिव चन्द्र शेखर ने चौपाल लगाकर जनसुनवाई की।

जुलाई महीने में विकास खंड में पूर्व में बियसिया, लोनियापुर, रामदयपुर, महमूदपुर,नैनहा बरतली और दादूपुर में आयोजित जन चौपालों में कुल 20शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इनमें से 14 आवास से सम्बंधित हैं।

> मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का सर्वे करा लिया गया है।2300से अधिक लाभार्थी सामने आए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए अभी शासन की ओर से कोई निर्देश नहीं प्राप्त हुआ है। आवास सम्बन्धी जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हो रहे हैं, पंचायत स्तर पर उन्हें सूची बद्ध किया गया है। शासन की ओर से लक्ष्य आवंटित किए जाने के बाद पात्रता के अनुसार लाभार्थियों को आवास आवंटित किए जायेंगे।
>
> ऐश्वर्य यादव
> परियोजना निदेशक, अमेठी

### टिकरी में आई आठ शिकायतें, पांच का निस्तारण हुआ

**भेंटुआ।** शुक्रवार को टिकरी और सुमेर पुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में एक दर्जन से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। टिकरी में ए डी ओ आई एस बी कुंवर विक्रम सिंह और ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप कुमार ने जनसुनवाई की। शौचालय, नाली निर्माण एवं सफाई, वृद्धा पेंशन और आवास सम्बंधित शिकायतें आई हैं।

## ग्रामीण पेयजल योजनाओं की जांच को ब्लॉक वार टास्क फोर्स गठित

» रोड रेसटोरेशन और जलापूर्ति को लेकर आई जी आर एस पोर्टल पर शिकायतों को शून्य करने पर जोर



विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** जिले में निर्माणाधीन और पूर्ण हुई जल जीवन मिशन की 487परियोजनाओं के काम की जांच और जन शिकायतों को शून्य करने के लिए अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार राव ने विकास खंड वार टास्क फोर्स का गठन किया है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शुक्रवार को सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र भेजकर अपने विकास खंड की टास्क फोर्स के साथ ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्थलीय जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जिले में जल जीवन मिशन का काम वेलस्पन, गायत्री और वी टी एल कम्पनियों को दिया गया है। 30जून तक 82ओवरहेड टैंक पूर्ण हुए हैं।387राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है।पाइप लाइनों के निर्माण के दौरान टूटी सड़कों की पुनर्स्थापना,नये पानी कनेक्शन और जलापूर्ति सम्बंधित शिकायतों की भरमार है।आई जी आर एस पोर्टल पर रोज शिकायतें मिल रही है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता ने सभी परियोजनाओं की स्थलीय जांच के लिए ब्लॉक वार टास्क फोर्स गठित करके सी डी ओ को पत्र लिखा था।टास्क फोर्स में खंड विकास अधिकारी,अवर अभियंता जल निगम और अवर अभियंता लघु सिंचाई/नलकूप/तकनीकी सहायक को शामिल किया गया है। गुरुवार की शाम सी डी ओ कार्यालय से पत्र जारी हुआ है।पत्र के साथ सभी विकास खंडों की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की सूची भी संलग्न की गई है।सी डी ओ ने सभी खंड विकास अधिकारियों को ग्रामीण परियोजनाओं की स्थलीय जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## शिक्षक आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**भेंटुआ/संग्रामपुर।** विकासखंड कार्यालयों पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड के शिक्षक आशा कार्यकत्रियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान गया। प्रशिक्षण में लोगों को गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकियां से होने वाले सप्लाई के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धीरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में हर घर योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ जल की सप्लाई के लिए गांव में पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिल सके और विभिन्न प्रकार की होने वाली बीमारियों से उन्हें बचाया जा सके। इस प्रशिक्षण में विकासखंड के शिक्षक आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

## सैनिक स्कूल में सैनिकों के सम्मान में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

विश्ववार्ता संवाददाता



**अमेठी।** कारगिल विजय दिवस पर गुरुवार को राजनीतिक कार्यक्रम नहीं हुए। सैनिक स्कूल में सैनिकों के सम्मान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

26 जुलाई को भारत 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अपने सशस्त्र बलों की वीरता का सम्मान करने के लिए एक मार्मिक अवसर, कारगिल दिवस मनाता है। यह दिन भारतीय इतिहास में गहरा महत्व रखता है, जो विपरीत परिस्थितियों में देश के लचीलेपन, बहादुरी और एकता का प्रतीक है। इस वर्ष कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ या रजत जयंती है।

सैनिक स्कूल अमेठी ने कारगिल विजय दिवस को उत्साह और चिंतन के साथ मनाने के लिए मोटिवेशनल हॉल के दौरे और एक वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक, प्रिंसिपल, लेफ्टिनेंट कमांडर सिद्धार्थ नेहरा, प्रशासनिक अधिकारी के साथ, कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण किया।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने डी एम को दिया ज्ञापन, जिले को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

**गौरीगंज।** किसान समस्याओं के निराकरण को बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को 18 बिंदुओ का ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में किसानों को छुट्टा जानवरों की समस्या से निजात दिलाने, अघोषित विद्युत कटौती दूर करते हुए समुचित विद्युत आपूर्ति, राशन की दुकानों पर घटतौली की शिकायतें दूर करने, नहरों में पानी छोड़ने, आदि समस्याओं के साथ जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की गई है।जामों विकास खंड की जनापुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन के निर्माण के दौरान टूटी हुई सड़क को अभी तक ठीक नहीं किया गया है। ग्राम पूरे दाउद हुसैनी में चकमार्ग और नाली पर अवैध कब्जे से जल निकासी बाधित है। संयुक्त जिला चिकित्सालय में सुबह आठ बजे के पहले और दोपहर दो बजे के बाद मरीजों को आपात कालीन सेवाएं नहीं मिल रही हैं।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिला संयोजक आर के मिश्र ने कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों और मजदूरों की समस्यायों की अनदेखी कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण की ओर से मंगलवार को संसद में पेश किया गया अंतिम बजट पूंजीपतियों और कारपोरेट जगत के अलावा किसी के हित में नहीं है।

ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में किसान संग्राम समिति के गया प्रसाद, गुलाम रसूल, सूर्यपाल यादव आदि किसान नेता शामिल रहे।

## घर के बाहर से बकरी उठा ले गए चोर

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के हयातनगर गांव से गुरुवार रात को पिकअप से आए चोर छह बकरी लादकर फरार हो गए। सूचना पर पहुँचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

थाना क्षेत्र हयातनगर निवासी अजहरुद्दीन गुरुवार को भोजन के बाद परिवार के साथ सोए हुए थे। रात करीब 03:00 बजे पिकअप से आए अज्ञात चोर घर के बाहर बधी बकरी को लादने लगे। खटपट की आवाज पर अजहरुद्दीन की मां जग गई। हल्ला-गुहार पर जब तक लोग जगते पिकअप पर छह बकरी लादकर अज्ञात चोर फरार हो गए। पीड़ति पक्ष ने मोटरसाइकिल से पिकअप का कई किलोमीटर तक पीछा किया,लेकिन चोरों का सुराग नही लग सका। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने जांच पड़ताल की है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया अभी मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## एक महीने के भीतर हुआ 25 फीसदी राशन लाभार्थियों का केवाईसी



विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से सम्बंधित शिकायतों को कम करने के लिए लाभार्थियों के डाटा फिर से अपडेट किए जा रहे हैं। पिछले एक महीने के भीतर कुल लाभार्थियों में से लगभग 25 फीसदी राशन लाभार्थियों के के वाई सी किए जा चुके हैं।के वाई सी का काम कोटेदारों को सौंपा गया है। नये राशन कार्ड बनाने का काम सभी आपूर्ति कार्यालयों में शुरू हो गया है।

लोक सभा चुनाव की अधिसूचना के कारण पिछले छः महीने से नये राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे। चुनाव की अधिसूचना समाप्त होने के बाद पिछले एक महीने के भीतर राशन लाभार्थियों की यूनिट और नाम में त्रुटि सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा था।नये राशन कार्ड बनाने सम्बंधित आवेदन एकत्रित करके कार्यालय में रखे गए थे। जिला पूर्ति कार्यालय विभाग में स्टाफ का संकट दूर होने के बाद तेजी से आवेदन निस्तारित किए जा रहे हैं। विभाग में इस समय लिपिकों के साथ दो ए आर ओ और नौ सप्लाई इंस्पेक्टर काम कर रहे हैं। हर कार्यालय में प्राइवेट और संविदा पर रखे गए आपरेटर भी काम कर रहे हैं।

जिले के तेरह विकास खंडों और नगरीय क्षेत्रों में राशन लाभार्थियों की कुल संख्या 1462305 है, इसमें से 25 जुलाई तक 352273 लाभार्थियों के केवाईसी किए जा चुके हैं।

### एआरओ को भेजी गई राशन की दुकानों की जांच रिपोर्ट

**अमेठी।** पिछले दो महीने के भीतर राशन की दुकानों पर वितरण में धांधली, कोटेदारों की दबंगई, घटतौली आदि शिकायतों से सम्बंधित जांच रिपोर्ट ए आर ओ के पास परीक्षण और अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं। कोटेदारों को आरोप पत्र भी भेजे गए हैं। विकास खंड भेंटुआ की नौगिरवा और विकास खंड भादर की नेवढ़िया, सरैया और सवनगी के कोटेदारों के विरुद्ध जनता की ओर से की गई शिकायतें जांच में सही पाई गई है। सप्लाई इंस्पेक्टर शुभम् चौधरी और सुषमा सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट, लाभार्थियों के बयान और कोटेदारों के जबाव के साथ पूरी पत्रावली क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ज्योति के पास परीक्षण और अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं।

## निर्वाण को प्राप्त हुए सेवा निवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ रामनाथ

अमेठी। सेवा निवृत्त संयुक्त निदेशक - स्वास्थ्य डा राम नाथ का बुधवार को निधन हो गया। अन्त्येष्टि में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

सुल्तानपुर के दुलापुरकला. गांव के मूल निवासी डॉ रामनाथ लम्बे समय तक आसपास के कई जनपदों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे हैं। सेवा के दौरान उन्होंने कई गरीब छात्रों की शिक्षा में मदद करते हुए सरकारी नौकरी हासिल करने में सहयोग किया। अम्बेडकर कल्याण समिति से आजीवन जुड़े रहे। डा हरीराम डा राजेंद्र प्रसाद,, राज्य मंहिला आयोग की पूर्व सदस्य शकुंतला भारती, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य मुन्ना लाल, अम्बेडकर कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश गौतम, सुरेश कुमार आदि ने निर्वाण प्राप्त डाक्टर साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

परोपकार | करीब 450 जरूरतमंदों ने नि :शुल्क भोजन का उठाया लाभ

# राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने अस्पताल और रेलवे स्टेशन में बांटा भोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के सदस्यों में गुरुवार की शाम जरूरतमंदों की सेवा भाव का गजब का उत्साह दिखा। स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक और रेलवे स्टेशन गेट के सामने निशुल्क भोजन मरीज और तीमारदारों, यात्रियों को उपलब्ध कराया।

स्वशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज में साप्ताहिक निशुल्क रसोईया का संचालन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में 17 माह से संचालित हो रहा है परिस्थितियों चाहे जो हो संस्था के सदस्य अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। गुरुवार की देर शाम सदस्यों ने स्वशासी मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने भोजन वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। आप लोग नित्य यह परोपकार का कार्य करते है। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ है। उसके बाद रेलवे स्टेशन पर स्टाल लगाकर जरूरतमंदों की भूख मिटाने के लिए निःशुल्क भोजन की थाली वितरित की गई। दोनों जगहों पर लगभग चार सौ पचास लोगों को निशुल्क रसोईया से रोटी, चावल, सब्जी,दाल थाली में भोजन परोसकर जरूरतमंदों को वितरित किया गया। संस्था के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने दानी सज्जनों का आभार प्रकट किया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, वीरेंद्र पटेल, नफ़ीसा बानों, सत्य प्रकाश वर्मा, अफ्तार अहमद, जावेद अहमद सिराज खान, मुहम्मद मुन्तज़ा अंसारी, डॉक्टर शादाब खान, सरदार गुरुप्रीत सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



गरीबों को नि :शुल्क भोजन वितरित करते राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के पदाधिकारी।

## हसवा सहकारी समिति में निदेशक ने किया पौधरोपण

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत हसवा कस्बे के किसान सहकारी समिति परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के निर्देशानुसार हसवा बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड परिसर में सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने जनपद के विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ पौधारोपण किया, जिसमें फलदार व छायादार किस्म के पौधे समिति परिसर में लगाए गए।

निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि पेड़ जीवन के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के लिए पौधे लगाकर संरक्षण करना जरूरी है। ऐसे में सभी को पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा भी करना चाहिए। बिना पेड़-पौधों के हमारी संस्कृति की परिकल्पना नहीं की जा सकती और पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैं। जल का संरक्षण करते हैं। जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं। मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते हैं और कई अन्य तरीकों से पूरे पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं। हसवा सहकारी समिति के अध्यक्ष अजय राज सिंह ने कहा कि हमें पौधारोपण कर उनकी देखरेख भी जरूर करना चाहिए, ताकि प्रकृति को सुन्दर बनाने के लिए वृक्ष होना आवश्यक है, जिससे सभी को शुद्ध वातावरण मिल सके। जितना अधिक वृक्ष लगायेंगे तो उतना अच्छा मानसून बनेगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं। जब धीरे धीरे रेगिस्तान का रूप धारण हो जायेगा।

## एक नजर

### तनिष्क के शोरूम में दो करोड़ की लूट

**पूर्णिया।** बिहार में पूर्णिया जिले के सहायक खजांची थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शुक्रवार को तनिष्क के शोरूम से दो से तीन करोड़ रुपये के आभूषण लूट लिए। दो बाइक पर सवार अपराधियों ने लाइन बाजार स्थित तनिष्क के शोरूम में धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर शोरूम के कर्मचारियों को कब्जे में ले लिया और शो रूम से आभूषण लूटकर फरार हो गये। पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं। शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला और विशेष कार्य बल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। लूटकांड के खुलासे के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में तीन टीम बनायी गयी हैं। शहर के सभी निकासी के रास्तों को सील कर सघन जांच की जा रही है। इस घटना में सात अपराधी शामिल थे।

### शाह आयोग रिपोर्ट की प्रति सदन में रखें :धनखड़



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल की ज्यादतियों की जांच करने वाले शाह आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति सदन के पटल पर रखने के सरकार को निर्देश दिये हैं। सदन में शुक्रवार को शून्यकाल के दौरान शाह आयोग की रिपोर्ट नष्ट किये जाने का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी के दीपक प्रकाश ने उठाया और कहा कि वर्ष 1975 से 1977 के बीच कांग्रेस सरकार की ओर से लागू आपातकाल की ज्यादतियों की जांच करके आयोग ने एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की थी और उसे प्रकाशित किया गया था। उन्होंने कहा कि आयोग ने 48 हजार कागजात की जांच की और 1978 में 775 पृष्ठ की एक रिपोर्ट तैयार की थी। उन्होंने कहा कि बाद में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने इस रिपोर्ट को छिपा दिया और देश तथा विदेश में उपलब्ध प्रतियों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसकी एक प्रति आस्ट्रेलिया के एक पुस्तकालय में मौजूद है। उन्होंने मांग की कि शाह रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए, जिससे आम जनता आपातकाल की वास्तविकता को जान सके। धनखड़ ने कहा कि सरकार आपातकाल की ज्यादतियों की जांच करने वाले शाह आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति " सदस्यों के लाभ के लिए" सदन के पटल पर रखे।

### ओबामा ने किया कमला हैरिस का समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने देश के भावी राष्ट्रपति के चुनाव में सुश्री कमला हैरिस की दावेदारी का शुक्रवार को समर्थन किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स पर उन्होंने लिखा, 'इस सप्ताह की शुरुआत में, मिशेल और मैंने अपनी मित्र कमला हैरिस को फोन किया। हमने उनसे कहा कि हमें लगता है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति बनेंगी और उन्हें हमारा पूरा समर्थन है।' उन्होंने तीनों के बीच हुई बातचीत का वीडियो भी पोस्ट किया। उन्होंने कहा, 'हम नवंबर में उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।' उन्होंने जनता से इसमें शामिल होने का आग्रह किया। ओबामा, जिन्होंने 2008 में चुनाव जीतने के बाद आठ साल तक अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया, वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने की घोषणा के बाद सुश्री हैरिस की दावेदारी का समर्थन करने वाले प्रमुख डेमोक्रेट हैं।

### विदेश में फंसे भारतीयों के लिए फंड की कमी नहीं

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि विदेश जाने वाले भारतीयों को संकट के समय आसानी से वापस लाया जा सके, इसके लिए पर्याप्त फंड की व्यवस्था है और दस्तावेजों के कारण किसी को समस्या न हो इसके लिए पोर्टल भी बनाया गया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमारे जो लोग बाहर जाते हैं उनके डाटा गलत न हों और उन्हें संकट का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए एक पोर्टल तैयार किया गया है। पोर्टल में हेल्पलाइन है कि उन्हें कहां और कैसे मदद की जा सकती है। इसमें उन्हें सुझाव दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बाहर जाने पर लोगों को जो भी दिक्कत आती है, वह पोर्टल पर अपनी बात लिखकर उसके बारे में सुझाव ले सकते हैं। पोर्टल पर उन्हें जवाब दिया जाता है और वह किसी तरह से विदेश जाकर फंसे नहीं इसलिए उनके दस्तावेजों को लेकर उन्हें पूरी तरह से सतर्क किया जाता है।

### श्रीलंका में 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबो।** श्रीलंका के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि देश में राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होगा। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना के अनुसार चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की तारीख 15 अगस्त घोषित की है। चुनाव आयोग ने कहा कि देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति का कार्यकाल 17 नवंबर, 2024 को समाप्त हो रहा है और राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान मौजूदा राष्ट्रपति के कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम एक महीने और ज्यादा से ज्यादा दो महीने के बीच में ही किया जा सकता है। नवंबर 2019 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले गोटबाया राजपक्षे ने दक्षिण एशियाई देश में गंभीर आर्थिक संकट के बीच जुलाई 2022 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राजपक्षे के इस्तीफे के बाद संसद में हुए चुनाव में रानिल विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति चुना गया।

### पांच ईनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 19 लाख की ईनामी तीन महिला समेत पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले तीन नक्सलियों पर 5-5 लाख और दो अन्य पर 2-2 लाख रुपए का इनाम घोषित है। समर्पित नक्सलियों में पांच लाख के इनामी प्लाटून नंबर 30 के डिप्टी कमांडर कवासी दुला, पांच लाख के इनामी सेक्शन कमांडर व मेडिकल टीम कमांडर सोड़ी बुधरा, पांच लाख की इनामी सेक्शन ए कमांडर मड़कम गंगी, दो लाख की इनामी किस्टाराम एरिया कमेटी टेलर टीम की सदस्य व पूर्व डीवीसी माड़वी सावित्री का सुरक्षा गार्ड मड़कम आयते शामिल हैं।

### फिलीपींस में तूफान, बारिश से 33 मरे

**मनीला।** फिलीपींस में गेमी तूफान और भीषण बारिश के कारण आयी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। पुलिस ने बताया कि फिलीपींस की राजधानी मनीला में 11 लोगों की मौत हुई, कैलाबरज़ोन क्षेत्र में 12 और सेंट्रल लूज़ोन में 10 लोगों की मौत हुई, जिसमें एक तेल टैंकर का चालक दल भी शामिल है जो गुरुवार को बाटन प्रांत में डूब गया था। मौतों का कारण मुख्य रूप से डूबना, भूस्खलन, पेड़ गिरना और करंट लगना रहा है। फिलीपींस की राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने अभी तक दक्षिण-पश्चिम मानसून और गेमी के दोहरे प्रभाव के कारण होने वाली मौतों की रिपोर्ट नहीं दी है। फिलीपींस में इस वर्ष आया तीसरा तूफान गेमी गुरुवार सुबह देश से रवाना हो गया और देश भर के कस्बों तथा गांवों में तबाही के निशान छोड़ गया है। तूफान ने सैकड़ों हजारों ग्रामीणों को बाढ़ और भूस्खलन की संभावना वाले क्षेत्रों को छोड़ने के लिए मजबूर किया, पेड़ों और बिजली के खंभों को गिरा दिया और टिन की छतों को तोड़ दिया।

# भारतीय जवानों का लोहा पूरी दुनिया ने माना

## सीएम योगी कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर 'रजत जयंती समारोह' में हुए शामिल

### सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ सरकार हमेशा खड़ी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। छद्म रूप से पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करके भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेंट्रल कमांड, कैंट के सूर्या सभागार में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित 'रजत जयंती समारोह' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है।




उन्होंने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया के अंदर जब सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने यहां आकर हमारी शांति और हमारी सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है।

सीएम योगी ने कहा कि हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर उसके परिवार को आज 50 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टिट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को इसलिए ही आगे बढ़ा पा रहे हैं क्योंकि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

इस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की माता, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

कार्यक्रम से पहले सीएम योगी ने कारगिल स्मृति वाटिका में लगाई गई शाहिद मेजर रितेश शर्मा, कैप्टन मनोज पांडेय, कैप्टन मनोज मिश्र, लांस नायक केवड़ा नंद द्विवेदी और राइफलमैन सुनील जंग की प्रतिमाओं पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृतियों को नमन किया। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, पवन कुमार चौहान, इंजी.अवनीश कुमार सिंह, सोमेश त्रिवेदी, विधायक नीरज बोरा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

कैप्शन- कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह में शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

### संसद में कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को संसद में इस युद्ध में शहीद हुए देश के महान सपूतों के बलिदान को याद करते हुए मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के नेतृत्व में सदन ने कारगिल युद्ध में बहादुरी से लड़ने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी तथा उनके साहस और बलिदान को याद किया। बिड़ला ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों को बताया कि आज देश कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इस युद्ध में देश के 550 से ज्यादा सैनिक शहीद हुए और 1500 से ज्यादा घायल हुए थे। देश के इन महान सपूतों की बहादुरी से हमने यह युद्ध जीता था।

राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही शुरु होने पर सदस्यों से कारगिल युद्ध का उल्लेख किया और कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है और भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और वीरता को राष्ट्र याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर यह सदन सशस्त्र बलों के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को नमन करता है।

## हत्या व डकैती के मामले में 14 को आजीवन कारावास

**बदायूं।** जिले की एक अदालत ने हत्या और डकैती के 17 साल पुराने मामले में एक ही परिवार के नौ सदस्यों समेत 14 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना जरीफनगर क्षेत्र में हुई एक हत्या का बदला लेने के लिए वर्ष 2007 मे जरीफनगर के गांव खरखोल में पान सिंह के कत्ल के मामले में विशेष न्यायालय (डकैती) ने 14 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इनमें नौ आरोपी एक ही परिवार के हैं, जबकि शेष पांच भी आपस मे रिश्तेदार हैं। दो अभियुक्तों की निर्णय से पहले ही मौत हो चुकी है। इन सभी आरोपियों ने घर

» 17 साल पुराने मामले में अब आया फैसला

में लूटपाट के बाद पान सिंह को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला था। छह दोषियों पर 50-50 हजार रुपये और आठ पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। लोक अभियोजक राजेश बाबू शर्मा ने बताया कि थाना करीब नगर क्षेत्र के गांव खरखोल में 2007 में राधेश्याम नामक व्यक्ति की हत्या कर दी को गई थी। पान सिंह के पिता हरपाल सिंह ने रिपोर्ट लिखाई थी कि राधेश्याम की हत्या के आठ दिन बाद ही 15 फरवरी 2007 की सुबह आठ बजे राधेश्याम के परिजनों ने फरसा, लाठियां अन्य असलहों के साथ उनके घर पर हमला बोल दिया। सभी ने फायरिंग करते हुए घर में रखा सामान, जेवर, कपड़ा आदि सामान लूट लिया और पान सिंह को मारते हुए घर से खींच लिया और मंदिर के पास कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या व डकैती की धाराओं में दर्ज रिपोर्ट में हरपाल की ओर से 12 लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल करते समय चार नाम और उजागर किए और कुल 16 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई।

## 99 पर सांप काटेगा तो जीरो पर पहुंच जायेंगे

### ललन सिंह ने खूब लिए कांग्रेस के मजे, कहा- लूडो खतरनाक खेल

विश्ववार्ता ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** आम बजट पर लोकसभा में चर्चा के दौरान पांचवें दिन केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कांग्रेस पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि बीते तीन दिनों से बजट पर जो चर्चा हो रही है, उसमें विषय से हटकर सिर्फ मोदी जी की निंदा की जा रही है। विपक्ष की टोन बताती है कि उन्हें नरेंद्र मोदी का चेहरा ही पसंद नहीं आ रहा है, लेकिन आप क्या कर सकते हैं। देश की जनता ने उनके नाम पर वोट दिया है। यह पीएम मोदी की उपलब्धि है कि 60 साल के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी नेता को तीसरी बार सत्ता संभालने का मौका मिला है। हमारा एक परामर्श है कि सच्चाई को जितना जल्दी स्वीकार कर लें, उतना अच्छा है।

यही नहीं कांग्रेस के 99 सीटें लाने पर भी ललन सिंह ने तंज कसा है। जेडीयू सांसद ने कहा, 'अभी तो पहला साल है। 5 साल बाकी है। देखिए क्या होता है। अभी तो 99 पर हैं, 5 साल के बाद सांप फिर से काटेगा तो आप जीरो पर पहुंच जाएगा। ललन सिंह ने कहा कि जेडीयू और टीडीपी को 5 साल के लिए जनादेश मिला है।' उन्होंने कहा कि कई पार्टियों ने कहा कि दो राज्यों को खुश किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कैसी बात है कि सरकार बचाने वाला बजट था। भाई हम लोग तो आपको भी देख चुके हैं। आप लोग गिद्ध की तरह नोचते रहे। इसलिए हम लोग आपको नमस्ते करके चल दिए। राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि हमारा प्री-पोल अलायंस था और अगले 5 सालों के लिए हमें सरकार चलाने का मौका मिला है। हम लोग तो इनके साथ भी थे, वहां जाकर पता चला कि ये लोग गिद्ध की तरह नोचते हैं। हम लोगों ने इनके व्यवहार को देखा तो प्रणाम किया और इधर चले आए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन लोगों को सच्चाई पसंद नहीं है और इसलिए हंगामा कर रहे हैं।

ललन सिंह ने कहा कि हम इन्हें बता रहे हैं कि जितना जल्दी इस सच्चाई को पचा लेंगे, उतनी ही शांति मिलेगी। वरना पूरे पांच साल कष्ट में रहेंगे। लूडो का खेल बड़ा खतरनाक होता है। किसी तरह 99 तक पहुंचते हैं और जब सांप काटता है तो जीरो पर पहुंच जाते हैं। ललन सिंह ने कहा- जेडीयू और टीडीपी चुनाव से पहले भाजपा के साथ है। ये प्री-पोल अलायंस है। हमारा अलायंस फेविकोल से जुड़ा हुआ है। ये हमेशा बना रहेगा।

चर्चा के दौरान हिमाचल की मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने कहा- हमारी अर्थव्यवस्था 10 साल में तेजी से बढ़ी है। इस बार का बजट देश के लिए है।

# सभापति धनखड़ ने सुरजेवाला को हड़काया

## कार्रवाई की चेतावनी देते हुए दी कांग्रेस नेता को नसीहत

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के संबंध में गठित समिति की रिपोर्ट अभी नहीं आयी है और इस रिपोर्ट के आने के बाद इस दिशा में कदम उठाया जायेगा लेकिन सरकार कृषि को मुनाफे का व्यवसाय बनाने के लिए निरंतर कदम उठा रही है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध किया और एमएसपी के मामले में सरकार से सीधा जवाब देने की मांग की जिससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई तथा सदन की कार्यवाही में व्यवधान पहुंचा। चौहान ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि सरकार ने एमएसपी के मुद्दे पर एक समिति का गठन किया है जो इस मुद्दे पर विचार कर रही है और इस समिति की अब तक छह



बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आते ही सरकार इस पर आगे कदम उठायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार रिपोर्ट के नाम पर निष्क्रिय नहीं बनी हुई है और निरंतर किसान कल्याण के कार्यों में लगी है। एमएसपी की दरें लगातार बढ़ायी जा रही हैं। सरकार छह सूत्री नीति उत्पादन के ठीक दाम देना, उत्पादन बढाना, लागत कम करना, नुकसान की भरपाई करना, प्राकृतिक खेती को बढावा देने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि फसलों के दामों पर समय-समय पर वृद्धि की जा रही है। फसलों का मूल्य फसल पैदावार की लागत में 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर निर्धारित किया जाता है और उसे खरीदा भी जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार उर्वरक पर भी एक लाख 68 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने कहा कि सरकार टाल मटोल न करते हुए एमएसपी पर सीधा जवाब दे। विपक्षी सदस्य अपनी जगह से उठकर मंत्री का विरोध करने लगे। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसका कड़ा प्रतिवाद किया जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

सभापति जगदीप धनखड़ ने दोनों पक्षों से संयम बरतने तथा सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलने देने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस के सदस्य रणदीप सुरजेवाला को बार-बार आगाह किया कि यदि वे कार्यवाही में व्यवधान जारी रखेंगे तथा आसन की अवेहलना करेंगे तो उन्हें मजबूरन उनके खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ेगी।

### ट्रेन में अफरा तफरी, दो युवकों की मौत

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के बीना रेलवे जंक्शन से 10-15 किमी पहले करोंदा स्टेशन के समीप साप्ताहिक ट्रेन पुणे-गोरखपुर के जनरल कोच में आज सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलती ट्रेन में चाय का थर्मस लेकर चढ़े वेंडर से पूरी की पूरी चाय गेट पर सो रहे यात्रियों पर गिर गई, जिससे तीन यात्री गंभीर रूप से झुलस गए और ट्रेन से गिरे दो युवकों की मौत हो गई, वहीं दो यात्रियों का उपचार बीना में चल रहा है तो एक को सागर रेफर किया गया है। आज सुबह 6.30 बजे के करीब पुणे साप्ताहिक ट्रेन में यह हादसा हुआ। गेट पर सो रहे विश्वनाथ (27) निवासी गोंडा, मनीष (25) निवासी महाराजगंज पुणे, दीपक (32) निवासी गोरखपुर बुरी तरह से झुलस गए. तो वहीं दो अन्य यात्री भी चाय की चपेट में आ गए और गेट पर बैठे दो युवक नीचे गिर गए।

# डिप्टी सीएम दिल्ली के वाई-फाई का पासवर्ड

## यूपी सरकार ऐसे नहीं चल पायेगी : अखिलेश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को यूपी सरकार में चल रही खींचतान पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने डिप्टी सीएम केशव मौर्य के लिए कहा- मौर्या जी मोहरा बन गए हैं। दिल्ली के लोगों का वाई-फाई पासवर्ड हैं। बताइए क्या सरकार ऐसे चलेगी?...यूपी ऐसे नहीं चलेगी। उन्होंने यूपी के लोगों को धोखा दिया है। उन्होंने इशारों में कहा कि लखनऊ और दिल्ली के बीच लड़ाई चल रही है। उन्होंने कहा कि सपा कार्यालय में संविधान मान स्तम्भ स्थापित किया गया है और सपा के सभी कार्यालयों में यह स्थापित किया जाएगा। समाजवादी पार्टी ही संविधान को मानने वाली पार्टी है और उसके आदर्शों को लेकर आगे बढ़ रही है। पीडीए को न्याय दिला रही है और हम लगातार संघर्ष करने का काम करते रहेंगे।



लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश ने कहा कि भाजपा हम पर जातिवाद का आरोप लगाती है। उसे खुद अपना देखना चाहिए। योगी जी क्या हैं? मुख्य सचिव क्या हैं? एसीएस होम क्या हैं? जिलों में बड़े-बड़े अफसर कौन हैं? यूपी पुलिस पर अखिलेश ने कहा- पुलिस ही डाकू बन गई है। बलिया में रोज 15 लाख वसूल रही है। एनकाउंटर का रेट तय करती है। लखनऊ में हत्या हुई, उसमें बीजेपी के लोग शामिल हैं। कानपुर दंगा हुआ था। इसके बाद मुस्लिम लोगों को डराया गया। उनसे वसूली की गई।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा वाले बेवजह फड़फड़ा रहे हैं, जिन्होंने सब कुछ बिगाड़ा है, वो क्या ठीक करेंगे। सपा ने सांप्रदायिक राजनीति का अंत किया। मदरसों में सरकार को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सरकार दावा करती थी कि जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। खासकर करप्शन और लॉ एंड ऑर्डर पर, लेकिन अब उनके ही नेता कह रहे हैं कि अपने राजनीति जीवन काल में हमने ऐसा भ्रष्टाचार नहीं देखा है। जो इस सरकार में चल रहा है। मुख्यमंत्री खुद स्वीकार करते हैं कि कई विभागों में बड़े पैमाने पर दलाली चल रही है।

सपा मुखिया ने कहा कि यूपी के हर कोने में भ्रष्टाचार चल रहा है। अब पुलिस ही पुलिस को पकड़ रही है। प्रधान सांसद जी (पीएम मोदी) के क्षेत्र में पता करिए क्या चल रहा है। पुलिस ही वसूली कर रही थी। एनकाउंटर का डर दिखाते हैं, लेकिन हमने सोशल मीडिया पर कई वीडियो देखें हैं, जहां पर पुलिस रेट तय कर रही थी कि टांग पर गोली मारी जाए, तो कितना पैसा देना पड़ेगा। हमने यह भी देखा है कि जब बंदूक नहीं चली, तो पुलिस ने एनकाउंटर के लिए मुंह से ही ठांय-ठांय कह दिया। मुझे याद है कि नोएडा का पहला फेक एनकाउंटर हुआ था। एक इंस्पेक्टर जिम से लौट रहा था। उस पर गोली चलाई गई थी। वो आज दिव्यांग है, वह चल नहीं सकता है। उस वक्त हमने सवाल उठाया था।

### राज्यपालों के अधिकार पर निजी विधेयक का प्रस्ताव खारिज

राज्यपालों के अधिकार और शक्तियों के बारे में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सदस्य डॉ. जॉन ब्रिटास के एक गैर सरकारी विधेयक पर शुक्रवार को राज्यसभा में मत विभाजन की नौबत आ गयी और इसे प्रस्तुत किए जाने के प्रस्ताव को बहुमत से खारिज कर दिया गया। डॉ. ब्रिटास ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि कई बार देखने में आया है कि राज्यपाल अपनी मर्जी चलाना चाहते हैं। उन्होंने इस विधेयक में संविधान में इस आशय के संशोधन किए जाने की मांग की थी कि राज्यपाल राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह से काम करें ताकि संविधान की भावना का आदर हो। उपसभापति हरिवंश ने विधेयक को चर्चा और पारित करने की अनुमति के प्रस्ताव को जब ध्वनिमत से स्वीकार किए जाने के लिए सदन के सामने प्रस्तुत किया तो सदन में उपस्थित सत्ता पक्ष के सदस्यों ने उसके विरोध में 'नहीं कहा और विपक्षी सदस्यों ने 'हां कह कर उसका समर्थन किया।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का देहांत



**भोपाल/दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष प्रभात झा का आज तड़के दिल्ली में एक अस्पताल में उपचार के दौरान देहांत हो गया। पूर्व राज्यसभा सांसद झा कुछ समय से अस्पताल में भर्ती थे। कल उनके जन्म स्थान बिहार के सीतामढ़ी जिले स्थित पुश्तैनी गांव कोरियाही में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।प्रभात झा के के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव समेत अनेक नेताओं शोक व्यक्त किया है।

**सतर्कता** जम्मू में घुसपैठ कर चुके हैं 50 से 60 आतंकवादी, सुरक्षा के लिए उठाये जा रहे कई कदम

# पठानकोट में दिखे आतंकी, जम्मू में हाई अलर्ट, आर्मी स्कूल किए गए बंद

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास में गुरुवार देर रात सिक्योरिटी फोर्सेस को एक ड्रोन दिखा। सुरक्षा बलों ने इस पर फायरिंग की। फोर्सेस ने नोटिस किया कि दुश्मन के ड्रोन का मूवमेंट नियंत्रण रेखा से सटे सैर (भवानी सेक्टर) में था। ड्रोन पर फायरिंग के बाद भी वह दुश्मन (पाकिस्तान) की तरफ नहीं लौटा। शुक्रवार को सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों को एक पिस्टल, दो लोडेड मैगजीन और पिस्टल की 37 गोलियां मिलीं।

इस बीच जम्मू इलाके में सेना हाई अलर्ट पर है और यहां पूरी तरह से चौकसी बरती जा रही है। दरअसल पंजाब के पठानकोट जिले में कुछ संदिग्ध देखे गए हैं। एक महिला की ओर से सेना को यह सूचना दी गई जिसे गंभीरता से लेते हुए



जम्मू में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। एहतियात के तौर पर जम्मू में आर्मी स्कूल शनिवार तक बंद कर दिए गए हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिहाज से कई सारे कदम उठाए जा रहे हैं। सेना और रक्षा प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। इसके अलावा, पंजाब पुलिस ने एक संदिग्ध का स्केच भी जारी किया है जिसके बारे में किसी भी तरह की सूचना मांगी गई है।

इस तरह जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ के प्रयास जारी हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा बल भूमिगत और सीमा पार सुरंगों का पता लगाने में जुटे हैं। इसके लिए सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अभियान शुरू किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विशेष उपकरणों से लैस बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षाकर्मी इस काम में लगे हैं। इसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों की बारीकी से जांच की जा रही है। साथ ही, घनी झाड़ियों और जंगली इलाकों पर अधिक फोकस किया जा रहा है।

अभियान में शामिल पुलिस अधिकारी ने बताया, 'सीमा पार किसी भी सुरंग की मौजूदगी का पता लगाने के लिए व्यापक सुरंग-रोधी कवायद शुरू की गई है।' उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान में ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। संभावित आतंकवादी घुसपैठ से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के जवाब में यह अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है।' उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल सुरंगों की आशंका को खत्म करने के लिए घने झाड़ीदार इलाकों को साफ कर रहे हैं। पुलिस ने हाल में कहा था कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ कर चुके हैं। इस क्षेत्र में आतंकवादी हमलों में शामिल रहे हैं। रिपोर्ट से यह भी संकेत मिलता है कि पिछले कुछ महीनों में 50 से 60 विदेशी आतंकवादी अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के रास्ते जम्मू में घुसपैठ कर चुके हैं।

### शोर-शराबे से राज्यसभा की कार्यवाही एक घंटे रुकी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को पिछड़े वर्गों को आरक्षण से संबंधित एक निजी विधेयक पर भारी शोरगुल के कारण सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिये स्थगित करनी पड़ी।

समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान के निजी विधेयक संविधान संशोधन विधेयक 2022 (अनुच्छेद 16 ) पर सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस के नीरज डांगी अपना वक्तव्य दे रहे थे। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने लगे और सदन में शोर शराबा होने लगा। पीठासीन अधिकारी एस फान्गनान कोनयाक ने शोर शराबा कर रहे सदस्यों से शांत होने की अपील की। हालांकि इसका कोई असर नहीं हुआ। श्रीमती कोनयाक की कई अपील के बाद भी सदन में सदस्य शोर शराबा करते रहे तो उन्होंने कार्यवाही तीन बजे एक घंटे के लिये स्थगित करने की घोषणा कर दी।